हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 29 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 229 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00



Page 11

खेल




## इंडिया वर्सेस श्रीलंका : भारत की 43 रन जीत के बाद सूर्यकुमार ने कहा ...


Page 10

देश




## मानसून सत्र से पहले मायावती बोली, विधानसभा में भी कहीं न दिखे भाजपा की अंदरूनी कलह

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 63,250 | ₹84,500 |



## आज का इतिहास

- 1876 : भारत में विज्ञान संगठन की स्थापना की गई।
- 1941 : द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के घटक जापान ने चीन और भारत पर अधिकार करने के लिए अपने सैनिक इस क्षेत्र के दक्षिणी तट पर उतारे।

## न्यूज बाइट्स

### भाकर ने परिस में रचा इतिहास, राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली (ए.)।** पेरिस ओलंपिक में मेडल जीतने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। भारत के राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करने वाली मनु भाकर को हार्दिक बधाई। वह निशानेबाजी प्रतियोगिता में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। भारत को मनु भाकर पर गर्व है। उनकी उपलब्धि कई खिलाड़ियों, विशेषकर महिलाओं को प्रेरित करेगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, एक ऐतिहासिक पदक पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए पहला पदक जीतने पर मनु भाकर को बधाई। कांस्य पदक के लिए बधाई। यह सफलता और भी खास है क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। एक अविश्वसनीय उपलब्धि।

### दुनिया में कहीं भी 6 दिन में राखी पहुंचा देगा डाक विभाग

**पटना (नि.सं.)।** पटना। दुनिया के किसी भी हिस्से में भाई को छह दिनों में बहन की राखी मिल जाएगी। वहीं देश में पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर अन्य जगहों पर तीन दिनों में कलाई पर सजने वाला रक्षासूत्र, चंदन और अक्षत डाक विभाग पहुंचाएगा। रक्षाबंधन को लेकर भारतीय डाक विभाग ने तैयारी कर ली है। पूर्वोत्तर राज्यों में चार से पांच तो देश के अन्य किसी भी हिस्से में तीन दिनों में राखियां पहुंचा दी जाएंगी। डाक विभाग ने बिहार के पांच जिलों के मुख्य डाकघर में 20-20 रंगीन बाक्स लगाने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की हैंडलूम उद्योग की तारीफ, कहा

# देशवासियों के सहयोग से खादी का कारोबार डेढ़ लाख करोड़ रुपये पहुंचा : प्रधानमंत्री

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से खादी और हथकरघा उत्पादों को खरीदने की अपील करते हुए कहा है कि देशवासियों के सहयोग से खादी का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। श्री मोदी ने हरियाणा के रोहतक जिले में उन्नति स्व सहायता समूह की जुड़ी महिलाओं के हथकरघा उत्पादों की विशेष रूप से सराहना करते हुए लोगों से इन्हें खरीदने तथा इनको बढ़ावा देने को कहा है।



प्रधानमंत्री ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि मुझे ये बताते हुए आनंद आ रहा है कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपए के पार पहुँच गया है। सोचिए, डेढ़ लाख करोड़ रुपए और जानते हैं खादी की बिक्री कितनी बढ़ी है? 400 परसेंट। उन्होंने कहा कि इससे देश में बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी बात यह है कि इस उद्योग से सबसे ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं, इसलिए सबसे ज्यादा फायदा भी उन्हीं को होगा।

रोहतक में हथकरघा उद्योग से जुड़ी महिलाओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी मेहनत से इन ढाई सौ महिलाओं ने अपने जीवन में समृद्धि के रंग भर दिए हैं। हथकरघा उद्योग से जुड़ी ये महिलाएं पहले छोटी-छोटी दुकानें और छोटे-मोटे काम कर गुज़ारा करती थी। बाद में ये उन्नति स्व सहायता समूह से जुड़ गयी और ब्लॉक प्रिंटिंग तथा रंगाई का काम करने लगी। उन्होंने कहा, "कपड़ों पर रंगों का जादू बिखेरने वाली ये महिलाएं आज लाखों रुपए कमा रही हैं। इनके बनाए बेड कवर साड़ियाँ और दुपट्टों की बाजार में भारी मांग है।

उन्होंने कहा कि रोहतक की इन महिलाओं की तरह देश के अलग-अलग हिस्सों में कारीगर, हथकरघा को लोकप्रिय बनाने में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि चाहे ओडिशा की 'संबलपुरी साड़ी' हो, चाहे मध्य प्रदेश की 'माहेश्वरी साड़ी' हो, महाराष्ट्र की 'पैठणी' या विदर्भ के 'हैंड ब्लाक प्रिंट' हों, चाहे हिमाचल के 'भूट्टिको' के शॉल और ऊनी कपड़े हों, या फिर, जम्मू-कश्मीर के 'कनि' शॉल हों। देश के कोने-कोने में हथकरघा कारीगरों का काम छाया हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन बाद सात अगस्त को हम 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' मनाएंगे। इन उत्पादों की लोकप्रियता को देखते हुए कई निजी कंपनियां तथा स्टार्टअप भी आर्टिफिसियल इंटेंलिजेंस के माध्यम से इन्हें बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा, "यह अच्छी बात है कि बहुत से लोग अपने यहाँ के ऐसे स्थानीय उत्पादों को लोकप्रिय बनाने में जुटे हैं। आप भी अपने 'हैशटैग माई प्रॉडक्ट माई प्राइड' के नाम से सोशल मीडिया पर अपने उत्पाद अपलोड करें। आपका ये छोटा सा प्रयास, अनेकों लोगों की जिंदगी बदल देगा।

श्री मोदी ने लोगों से खादी और हथकरघा उत्पाद खरीदने की अपील करते हुए कहा कि मेरा तो आपसे फिर एक आग्रह है, आपके पास भांति-भांति के वस्त्र होंगे, और आपने, अब तक खादी के वस्त्र नहीं खरीदे, तो, इस साल से शुरू कर लें। अगस्त का महीना आ ही गया है, ये आजादी मिलने का महीना है, क्रांति का महीना है। इससे बढ़िया अवसर और क्या होगा-खादी खरीदने के लिए। श्री मोदी ने लोगों से खादी और हथकरघा उत्पाद खरीदने की अपील करते हुए कहा कि मेरा तो आपसे फिर एक आग्रह है, आपके पास भांति-भांति के वस्त्र होंगे, और आपने, अब तक खादी के वस्त्र नहीं खरीदे, तो, इस साल से शुरू कर लें। अगस्त का महीना आ ही गया है, ये आजादी मिलने का महीना है, क्रांति का महीना है। इससे बढ़िया अवसर और क्या होगा-खादी खरीदने के लिए।

# बिहार में पांव पसार रहा डेंगू, मिले 19 नए मरीज

## डेंगू और चिकनगुनिया से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की व्यापक तैयारी : स्वास्थ्य मंत्री

- सभी जिलों में एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित और प्रभावित जगहों को चिन्हित कर बीमारी के कारणों का पता लगाने का आदेश।
- डेंगू जांच किट, ब्लड प्लेटलेट्स, और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।



निज संवाददाता | पटना

बिहार में बढ़ते डेंगू के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य में लोगों को सुरक्षित रखने के लिये स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। डेंगू और चिकनगुनिया का प्रसार बढ़ने से पूर्व ही स्वास्थ्य विभाग ने मुकम्मल तैयारी कर ली है। इसके तहत राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालय, सदर अस्पताल के साथ - साथ प्रखंड स्तर के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डेडिकेटेड बेड की व्यवस्था की जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों पर डेंगू जांच किट, ब्लड प्लेटलेटस और दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों में 2, जिला अस्पताल में 10 और राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में 20 मच्छरदानी युक्त डेडिकेटेड बेड की व्यवस्था की गई है। जरूरत के मुताबिक सभी सरकारी संस्थानों में डेडिकेटेड बेड की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी जिलों में एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। आपको बता दें राज्य में डेंगू के 19 नए मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग को 26 जुलाई की मिली रिपोर्ट के अनुसार पटना में सबसे अधिक 9 मरीज मिले हैं। भागलपुर में एक, कटिहार में एक, सहरसा में एक, समस्तीपुर में एक, सारण में तीन और पश्चिम चंपारण में दो नए डेंगू के मरीज मिले हैं।

जनवरी से अब तक राज्य में डेंगू संक्रमितों की संख्या बढ़कर 262 हो गयी है। पटना में डेंगू के नौ मामले शनिवार को मिले। जिला संक्रमाक रो नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने बताया कि सभी प्रभावित इलाके में फॉगिंग और लार्वासाइड का छिड़काव करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

## किशोरियों को एचपीवी का टीका लगने से सर्वाइकल कैंसर से होगा बचाव

**पटना(नि.सं.)।** 9 से 15 साल उम्र की किशोरियों को एचपीवी टीका का दो डोज छह महीने के अंतराल पर देने से आजीवन सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सकता है। स्त्री रोग विशेषज्ञों को इसके प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूता फैलाना चाहिए। ये बातें पटना ऑब्स एंड गायनी सोसाइटी (पॉग्स) द्वारा किशोरी स्वास्थ्य पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन फोग्सी की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. निरजा भाटला ने कही। अन्य राष्ट्रीय संकायों, जैसे डॉ. शोभा गुडी, डॉ. प्रताप कुमार, डॉ. बसव मुखर्जी, डॉ. सम्पत कुमारी, डॉ. सुभाष माल्या, डॉ. गिरीश माने, डॉ. सुप्रिया अरवारी, डॉ. स्नेहा, डॉ. चारुलता और डॉ. सुमन लाल ने किशोरी स्वास्थ्य के विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। दूसरे दिन बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

पूरे प्रदेश में लागू करने का फैसला

# स्कूल के समय नहीं चलेंगे बड़े वाहन

- विभाग ने सभी डीएम और एसपी को आवश्यक दिशा-निर्देश भेजा

निज संवाददाता | पटना

विद्यालय के समय सड़कों पर बड़े मालवाहकों का परिचालन बंद रहेगा। परिवहन विभाग ने इसे पूरे प्रदेश में लागू करने का फैसला किया है। परिवहन विभाग ने सभी डीएम, एसपी को आवश्यक दिशा-निर्देश भेज दिया है। इसमें कहा गया है कि स्कूल टाइमिंग के दौरान माल ढुलाई करने वाले वैन, ट्रैक्टर, ट्रक सहित अन्य माल वाहक वाहनों के परिचालन पर रोक लगाया जाएगा।

सुबह के समय विद्यालय जाने के लिए बड़ी संख्या में बस, वैन आदि सड़कों पर चलते हैं। इसी अवधि में बड़े वाहनों, माल वाहकों, ट्रैक्टर-ट्रकों के परिचालन से परेशानी होती है। उस वक्त सबसे अधिक ट्रैक्टर से दुर्घटनाएं होती हैं। इसमें बालू, गिट्टी और सरिया लदा रहता है। जो बिना यातायात नियम का पालन किये तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते रहते हैं। इससे जाम की समस्या भी पैदा हो जाती है। ऐसे में कभी-कभी बच्चे समय पर स्कूल भी नहीं पहुंच पाते हैं। पिछले दिनों विभागीय समीक्षा में पाया गया है कि सुबह में माल ढुलाई करने वाले वाहनों के परिचालन से स्कूली बच्चों को दिक्कत हो रही है। हाल के दिनों में पटना में सबसे अधिक परेशानी दीघा से लेकर नासरीगंज, दानापुर से लेकर सगुना मोड़ और बाइपास के किनारे वाले इलाकों में होती है। बाइपास से सटे में अधिसंख्य स्कूल होने के बावजूद माल ढुलाई वाहन की रफ्तार कम नहीं होती है। यही हाल पूरे प्रदेश में है। कमोवेश सभी जिलों में सुबह के समय बड़े वाहनों के सड़क पर होने से स्कूली बसों के परिचालन में दिक्कतें आ रही हैं। लिहाजा, उन्हें प्रतिबंधित करने की योजना है।

# मनोज मित्तल ने संभाला सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार

- श्री मित्तल को वित्त क्षेत्र में 33 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है।
- सिडबी लघु उद्योग क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में प्रमुख वित्तीय संस्था है।

एजेंसी | नयी दिल्ली

श्री मनोज मित्तल ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार संभाला है। यह जानकारी सिडबी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। केंद्र सरकार ने इससे पहले श्री मित्तल को सिडबी के सीएमडी पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया था। श्री मित्तल को वित्त क्षेत्र में 33 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। इस अवधि में उन्हें भारतीय औद्योगिक



वित्त निगम (आईएफसीआई) में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य अधिशासी अधिकारी तथा सिडबी में उप प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य करने का भी अनुभव है। सिडबी की स्थापना 02 अप्रैल 1990 में की गयी थी। इसका मुख्यालय लखनऊ में है और इसके कार्यालय देश में विभिन्न जगहों पर स्थापित किए गए हैं। यह लघु उद्योग क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास तथा इसी तरह की गतिविधियों में लगी अन्य संस्थाओं के कार्यों में समन्वयन के लिए प्रमुख वित्तीय संस्था है।

## संतोष गंगवार झारखंड के नए राज्यपाल



**रांची (नि.सं.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने झारखंड और छत्तीसगढ़ समेत आधा दर्जन राज्यों में नया राज्यपाल को नियुक्त किया है। बरेली के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार को झारखंड का नया राज्यपाल बनाया गया है। वहीं झारखंड के वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का गवर्नर बनाया गया है। संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल होंगे। 8 बार सांसद रह चुके गंगवार भाजपा में लंबे समय तक सक्रिय रहे। सीपी राधाकृष्णन ने 18 फरवरी 2023 को झारखंड के राज्यपाल का पदभार संभाला था। करीब 17 महीने बाद झारखंड को फिर से नया राज्यपाल मिल गया है।

# आईएएस कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के राउ आईएएस कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत से छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। मौत से गुस्साए छात्रों ने करोल बाग मेट्रो स्टेशन के नीचे की सड़क को जाम कर दिया है। छात्रों ने सड़क पर बैठकर पूरी ट्रैफिक को रोक दिया। सभी छात्र न्याय की मांग कर रहे हैं। बता दें, शनिवार शाम को बारिश से ओल्ड राजेंद्र नगर के राउ आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर गया था, जिससे तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया, जिसके बाद तीन छात्रों के शव और एक दर्जन से ज्यादा अन्य छात्रों को रेस्क्यू किया गया। छात्रों के आंदोलन को देखते हुए दिल्ली के करोल बाग मेट्रो स्टेशन पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। भारी बारिश के बाद शनिवार को कोचिंग सेंटर 'राव आईएएस स्टडी सर्किल' की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई। वहीं, स्थानीय लोगों ने पुलिस से कहा है कि इस इलाके में कई और कोचिंग सेंटर भी हैं, जिनका संचालन बेसमेंट से किया जा रहा है। दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने भवन उपनियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और यह पता लगाने के निर्देश जारी किए हैं कि क्या इस घटना के लिए कोई एमसीडी अधिकारी जिम्मेदार है।

# 46 साल बाद बदलेगा बिहार पुलिस मैन्युअल

- नये कानून से जुड़े प्रावधान होंगे शामिल

निज संवाददाता | पटना

राज्य के पुलिस महकमे का मैन्युअल संशोधित होने जा रहा है। इसे बिहार पुलिस हस्तक, 1978 भी कहा जाता रहा है। 46 साल बाद इस मैन्युअल को संशोधित करने की कवायद शुरू कर दी गई है। इससे पहले 1978 में इसे संशोधित करके प्रकाशित किया गया था। इतने लंबे समय में कानून के क्षेत्र में जितने भी बदलाव हुए हैं, नए कानून से जुड़े प्रावधान और पुलिस महकमे में अब तक लिए गए सभी महत्वपूर्ण निर्णयों को नये पुलिस मैन्युअल में समाहित करने की तैयारी है।

इन सभी नए बदलावों के अलावा पुलिस से जुड़े सभी आद्यतन निर्देशों को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। नये मैन्युअल को तैयार करने के लिए गृह विभाग में हाल ही प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई थी। इसमें इसे अंतिम रूप देने के लिए पुलिस के साथ गृह महकमे के भी पदाधिकारियों को योगदान करने के लिए कहा गया है। गृह और पुलिस महकमा इसे अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। बिहार में आजादी के पहले का ही मैन्युअल चला आ रहा था जिसे 1978 में संशोधित कर प्रकाशित किया गया। वक्त-वक्त पर पुलिस नियमावली में संशोधन होता रहा है। पिछले मई माह में भी नियमावली में संशोधन किया गया था और राज्य में सिटी और ग्रामीण एसपी के अधिकार बढ़ाए गए थे। इस संशोधन के बाद सिटी और ग्रामीण एसपी दोनों को ही सब इंस्पेक्टर रैंक के थानेदार या अधिकारी को निलंबित करने का अधिकार मिला था। कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने और अधिकारियों की कार्यशैली में सुधार के लिए पुलिस की नियमावली में समय समय पर बदलाव किया गया है।






बिहार के छात्रों की पहली पसंद है इम्पैक्ट कॉलेज

# इम्पैक्ट कॉलेज है बिहार के स्टूटेंट्स की पहली पंसद

- विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव को मजबूत कर रहा इम्पैक्ट ग्रुप ऑफ कॉलेज। इस शैक्षणिक वर्ष में अब तक 150 से अधिक छात्रों का हो चुका प्लेसमेंट

निज संवाददाता | पटना




गौरीचक में 4 एकड़ में फैला इम्पैक्ट का हरियाली युक्त मुख्य कैम्पस

शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में बिहार को देश के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने का समाजसेवी बीडी सिंह का संकल्प, उनकी सोच और कड़ी मेहनत का परिणाम है। इम्पैक्ट ग्रुप ऑफ कॉलेजेज जिसके तहत इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड प्लानिंग एंड एडवांस्ड कंप्यूटर ट्रेनिंग (इम्पैक्ट) और एवं इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ लॉ संचालित किया जा रहा है। बिहार के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए संघर्ष करते देखकर, बीडी सिंह ने छात्रों के उलझनों और कठिनाईयों के निवारण करने का निश्चय लिया। श्री सिंह के सपनों को पूरा करने के लिए मनीष कुमार हाई प्रोफाइल जॉब त्याग कर बिहार लौट आये। चेयरमैन बीडी सिंह और सचिव मनीष कुमार ने जनवरी 2014 में ''अनसुइया एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट'' की स्थापना की, उद्देश्य था शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए रोगजार मुहैया कराने के साथ-साथ विद्यार्थियों को उद्यमी भी बनाना है ताकि वे समाज में अपनी बहुमूल्य सहभागिता दे सकें। श्री सिंह के लक्ष्यों को पूरा करने के उद्देश्य से आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान इम्पैक्ट कॉलेज जुलाई 04, 2014 को अस्तित्व में आया।

इम्पैक्ट तीन वर्षीय अंडरग्रेजुएट बीबीए (प्रबंधन) बीसीए (कंप्यूटर) बी. कॉम (वाणिज्य) और बीए (जेएमसी) और दो वर्षीय पोस्टग्रेजुएट एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रम की शिक्षा के लिए बिहार के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों में भी अपनी पहचान बना कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव को मजबूत कर रहा है।

इम्पैक्ट कॉलेज को बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम सत्र 2024-25 के संचालन के लिए एआइसीटीई ने मान्यता दे दी है। इसके साथ-साथ्न इम्पैक्ट कॉलेज को पोस्टग्रेजुएट एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रम के लिए भी एआईसीटीई द्वारा सत्र 2024-25 के लिए मान्यता प्राप्त हो चुका है। इम्पैक्ट ग्रुप ऑफ कॉलेजेज विद्यार्थियों के चौतरफा विकास के लिए समर्पित है और उनके हित में फैसला लेता है। विश्वविद्यालय से निर्धारित सीट्स की संख्या जल्द भर जाने के कारण बहुत विद्यार्थी इम्पैक्ट कॉलेज में शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए इम्पैक्ट के निदेशक मनीष कुमार ने आवश्यक कदम उठाये। फिलहालत कुल सीटों की संख्या 840 है जो इस प्रकार है-बीबीए-300 सीटें, बीसीए-300 सीटें, बी. कॉम-60 सीटें और बीए (जेएमसी)-60 सीटें और एमसीए 60 सीटें। नामांकन ककी प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन होने से बिहार एवं पड़ोसी राज्यों के छात्र-छात्राएं इम्पैक्ट कॉम्लेज में आसानी से दाखिला ले रहे हैं। विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय की परीक्षाकाओं में टॉपर होना और उन्हें गोल्ड मैडल से नवाजा जाना इपैक्ट कॉलेज के उत्कृष्ट शिक्षा और बेहतरीन शैक्षणिक माहौल का प्रमाण है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिक्शा चालक की सड़क किनारे हार्ट अटैक से मौत

**भागलपुर**। घंटाघर के पास स्थित हनुमान मंदिर के पास एक अधेड़ रिक्शा चालक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह मंदिर के पास सड़क किनारे लेटा था। तभी मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर की है। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने के बाद जोगसर थाने की पुलिस पहुंची। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बाद में मृतक के परिजनों को जानकारी मिली तो वह लोग जोगसर थाने पहुंचे। मृतक शशि मंडल नाथनगर के माधोपुर निवासी हरिलाल मंडल का बेटा था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा कोई नहीं है। पत्नी भी स्थायी तौर पर कोलकाता में रहती है। मृतक के इलाके के रहने वाले वार्ड पार्षद दिलीप राकेश ने बताया कि किसी गांव वाले को शशि मंडल की मौत होने की जानकारी मिली। उसी ने हमलोगों को बताया। जिसके बाद शशि के चचेरे भाई अनिल मंडल के साथ हमलोग पहुंचे। शशि बाजार में ही रिक्शा चलाता था। वह घर भी नहीं आता था।

### दुष्कर्म करने का एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

**भागलपुर**। 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को लापता कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को तिलकामांझी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी संजीत मंडल हवाई अड्डा का रहने वाला है। शनिवार की सुबह उसे गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया। नाबालिग पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ तिलकामांझी थाने में नामजद केस दर्ज कराया था। नाबालिग को लेकर आरोपी बीते 24 जुलाई को लापता हो गया था। दो दिन तक उसे अपने साथ रखा। नाबालिग के पिता ने बताया कि बच्ची को हम लोगों ने घोघा से बरामद कर 26 जुलाई को लाया। दो दिन तक आरोपी मेरी बेटी को अपने एक रिश्तेदार के यहां छुपा कर रखा था। बच्ची ने किसी तरह छुपा कर हमें बताया।

### डॉ. कलाम के सिद्धांत को मानेगा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

**भागलपुर**। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से शनिवार को हबीबपुर स्थित शहनाज विवाह भवन में भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि पर बच्चों को कॉपी- कलम का वितरण किया गया। इस अवसर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कमरुज़्मा अंसारी ने कहा कि डॉ. कलाम के सिद्धांतों को पीएम मोदी ने भी अपनाया है। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मो. शहाबुद्दीन उर्फ़ मीनू ने कहा कि डॉ. कलाम के जीवन पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि कलाम केंद्र में भाजपा सरकार के समय में देश के राष्ट्रपति बनाए गए थे। जिला कार्यक्रम प्रभारी मो. शहंशाह ने कहा कि भाजपा उनके देश के लिए दिए गए योगदान के बारे में लोगों को बताएगी। उन्होंने कहा कि अब्दुल कलाम न केवल भारत , बल्कि विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी पुण्यतिथि पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उन्हें याद कर रहा है और उनके द्वारा दिये संदेश को जनता तक पहुंचाएगा। इस दौरान मो. ताहिर, नवी हसन, मो. सत्तार,मो. सानू, मो. मदिन, बादल कुमार, मो. शहवान, मो. असफाक आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### डिजिटल कार्य करने में सक्षम हुई आशा

**टेटिया बंबर**। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंसार अहमद की अध्यक्षता में आशा कर्मियों को भाव्या एप को लेकर प्रशिक्षण आयोजित की गई। जिसमें 79 आशा कर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जानकारी देते हुए प्रशिक्षक प्रवीण कुमार एवं रंजीत कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र की आशा अब डिजिटल कार्य के साथ स्मार्टफोन भी चलाएगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधित सभी जानकारी को स्मार्टफोन के जरिए उपलब्ध कराएगी।

### कॉमर्स का रिजल्ट गया किया जारी

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-चार, सत्र 2022-24 के कॉमर्स का रिजल्ट शनिवार को जारी किया गया। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि आरडी एंड डीजे कॉलेज कॉमर्स में कुल 47 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 43 परीक्षार्थी पास, 1 फेल तथा तीन परीक्षार्थियों का रिजल्ट लंबित है। विवि पीजी विभाग के कॉमर्स में कुल 27 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए। एसकेआर कॉलेज बरबीघा के कॉमर्स में कुल 19 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 18 पास एवं 1 फेल हुए। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं अपना रिजल्ट स्टूडेंट पोर्टल एवं संबंधित कॉलेज या विभाग में देख सकेंगे।

### सदर में भर्ती लड़की को डेंगू, एलाइजा है पॉजिटिव

**मुंगेर**। डेंगू के डंक ने लोगों को डराना शुरू कर दिया है। मुंगेर सदर अस्पताल में इलाजरत खगड़िया के सोनडीहा महद्दीपुर निवासी शंभू यादव की 18 वर्षीय पुत्री कोमल कुमारी की एलाइजा जांच रिर्पोट शनिवार को आयी। वह डेंगू पॉजिटिव है। मरीज को डेंगू स्पेशल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। कोमल कुमारी का इलाज मुंगेर शहर के एक निजी चिकित्सक के द्वारा किया जा रहा था। बाद में परिजन सदर अस्पताल लाए। सदर अस्पताल में डेंगू का पहला कंफर्म मामला है। इससे पहले एक युवक भी भर्ती हुआ था, लेकिन उसकी इलाइजा जांच नहीं हो पायी थी। वह खुद अस्पताल से चला गया था।

### महिला का सिर मुंडवाकर गांव घुमाने के दोषी पूर्व सरपंच पति सहित 15 को जेल



**भागलपुर**। एडीजे 14 के कोर्ट ने सात साल पहले एक महिला को उसके कथित प्रेमी के साथ देखने के बाद महिला का सिर मुंडवाकर और चप्पल की माला पहनाकर गांव में घुमाने के मामले में पूर्व सरपंच पति सहित 15 दोषियों को शनिवार को सजा सुनाई। घटना गोराडीह के वादे डहरपुर के बड़ोखर गांव में 20 मार्च 2017 को हुई थी। कोर्ट ने मामले के दोषी पूर्व सरपंच पति नंदकिशोर यादव उर्फ नंदु यादव और कैलाश पंडित को सात-सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी। साथ ही पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। कोर्ट ने नौ अभियुक्तों को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास और दोषी अन्य चार महिलाओं को तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। जिन्हें सजा दी गई उनमें पूर्व सरपंच पति नंदु यादव उर्फ नंद किशोर यादव और कैलाश पंडित के साथ संतोष पंडित, रंजीत पंडित, बजरंगी ठाकुर, पुतुल देवी, मंगली देवी, बिजली देवी, बुलबुल यादव, चंद्रप्रकाश यादव, गीता देवी, अमित पंडित, महादेव पंडित, नेपाली पंडित, मुरारी पंडित शामिल हैं। बताया गया कि ग्रामीणों ने गांव की ही एक महिला को रंजीत नाम के व्यक्ति के घर से देर रात पकड़ा था। उसी समय तत्कालीन सरपंच के पति की अध्यक्षता में पंचायती कर महिला और उसके कथित प्रेमी का सिर मुंडवाकर उन्हें चप्पल पहनाई गई और अगले दिन सुबह पूरे गांव में घुमाया गया था। हालांकि इसके बाद रंजीत भाग गया पर महिला ग्रामीणों के कब्जे में थी जिसे 22 मार्च को गोराडीह पुलिस ने मुक्त कराया था। इसके बाद महिला ने केस दर्ज कराया था। सजा के बिंदु पर हुई सुनवाई में सरकार की ओर से एपीपी अकबर अहमद खान शामिल हुए।

# बजरंगबली स्थान के बाहर मिला नवजात का शव



♦ कुत्ते के बच्चे ने मंदिर परिसर के बाहर लाकर छोड़ा, सूचना के 2 घंटे बाद पहुंची पुलिस

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार की देर रात एक मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां पर एक नवजात शिशु का शव कुत्ते के बच्चे ने मुंह में आसपास के इलाके से लाकर श्रीमठ बजरंगबली स्थान में छोड़ दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगों के बीच सनसनी फैल गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना के दो घंटे बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। जहां पर नवजात शिशु का शव बरामद किया है। इधर, घटना के बाद से लोगों के बीच कई तरह की चर्चा है। मामला जिले के रसलपुर थाना क्षेत्र के श्रीमठ स्थान के मुख्य गेट के पास की है। आशंका जताई जा रही है कि आसपास के लोगों का ही काम है। नवजात शिशु का शव देखने के बाद लोगों ने आशंका जताई है कि शव एक-दो दिन पुराना है। बच्चे के जन्म के 24 घंटे बाद मां ने अपने कोक में जन्म दिए बच्चे को फेंक दिया। इसके बाद कुत्ते के बच्चे ने उनको अपने मुंह में लेकर बजरंगबली स्थान में लाकर रख दिया। इधर, घटना की सूचना के बाद लोगों के बीच कई तरह की चर्चा है। मामले को लेकर स्थानीय सुबोध महलदार ने बताया कि कुत्ते के बच्चे ने मुंह में शव को लाया। बजरंगबली स्थान में लाकर रख दिया। घटना शनिवार की देर रात की है। 3 घंटे से शव संदिग्ध परिस्थिति में पड़ा रहा। इसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## वार्ड पार्षद पर मकान नहीं खाली करने का आरोप



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में वार्ड नं-13 के वार्ड पार्षद रंजीत कुमार मंडल पर किराए का मकान नहीं खाली करने का आरोप है। मकान मालिक मोती साह का कहना है कि लंबे समय तक उन्होंने रंजीत कुमार मंडल से घर खाली करने को कहा, लेकिन पार्षद रंजीत मंडल ने मकान को खाली करने के बजाय उसमें ताला लगा दिया। इसके बाद मोती लाल साह ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। इस मामले को लेकर पार्षद रंजीत मंडल ने बताया कि मेरा 6 लाख पैसा मकान मालिक के पास फंसा हुआ है। वह मुझे दे दें। हम मकान खाली कर देंगे।

वहीं पुलिस मामले को लेकर छानबीन में जुटी हुई है। मोती लाल साह पिछले 6 दिन से भूख हड़ताल कर रहे हैं। वहीं हालत परिवार ने दरवाजा का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर अनशन पर बैठ गए। वार्ड पार्षद ने दबंगई से घर के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया, और सभी अनशनकारी को घर में बंद कर बंधक बना दिया।

## भागलपुर सड़क हादसे में बैंककर्मी घायल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार की देर रात दो बाइक के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में 2 बाइक पर सवार 2 लोग गंभीर रूप से घायल है। घटना में दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है। घटना थाना क्षेत्र के करहरिया गांव बजरंगबली मंदिर के पास सड़क SH-84 पर हुआ है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उत्कर्ष बैंक कर्मी पीरपैंती से बांका की तरफ घर जा रहा था। तभी धोरैया की तरफ से जा रहे प्लैटिनम बाइक पर सवार एक युवक ने सामने से टक्कर मार दिया। इससे अन-बैलेंस होकर बैंककर्मी गिर गए। हादसे में बैंककर्मी का पैर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर छोट आई है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाइक को जब्त कर लिया है। आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती घायल बांका के मकदुमा निवासी घनश्याम मंडल के बेटे मंजय कुमार(24) ने बताया कि बैंक से काम कर वापस घर लौट रहे थे। तभी करहरिया गांव के पास बाइक सवार युवक ने सामने से टक्कर मार दिया। इससे हादसे का शिकार हुआ है। इधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है।



## भागलपुर में संविदा कर्मियों का प्रदर्शन, ANM संघर्ष मोर्चा ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में संविदा कर्मियों का सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी है। एएनएम संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शनिवार को एएनएम ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शन कर रही एएनएम वर्षा कुमारी ने बताया कि वे लोग को लगभग 50 की संख्या में है और सभी विगत कई वर्षों से अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा दे रहे हैं बावजूद इसके तमाम एएनएम के साथ सरकार का नाइंसाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि अटेंडेंस को लेकर और मानदेय में बढ़ोतरी नहीं होने को लेकर वे लोग आज सरकार और प्रबंधन का विरोध कर रहे हैं जबकि कई दफा मुश्किल घड़ियो में उन्होंने दिन रात काम किया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे लोग अपनी मांग को शांतिपूर्ण तरीके से रखना चाहते है। इनमें सर्वप्रथम फेस अटेंडेंस को लेकर काफी समस्या हो रही है उन्होंने कहा कि तमाम एएनएम और नियम को अलग-अलग तोले में जाकर काम करना पड़ता है ऐसे में अटेंडेंस दे पाना एक चुनौती पूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि इतने वर्ष से हुआ देने के बावजूद उनके मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हुई है मैच 14000 रुपए की राशि से दरबार चलाना भी काफी समस्या हो रही है।

**दोहरी नीति क्यों** ?: उन्होंने कहा कि परमानेंट स्टाफ को सरकार सैलरी भी दे रही है जबकि उन्हें फेस अटेंडेंस की कोई आवश्यकता नहीं है वही संविदा कर्मचारियों के साथ इस तरह की दोहरी नीति क्यों की जा रही है। उन्होंने काडेलेड में या सरकार से अनुरोध किया है किया अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वे लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे मौके पर कई एएनएम मौजूद रहे।

मानदेय में बढ़ोतरी की भी है मांग




## बेटी को जन्म देने के बाद अस्पताल से मां फरार, मुंगेर में मासूम की दादी पहुंची ICDS ऑफिस

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में बेटी को जन्म देने के बाद अस्पताल से उसकी मां नवजात को छोड़कर फरार हो गई। इसके बाद नवजात की दादी उसे लेकर आईसीडीएस कार्यालय पहुंची और दत्तक ग्रहण संस्था को सपोर्ट करने की गुहार लगाई। डीपीओ आईसीडीएस के समझाने पर नवजात की दादी अपनी पोती को लेकर फिर वापस घर लौट आई। इसका वीडियो भी अब सामने आया है। मुंगेर जिला अंतर्गत धरहरा प्रखंड के महरना गांव निवासी राजा तांती की पत्नी सोनी देवी ने बुधवार को जमालपुर प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में एक बच्ची को जन्म दिया। वहीं, सोनी की नार्मल डिलीवरी हुई थी। बच्ची के जन्म के बाद सोनी देवी अपनी सास उषा देवी को बिना कुछ बताये चुपके से अस्पताल से भाग निकली। वहीं, शनिवार को उषा देवी एक महिला के साथ बच्ची को लेकर आईसीडीएस कार्यालय मुंगेर पहुंची और दत्तक ग्रहण संस्था में बच्ची का पालन-पोषण के लिए आग्रह करने लगे।



**आश्वासन के बाद महिला बच्ची को लेकर घर पहुंची**: डीपीओ रेखा कुमारी के काफी घंटे समझाने और आश्वासन के बाद महिला बच्ची को लेकर घर चली गई। दादी उषा देवी बताती है कि वह चौका-बर्तन का कर घर का गुजारा करती है। बहू सोनी देवी ने बुधवार को जमालपुर पीएचसी में बच्ची को जन्म दिया और इसके बाद अस्पताल से भाग गई। कुछ लोगों ने बताया कि दत्तक ग्रहण संस्था में बच्ची का पालन-पोषण होता है। इसके बाद पोती को लेकर दत्तक ग्रहण संस्था में रखने आई थी। उन्होंने कहा बच्ची का पिता बंगलौर में मजदूरी का काम करता है उसको एक लड़की और एक लड़का है और दूसरी बेटी हुई है। उन्होंने कहा कि हम लोग बहुत ही गरीब है। इसलिए, बच्ची को पाल नहीं कस सकेंगे। जिसके लिए हम लोग दत्तक ग्रहण संस्था को सुपुर्द करने के लिए आए थे।

♦ संस्था से लगाई मदद की गुहार

## मन्नत हुई पूरी...दंडवत प्रणाम करते देवघर निकली 10 वर्षीय रिया

निज संवाददाता। भागलपुर

सावन का पवित्र महीना चल रहा है। हजारों की संख्या में बोल बम कांवरिया गंगा जल भरकर बाबा बैद्यनाथ धाम जा रहे हैं। जिसमें ऐसे कांवरिया भी हैं जिनकी मन्नत पूरी होने पर वे बाबा बैद्यनाश धाम जा रहे हैं। वहीं, कांवरिया पथ पर एक 10 साल की बच्ची दंडवत प्रणाम करते हुए अपने परिवार के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम जा रही। बच्ची दरभंगा निवासी रिया है। रिया ने कहा कि मेरा भाई नहीं था और हम अकेले थे। जब रक्षाबंधन आता था बहुत निराश हो जाती थी। तब बाबा बैद्यनाथ से भाई के लिए मन्नत मांगी थी। जो बाबा ने पूरा कर दिया। मेरा 11 माह का भाई है। जिसका नाम कान्हा है। रिया ने बताया कि हमलोग सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम जा रहे थे। मन्नत पूरी होने पर पापा दंडवत प्रणाम कर जा रहे थे। मेरे मन में भी इच्छा जगी की हम भी दंडवत प्रणाम करते हुए बाबा के दरवार जाएं। कोई दिक्कत नहीं हो रही है। बाबा से मन्नत मांगती हूं कि मैं बड़ी होकर डॉ. बनू। रिया की मां प्रियंका कुमारी ने कहा कि मेरी बेटी ने बाबा से भाई की मन्नत मांगी थी, जो पूरा हो गया। मन्नत पूरा होने पर हन सभी परिवार बाबा बैद्यानाथ जा रहे। मेरे पति डॉक्टर सुमन दंड प्रमाण कर जा रहे हैं। वहीं, पिता की तबीयत खराब देखकर रिया ने कहा मैं भी दंडवत प्रणाम देकर बाबा वैद्यनाथ धाम देवघर जाऊंगी। जिसके बाद दंडवत देकर वो कच्ची कांवरिया पथ से जा रही। कहा कि बाबा नगरी जाने के लिए रिया को मैं मना भी नहीं कर सकी। सब भोले पर छोड़ दिया।



## शिक्षकों की प्रोन्नति की अधिसूचना पर सस्पेंस, 31 से आमरण अनशन

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर विश्वविद्यालय में शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बस इसकी अधिसूचना बाकी है। मगर अधिसूचना पर सस्पेंस बना हुआ है। प्रोन्नत शिक्षकों ने अब तक धैर्य बनाए रखा है। कर्मचारियों ने भी कुछ महीने तक बनाए रखा था। इसलिए फरवरी में प्रोन्नति की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद 22 जुलाई को इसकी अधिसूचना जारी हो सकी। हालांकि इस दौरान कर्मचारी महासंघ आक्रोशित भी हुआ। 5 जुलाई से सिलसिलेवार आंदोलन शुरू किया। विश्वविद्यालय में कामकाज ठप हुआ और अंततः 84 कर्मचारियों के प्रोन्नति की अधिसूचना 22 जुलाई को जारी की गई। प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी कर चुके शिक्षकों की संख्या भी सौ से कम ही है। वे भी अब बस प्रोन्नति की अधिसूचना का शिद्दत से इंतजार कर रहे हैं। मगर इस बीच एक चिंता जो उन्हें भीतर ही भीतर खाए जा रही है, वह है कुलपति के कार्यकाल का समाप्त होता एक-एक दिन। कुलपति का कार्यकाल अगस्त मध्य के बाद समाप्त होने वाला है। इसलिए अधिसूचना जारी किए जाने में एक-एक दिन का विलंब शिक्षकों के धैर्य पर भारी पड़ रहा है। विवि के एक वरीय शिक्षक ने कहा कि शिक्षकों की प्रोन्नति पर छाई शांति कहीं आंधी के पूर्व का संकेत तो नहीं है। वरीय शिक्षक नैराश्य भाव से भर गए हैं। मगर वे कहते हैं कि शिक्षक प्रतीक्षा कर रहे हैं। समन्वय समिति के संयोजक डा. देवराज सुमन एवं सह संयोजक डा. हरिश्चंद्र शाही कहते हैं कि कुछ लोग विश्वविद्यालय का अहित करने में लगे हुए हैं। वे शुरू से ही प्रोन्नति की प्रक्रिया को बदनाम और बाधित करने में लगे रहे। मगर उनकी गलत मंशा पूरी नहीं होने वाली है।



बीआरएम कॉलेज में बनाई आंदोलन की रणनीति

# साइबर अपराध में लिप्त 11 लोग गिरफ्तार

निज संवाददाता




**नवादा**। पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 11 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। सभी धनी फाइनेंस के नाम पर लोन देने के एवज में लोगों से ठगी किया करते थे। इन लोगों के पास से साइबर अपराध में प्रयुक्त होने वाले आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुआ है। रविवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में साइबर थानाध्यक्ष प्रिया ज्योति ने कार्रवाई के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर गठित एसआईटी टीम द्वारा प्रतिबिंब पोर्टल पर उपलब्ध साइबर क्राइम कर रहे नंबरों के लिए तकनीकी साक्ष्य के साथ छापामारी की गई। 27 जुलाई को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के अपसढ़ व भवानी बिगहा के बगीचे में की गई छापेमारी के दौरान 11 बदमाशों को पकड़ा गया। इस संबंध में साइबर थाना कांड संख्या 49-2024 दिनांक 27.7.24 दर्ज की गई है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपित धनी फाइनेंस इंडिया बुल्स के नाम पर ठगी करते थे। इनके पास से भिसो वेबसाइट एवं अन्य का लिंक्ड डाटा था। जिसमें नाम, नंबर, राज्य इत्यादि लिखा है। यह लोगों को कॉल करके लेन-देन के नाम पर ठगी करते थे। छापेमारी टीम का नेतृत्व साइबर थानाध्यक्ष प्रिया ज्योति कर रही थी। टीम में पुलिस निरीक्षक संजीव सिंह अपर थाना अध्यक्ष साइबर थाना नवादा, पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन मंडल साइबर थाना नवादा, स्वॉट टीम पुलिस केंद्र नवादा के अलावा साइबर थाना के पुलिसकर्मी शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजा राम कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता-रामाशीष सिंह, ग्राम- अपसढ़, अविनाश कुमार, उम्र 30 वर्ष, पिता- अशोक सिंह, ग्राम अपसढ़, पप्पू साव, उम्र 46 वर्ष, पिता-स्व. बौधु साव, ग्राम-शाहपुर, थाना-शाहपुर, जिला-नवादा। भास्कर कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता-सुधीर सिंह, ग्राम नेपुरा, थाना-शाहपुर, जिला- नवादा। संतोष कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता-स्वर्गीय अरुण सिंह, ग्राम-अपसढ़, थाना वारसलीगंज, जिला-नवादा। अजय कुमार, उम्र 29 वर्ष, पिता-स्वर्गीय दानू प्रसाद, ग्राम-पावा, थाना दीपनगर, जिला- नालंदा। लखन कुमार, उम्र 34 वर्ष, पिता-परमानंद सिंह, ग्राम अपसढ़, थाना वारसलीगंज, जिला-नवादा। कृष्ण कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता-विकास सिंह, ग्राम अपसढ़, थाना वारसलीगंज, जिला-नवादा। धर्मेंद्र कुमार, 19 वर्ष, पिता-मनोज सिंह, ग्राम अपसढ़, थाना वारसलीगंज, जिला-नवादा। सिद्धार्थ शंकर, उम्र 32 वर्ष, पिता-स्व. अरविंद सिंह, ग्राम अपसढ़, थाना वारसलीगंज, जिला-नवादा। बिट्टू कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता-कपिल देव सिंह,ग्राम अपसढ़, थाना वारसलीगंज, जिला-नवादा का है। 34 डाटा शीट- 168 पेज सिम कार्ड- 13 पीस तथा एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

**साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई:**

**गिरफ्तारी:**

- 11 बदमाश गिरफ्तार।
- धनी फाइनेंस के नाम पर लोगों को लोन देने के एवज में ठगी करते थे।

**बरामद सामग्री:**

- 168 पेज की डाटा शीट।
- 13 सिम कार्ड।
- एक मोटरसाइकिल।

**प्रेस कांफ्रेंस:**

- साइबर थानाध्यक्ष प्रिया ज्योति ने कार्रवाई की जानकारी दी।

**छापेमारी:**

- 27 जुलाई को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के अपसढ़ और भवानी बिगहा के बगीचे में छापेमारी।
- साइबर क्राइम कर रहे नंबरों के तकनीकी साक्ष्य के आधार पर एसआईटी टीम द्वारा छापेमारी।

# पूमरे के महाप्रबंधक ने किया पटना-गया एवं डीडीयू रेलखंड का निरीक्षण



निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा शनिवार को पटना-गया एवं गया-डीडीयू रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड के रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए संरक्षित रेल परिचालन के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा गया जंक्शन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों की अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने का निर्देश दिया। पुनर्विकसित स्टेषन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा गया जंक्शन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने स्टेशन की साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, एफओबी सहित अन्य यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बोधिवृक्ष कॉरिडोर पदयात्रा सह वृक्षारोपण में गया से राजगीर तक पौधा रोपण का लक्ष्य

निज संवाददाता




**नवादा**। जल, जंगल, जमीन सभी का जलवायु परिवर्तन से बुरा हाल है।इन सभी के पीछे एक ही कारण है वनों की कटाई - कभी कृषि के नाम पर, कभी मकान और आवासीय कॉलोनी, कभी सड़क, कभी विकास के अन्य कार्य। अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से निरंतर तापमान में वृद्धि हो रही है। जल का संकट खड़ा हो गया है। तापमान 50 पार कर गया है। अभी हम सब प्रचंड गर्मी का सामना कर रहे हैं। इसमें मनुष्य क्या, जीव -जंतु क्या, पेड़ -पौधे क्या पूरा परिवेश ही तापमान से त्रस्त है। शहरवासी तो एयर कंडीशनर से कुछ राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं परंतु कभी-कभी या तो एयर कंडीशनर काम करना बंद कर देता है और कभी तो बिजली कटौती के कारण सभी लोग परेशान हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में यह पता नहीं चलता है कि क्या किया जाए,किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पीपल नीम तुलसी अभियान पटना के सदस्यों ने यह खोज निकाला कि यदि असहनीय गर्मी से निजात पाना है तो किसी पीपल के पेड़ की छांव का सहारा लिया जाए, जिससे शरीर को भरपूर ऑक्सिजन भी प्राप्त हो और शुद्ध परिवेश में प्रकृति का आनंद भी ले सकें।सम्प्रति विभिन्न प्रजातियों की पक्षियों को विश्राम व भोजन प्राप्त हो सके, इसके छांव तले पशु भी आराम पा सकें।इसी क्रम में पीपल नीम तुलसी अभियान के संस्थापक सह अध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में लोगों ने निर्णय लिया है कि दिनांक 27 - 30 जुलाई, 2024 तक गया से राजगीर के मध्य बोधिवृक्ष कॉरीडोर का निर्माण किया जाय, जिसमें प्रत्येक 500 मीटर की दूरी पर देववृक्ष पीपल का पौधा का रोपण किया जाएगा और बड़े होने तक उसे संधारित किया जाएगा। आप सभी पर्यावरण प्रेमी 27 को पदयात्रा के प्रारंभ में एकत्र होकर सभी पदयात्रियों/पर्यावरण योद्धाओं को देव वृक्ष पीपल कर रोपण हेतु रवाना कीजिये। कॉरिडोर में जगह-जगह हौसला अफजाई हेतु सम्मिलित होकर उत्साहवर्धन कर इस महान यज्ञ में अपनी समिधा डालें।

# फरार अभियुक्त के घर की पुलिस ने किया कुर्की

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)**। थाना क्षेत्र के धनाव इंग्लिश गांव के फरार आरोपी बंगाली पासी के घर की पुलिस ने कुर्की जब्ती की। कुर्की जब्ती के दौरान पुलिस ने दरवाजा, चौखट व खिड़की सहित अन्य सामान्य को जब्त कर थाना लाई। गौरतलब है कि थाना को न्यायालय के निर्देश पर फरार चल रहा आरोपी बंगाली पासी के विरुद्ध कुर्की जब्ती की यह कारवाई की गई। न्यायालय में आरोपी बंगाली पासी के विरुद्ध जीआर 712/1990, टीआर 1029/22 दर्ज किया गया था। फरार चल रहा आरोपी बंगाली पासी के खिलाफ कोर्ट से कुर्की जब्ती करने का आदेश मिला। जिसपर कारवाई करते हुए स्थानीय पुलिस ने फरार आरोपी बंगाली पासी के घर की कुर्की जब्ती की। एसआई भूषण पासवान और एएसआई रामकुमार के द्वारा फरार आरोपी के घर की कुर्की जब्ती की गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आरोपी बंगाली पासी 1990 से एक केस में फरार चल रहा है।

# अखिल भारतीय मौर्य शिक्षक संघ ने नवनिर्वाचित सांसद का समारोह पुर्वक किया अभिनंदन

निज संवाददाता





**पटना**। महानगर में दारोगा प्रसाद राय रोड स्थित पटेल भवन में अखिल भारतीय मौर्य शिक्षक संघ सह शिक्षा मंच बिहार के तत्वाधान में आयोजित अभिनंदन समारोह में औरंगाबाद लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद सह राजद संसदीय दल के नेता व संघ के संरक्षक अभय कुमार सिन्हा को मंच के नवादा इकाई द्वारा संरक्षक सेवा निवृत शिक्षक राम किसुन महतो ने चांदी का मुकुट एवं अंग बस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष एवं संचालन सचिव रामानंद प्रसाद ने किया। समारोह में बिहार के गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, रोहतास, नवादा, शेखपुरा, खगड़िया, पटना सहित कई जिले के शिक्षकों ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया।स्वागत गान से संध्या कुमारी ने स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए करते हुए राम किसुन महतो ने कहा कि विष्णु चरण के रज-कण से ओत-प्रोत गया धाम की गोद में, अवस्थित ग्राम कुजापी की महत्ता उस समय और बढ़ गयी जब आप जैसे महामानव ने इसकी मिट्टी में खेलना स्वीकार किया। 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' यह कहावत आप पर सौ फीसदी सच्च प्रतीत होती है। विद्यालयी जीवन से ही आपका क्रियाकलाप औरो से बिल्कुल अलग था। अदम्य साहस के धनी एवं धुन के पक्के, आप कल भी ये और आज भी है। नेतृत्व क्षमता की झलक तो उस समय ही दृष्टिगोचर हो गया था जब विद्यार्थी काल में ही आप अपने गाँव के बिल्कुल जर्जर देवी मंदिर को तुड़वाकर एक भव्य मंदिर का निर्माण करवाया था। राजनीति में आने की ललक तो आपके कण-कण में थी, परन्तु, राजनीतिक सफर की विधिवत शुरुआत सन् 2006 ई० से हुई जब ग्राम पंचायत कुजापी की जनता ने पंचायत प्रधान का ताज आपके माथे पर सजाया। आपकी अगुआई में कुजापी ग्राम पंचायत की छटा दूर तलक निखरती चली गयी। आपका यश और कीर्ति नई ऊँचाई को प्राप्त करती रही।उन्होंने कहा कर्मयोगी की तरह आप हमेशा लोक हित की बात किया करते हैं एवं उसे पूरा करके ही दम लेते हैं। आपके इन्हीं कार्य व्यवहार से प्रभावित होकर बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सन् 2012 ई० में गया जिला जदयू की बागडोर आपके हाथो में थमा दिया। आपने भी अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया जब गया जिला जदयू नई बुलंदियों का आलिंगन किया। राजनीति के क्षेत्र में आपका कदम दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ता गया। सन् 2015 ई० में टिकारी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित होकर आप जिलावासियो को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया। इस अवधि में आपके द्वारा पिछड़ों, अतिपिछड़ों, दलितों आदि तमाम अभिवंचितों के लिए अनेको जन कल्याणकारी कार्य किया गया जो अप्रतिम है। आप अपनी राजनीतिक पार्टी जदयू के कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन होकर संगठनात्मक कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम तक पंहुचाने का प्रयास किया। आप दिन रात बिना थके पार्टी हित के कार्यों में संलग्न रहे अब आपकी ग्राह्यता सिर्फ एक पार्टी तक ही सीमित नहीं रही। आपकी संघर्षशीलता, लोकप्रियता एवं सहृदयता का आलम यह था कि अन्य ख्यातिप्राप्त राजनीतिक पार्टियों के लिए भी आप चहेते बन गये। यही कारण है कि बिहार की नंबर एक राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने 2024 की लोकसभा चुनाव में आपको औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपना उम्मीदवार बनाया। आपने भी बिहार का चितौड़गढ़ कहे जाने वाले औरंगाबाद का किला फतह कर राष्ट्रीय जनता दल को गौरवान्वित करने का काम किया। आपकी समाज में सुग्राह्यता एवं वाकपटुता को परखते हुए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आपको अठारहवी लोकसभा में राजद के संसदीय दल के नेता जैसे सम्मानित पद के दायित्व निर्वहन का भार सौपा। आपकी इस उपलब्धि पर हम फूले नहीं समा रहे हैं। आशा नहीं, पूरे विश्वास के साथ हम कहना चाहेंगे कि आप अपनी दूरदर्शिता से इस जिम्मेदारी मेनया रंग भरने का कार्य करेंगे। सम्मान से अभिभूत सांसद ने कहा की आपलोगो का स्नेह और प्यार हमेशा मिलता रहा है, आपलोगों के स्नेह के बदौलत ही मैं चित्तौड़गढ़ को फतह किया हूं। मैं आप लोगों की आकांक्षाओं पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करुँगा एवं सेवा भावना से समाज को सहयोग भी करता रहूंगा। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद, नवादा कुशवाहा सेवा समिति के अध्यक्ष महेशवर प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष डॉ भोला प्रसाद कुशवाहा, संरक्षक अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, शिक्षक नागेंद्र प्रसाद, रामचंद्र सोनी, बसंत प्रसाद, अरूंजय मेहता, मिथिलेश कुमार, बिशुनदेव प्रसाद,ललिता कुमारी, सुरभि कुमारी, अंशु माला, सुरुचि कुमारी, संजू सिन्हा, प्रेम सिन्हा, विजय कुमार, अरुण मौर्य सहित संघ के सैकड़ो सदस्यों ने बुके एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

# आरपीएस स्कूल में फाउंडेशन सेमिनार का आयोजन हुआ

निज संवाददाता




**नवादा**। आरपीएस पब्लिक स्कूल, नवादा, बिहार के तत्वाधान में आर.एल पैलेस नवादा, में फाउंडेशन सेमिनार कम अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में आरपीएस पब्लिक स्कूल नवादा, के संस्थापक राम प्रवेश सिंह बतौर मुख्य अतिथि, विद्यालय के निदेशक इंजिनियर रंजय कुमार प्रधानाचार्या मौसमी मुखर्जी, उप प्रधानाचार्य कौशिक हालदार, आरपीएस के बुद्धिजीवी शिक्षक गण एवं अभिभावक गणों के साथ-साथ विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रथम सोपान में दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन कर आभार जताया। आरपीएस स्कूल के शिक्षक रंजीत सर एवं अभिषेक सर ने फाउंडेशन कोर्स के लिए लोगों को जागरुक करते हुए इस कोर्स के लिए आरपीएस स्कूल को अन्य स्कूलों से बेहतर बताया। नीलकमल सर ने एग्जाम फोबिया को कैसे दूर किया जा सकता है तथा पढ़ाई के समय कंटेंट बेस पर कैसे प्रश्न पूछा जाता है, आदि तथ्यों से लोगों को अवगत कराया। विद्यालय के अन्य शिक्षक राहुल जी ने फाउंडेशन क्या है आरपीएस पब्लिक स्कूल में फाउंडेशन के लिए किया जा रहा है तथा इसके फायदे के बारे में लोगों को जानकारी दी। राहुल यादव सर ने लोगों को संबोधित करते हुए लोगों के सम्मुख यूपीएससी फाऊंडेशन की तैयारी कैसे करें आदि विषयों पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के द्वितीय सोपान में आरपीएस स्कूल नवादा में संपन्न होने वाले विभिन्न परीक्षाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले सृष्टि कुमारी, शिवम कुमार, अलीशा जुबीन, रेशा कुमारी, सोनू शुभम चिराग सिंह, अदिति, रिमझिम कुमारी, अनन्या वशिष्ठ, श्वेता, अदिति आदि छात्रों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रंगा-रंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं फाउंडेशन सेमिनार के सफल आयोजन पर अपने विचार रखते हुए आरपीएस कान्वेंट पब्लिक स्कूल के निर्देशक श्री रंजय कुमार ने कहा कि मैं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित हूं। अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस संकल्प में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु आप भी हमारा साथ दें उप प्रधानाचार्य कौशिक हलदर द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। विद्यालय में पहली वार छात्र परिषद का चुनाव हुआ और इस चुनाव की परिणाम की घोषणा की गई, इस मोके पर शिक्षक साकेत रंजन, मनीष कुमार, अंकित कुमार, कुंदन कुमार, विशाल जयसवाल, प्रताप दत्ता, जितेंद्र कुमार, चंदन सिंहा, एमन टकल्लूम, रामरूप प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक को कुचला स्थिति गंभीर

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर लहेरी डायवर्सन के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पैदल चल रहे एक अधेड़ व्यक्ति को कुचलते पार हो गया जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल अधेड़ ग्राम लहेरी थाना कोचस का रहने वाला सिराती राम बताए जाते है। घटना के बारे में बताया जाता है कि 60 वर्षीय अधेड़ लहेरी लिंक रोड से राष्ट्रीय राजमार्ग 319 को पार कर रहा था जहां तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचलते हुए पार हो गया जिसमे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौके पर मौजुद चिकित्सक ने स्थिति बिगड़ते देख बेहतर ईलाज के लिए बनारस के ट्रामा सेन्टर मे भेज दिया है।

# आपात स्थिति में हृदय रोग से ग्रसित रोगियों के लिये राम बाण है सीपीआर : डॉ रवीश कुमार

- सीपीआर के बारे में डा0 रविश कुमार ने छात्राओं को बताया कि ये किस तरह आपातकालीन चिकित्सा उपचार में सहयोगी है।

निज संवाददाता




**नवादा**। सेठ सागरमल महिला कॉलेज में इनर व्हील क्लब के सौजन्य से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ रवीश कुमार ने शिक्षकों एवं छात्रों को आपात स्थिति में हृदयघात से पीड़ित व्यक्ति को सीपीआर विधि का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा की यह विधि आपातकालीन चिकित्सा में काफ़ी सहयोगी है। सीपीआर के बारे में डा० रविश कुमार ने छात्राओं को बताया कि ये किस तरह आपातकालीन चिकित्सा उपचार में सहयोगी है। सीपी आर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) कैसे एक मृतप्राय मरीज की धड़कन और ऑक्सीजन का पुनः संचार कर सकता है, अगर समय रहते इसका सही ढंग से इस्तेमाल हो तो। डॉ. रविश कुमार ने बताया कि एक आम व्यक्ति को भी सीपीआर जैसे आपातकालीन जीवनरक्षक प्रक्रिया को के बारे में जानना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोंगो को समय रहते बचाया जा सके। ऐसा माना जाता है कि कार्डियक अटैक के बाद तत्काल सीपीआर से बचने की संभावना दोगुनी तिगुनी हो जाती है। इस अवसर पर कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य सहित इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष रेखा रानी, सचिव रेणुका मगहिया, अंजना सिन्हा, रीता दीक्षित, रीता चन्द्रा, सावित्री बरनवाल, मुस्कान कुमार आदि सभी ने मौजूद रहीं तथा डॉ रविश कुमार को स्मृति चिन्ह और सभी छात्रों को कलम वितरित किया गया। और क्लब अपने सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती है। कार्यक्रम को अध्यक्ष रेखा रानी और प्राचार्य महोदय ने भी संबोधित किया।

# फेयरवेल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

निज संवाददाता

**सासाराम**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस के छात्रों द्वारा मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस के छात्रों का एवं मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस के सभी छात्रों द्वारा बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस के छात्रों को फेयरवेल किया गया है इसमें दोनों कक्षाओं के छात्रों के द्वारा एक दूसरे को उपहार एवं सम्मान दिया गया इस स्मरणी विदाई समारोह अर्थात फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के सेमिनार हॉल में किया गया इसमें *मुख्य अतिथि के रूप में संकाय प्रमुख तथा परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए* इसके साथ ही साथ *विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ अवधेश सिंह गौतम के साथ विभाग के प्राध्यापक गण आलोक कुमार कश्यप जी एवं प्रफुल्ल कुमार जी के साथ विभाग के सभी कर्मचारी के साथ-साथ बैचलर ऑफ़ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस एवं मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन साइंस के समस्त छात्र इस फेयरवेल कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की इस कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र के महत्व के बारे में और इस क्षेत्र में भविष्य कैसे बेहतर बनाएं इसकी जानकारी प्रदान की गई, एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024/09 दिनांक- 28.07.2024

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2024 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के ITI Trade (पाठ्यक्रम) की सीटों पर नामांकन हेतु Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

**विस्तारित कॉउन्सेलिंग कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

श्रम संसाधन विभाग, नियोजन एवं प्रशिक्षण, (प्रशिक्षणपक्ष), बिहार, पटना के पत्रांक- सं.स.-टी-2 नामा.-(G)-01/2024-2066 दिनांक 27.07.2024 के आलोक में पर्षद के विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024/07 एवं 2024/08 दिनांक- 17.07.2024 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता परीक्षा (ITICAT)-2024 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित अभिभावकों / संस्थानों को सूचित किया जाता है कि ITICAT-2024 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के ITI Trade की सीटों पर की जाने वाली 1st Round एवं 2nd round Online Counselling हेतु Online Registration-cum- Choice filling for Seat Allotment तथा संबंधित अन्य कार्यक्रम की पूर्व निर्धारित तिथि निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;

| क्र. | कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित तिथि | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | **Last date** of Online Registration-cum-Choice filling for seat allotment and locking. | **28.07.2024** | **04.08.2024** |
| 2. | **1st Round provisional seat allotment Result publication date** | **01.08.2024** | **09.08.2024** |
| 3. | Downloading of Allotment order (1st Round) | 01.08.2024 to 08.08.2024 | 09.08.2024 to 17.08.2024 |
| 4. | Document Verification and Admission (1st Round) | **02.08.2024 to 08.08.2024** | **10.08.2024 to 17.08.2024** |
| 5. | **2nd Round provisional seat allotment Result publication date** | **16.08.2024** | **25.08.2024** |
| 6. | Downloading of Allotment order (2nd Round) | 16.08.2024 to 20.08.2024 | 25.08.2024 to 02.09.2024 |
| 7. | Document Verification and Admission (2nd Round) | **17.08.2024 to 20.08.2024** | **27.08.2024 to 02.09.2024** |

(2) 15 अगस्त, 2024 स्वतन्त्रता दिवस होने के कारण उस दिन Document Verification कार्य स्थगित रहेगा।

(3) पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024/07 दिनांक- 17.07.2024 की अन्य शर्तें / नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## एक नजर

### नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को कार्यकर्ताओं ने दिया बधाई

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** बिहार के नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जयसवाल को नासरीगंज नगर एवं प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपरंपार बधाई दिया। भाजपा नगर अध्यक्ष लालबाबु उर्फ संजय कुमार ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केंद्रीय नेतृत्व ने पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से डॉ०दिलीप जयसवाल पर भरोसा जताते हुए यह जिम्मेवारी सौंपी है। दिलीप जयसवाल पार्टी के कद्दावर नेता हैं जो एनडीए प्रत्याशी के रुप में तिसरी बार क्षेत्र संख्या 23 से चुनाव जीतकर बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं और बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री भी हैं। वे मूल रूप से खगड़िया जिला के निवासी हैं। वे प्रदेश में भाजपा के 20 वर्षों तक कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। नगर अध्यक्ष लालबाबु ने कहा कि भाजपा के उपमुख्यमंत्री, मंत्री सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के कार्यकाल में हमसभी कार्यकर्ताओं को बहुत कुछ सिखने को मिला जिसके लिए हम सभी कार्यकर्ता उन्हें आभार प्रकट करते हैं। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता सिकन्दर सिंह ने कहा कि अतिपिछड़ा समाज से आने वाले एवं राजनीत के अच्छे अनुभव रखने वाले दिलीप जयसवाल को पार्टी के केंद्रिय नेतृत्व ने जिम्मेवारी सौंप कर हम सभी कार्यकर्ताओं के मनोबल को मजबूत किया है और इसके लिए हम सभी कार्यकर्ता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रिय नेतृत्व को आभार प्रकट करते हैं एवं प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल को बधाई देते हैं। बधाई देने वालों में प्रमोद कुशवाहा, अमित कुशवाहा, सिकंदर सिंह, मदनमोहन केशरी, ललन पंडित, रवि सिंह, अजय शौंडिक, राधारमण गुप्ता, जयसियाराम, शिवजी साह, प्यारेश्वर यादव, अनिल सुमन, जयनन्दन प्रसाद, ददन सिंह, अजय कुमार, मंतोष यादव, रघुनाथ शरण गुप्ता, संतोष कुमार, संतोष आर्य, दीनदयाल सिंह, संजय कुमार, अंशु उर्फ सिपु कुमार, आलमगीर अंसारी, मो. रफीउदीन, उपेन्द्र पासवान, राहुल, अंशु यादव, नगर एवं प्रखंड के सभी भाजपा कार्यकर्ता सम्मीलित हैं।

### पंच के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** प्रखण्ड के धनाव पंचायत के पंच सितारा खातुन के आकस्मिक निधन पर पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता मुखिया अफसान खातुन ने किया। सभा मे पंच सितारा खातुन की आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा मे सरपंच सलमा खातुन, उप मुखिया अनिल कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि शाहिद हुसैन, पंच अकबर अली, मोख्तार मंसूरी, नजमा खातुन, जितेंद्र पासवान, महताब अंसारी उर्फ बड़क भाई, मो०इसराइल व अब्दुल सत्तार आदि मौजूद थे।

### दिल का दौरा पड़ने से वार्ड सदस्य का आकस्मिक निधन

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** प्रखण्ड के डिहरी पंचायत के वार्ड आठ के वार्ड सदस्य हकीम अंसारी का शुक्रवार की देर रात दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। जनप्रतिनिधियों व आम लोगों ने उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में मुखिया कृष्णा कुमार, उप मुखिया रूबी देवी, वार्ड सदस्य सहाना खातुन, जवाहिर, विश्वनाथ, सत्येंद्र शर्मा व विद्याभूषण आदि शामिल हैं।

### विधुत ऊर्जा चोरी करते अधिकारियों ने एक दर्जन लोगों को रंगे हाथों पकड़ा

**नासरीगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** प्रखंड के धुस स्थित विधुत पावर सबस्टेशन में पदस्थापित कनीय विद्युत अभियंता पंकज कुमार शर्मा ने दल बल के साथ जीना व धुस गांव में विधुत ऊर्जा की चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस बीच छापेमारी दल ने एक दर्जन लोगों को अपने-अपने परिसरों में बिजली चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा।

गुप्ताधाम में नित दिन उमड़ रही गेरुआ वस्त्रधारियों का हुजूम

# हरहर महादेव के जयकारे से गूंज रही वादिया, मनोहर दृश्य को कैमरे में कैद करने को फिदा हो रहे श्रद्धाल

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सावन का महीना पवन करे शोर, जियारा रे झूमे ऐसे जैसे बालमा नाचे मोर, श्रावण माह का महीना हो और गुप्तेश्वरनाथ पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम इस समय न उमड़े यह संभव नही है। वैसे पहाड़ियों से लेकर रोहतास के मैदानी इलाकों में फिलहाल तड़क भड़क और गरज के साथ बारिश की रफ्तार थम सी गई है। लेकिन कही रुक रुक कर कभी कभार आंशिक रूप से रिमझिम बारिश हो जा रही है तो कभी झमाझम बारिश। वैसे पूरे जिले में मूसलधार बारिश नही होने और पूर्वा हवा के बयार के बीच उमस भरी भीषण गर्मी के साथ तेज धूप नित दिन खिलने से एक बार फिर से जेठ वैशाख का महीना लोगो को याद आने लगी है। इन सब से इतर हरे भरे वृक्षों से अच्छदादित दुर्गम पहाड़ियों के बीच रोहतास के वादियों में विराजमान देवाधि देव महादेव गुप्तेश्वरनाथ पर जलाभिषेक को ले बिहार, यूपी, झारखंड आदि प्रदेशों के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का जत्था इस समय नित दिन हज़ारों की संख्या में उमड़ रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण धाम से लेकर दुर्गम पहाड़िया, बस पड़ाव, सासाराम रेलवे स्टेशन जिले के विभिन्न सड़क मार्ग आदि जगह है। जहां गेरुआ वस्त्र धारण किए बम के हुजूम से गुलजार होता देखा जा रहा है। खासकर श्रावण के दूसरी सोमवारी को जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा इजाफा देखा जा रहा है। इस वर्ष श्रावण मास सोमवार को चढ़ते ही एक अनुमान के अनुसार पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गुप्ताधाम पहुंच कर गुप्तेश्वनाथ पर जलाभिषेक करने की सूचना है। हालांकि इस तादाद में लगातार वृद्धि हो रही है और समझा जाता है कि श्रावण के दूसरे सोमवारी के मौके पर भीड़ में ओर बढ़तोरी होगा। दर्शन पूजन करने वालो में पुरुषो के अलावा बड़ी संख्या में युवक, युवती तथा महिलाए और बच्चे भी शामिल है।वैसे तो वर्ष भर श्रद्धालुओं की हुजूम गुप्ता धाम में दो पहिया, चार पहिया वाहनों से उमड़ती रहती है। लेकिन श्रावण माह में अधिकांश श्रद्धालुओं की संख्या बिहार के पटना, भोजपुर, बक्सर, औरंगाबाद आदि के अलावा सीमावर्ती राज्य झारखंड व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आते है। पहाड़ियों से होकर दुर्गम रास्ते के अलावा अब सुगम रास्ते भी हो जाने से दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या में लोग गेरुआ वस्त्र धारण कर छोटे बड़े वाहनों से बोल बम के जयकारे लगाते हुए सड़क से लेकर दुर्गम पहाड़ियों और जंगलों से होकर धाम तक इसकी गूंज नित दिन सुनाई पड़ रही है। जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हालांकि गुप्ताधाम में श्रावण मास में लगने वाले मेला और श्रद्धालुओं के भारी संख्या में उमड़ने की संभावना के मद्देनजर किसी प्रकार की कोई कष्ट श्रद्धालुओं को न हो इसको लेकर रोहतास जिला प्रशासन ने धाम का दौरा कर अधिकारियों संग बैठक की तथा कई आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। जबकि पिछले दिनों रोहतास के जिलाधिकारी नवीन कुमार ने गुप्ताधाम विधि व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने संबंधी जानकारी दी। वही रोहतास के पुलिस कप्तान विनीत कुमार ने दौरा कर सुरक्षा की जानकारी ली। पटना जिले के दर्जनों श्रद्धालुओं ने गुप्तेश्वरनाथ का दर्शन पूजन कर लौटने के उपरांत सासाराम रेलवे स्टेशन पर गाड़ी की प्रतीक्षा में बैठे लोगो ने बताया कि दुर्गम पहाड़ियों के रास्ते धाम तक पहुंचना बहुत ही कठिन कार्य है। क्योंकि काफी उतार चढ़ाव रास्ते होने के अलावा खतरनाक भी है। रास्ते में एक दो जगह सिर छिपाने की जगह है। शेष जगह बारिश होने पर भींगते ही चढ़ना एव उतरना होता है।जबकि चेनारी के रास्ते काफी सुगम रास्ता है। जो दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहनों से धाम तक जया जा सकता है। फिलहाल भूस्खलन को देखते हुए चार पहिया वाहनों पर रोक लगा दी गई है। बताया की धाम पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक रौशनी, स्वास्थ्य, पेयजल, आक्सीजन, सुरक्षा आदि की व्यवस्था की गई है। लेकिन ठहरने के लिए कोई उत्तम यात्री लॉज नही है। बल्कि जीर्णशीर्ण अवस्था में पुराने एक दो धर्मशालाए है जो एक सीमित संख्या ही ठहर सकता है। बताया की धाम पर खाने पीने की व्यवस्था है। जहां प्रसाद से लेकर नाश्ता, खाना आदि की दुकानें लगी हुई है। श्रद्धालुओं ने यह भी बताया की इस समय रोहतास की वादियों में मनोहर दृश्य देखने को मिल रहा है। जहां दुर्गम पहाड़ियों से लेकर घने जंगल चहुओर हरे भरे वृक्षों से अच्छादित है। जिस दृश्य को हर कोई श्रद्धालु अपने मोबाइल की कैमरे में कैद करने को फिदा हो जा रहे है। फिलहाल दूसरी सोमवारी पर गुप्ताधाम में विराजमान गुप्तेश्वरनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम छोटे बड़े वाहनों के अलावा रेल मार्ग से उमड़ रहा है। जो सड़क, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन पर देखते ही बनता है।

## बाल तस्करों के चंगुल से 11 नाबालिग को आरपीएफ ने कराया मुक्त



- पुछताछ के क्रम में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि उक्त सभी बच्चों को बाल मजदुरी हेतु चेन्नई लेकर जा रहे थे।

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रेलवे स्टेशन सासाराम से रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने बाल मजदूरी के लिए चेन्नई जा रहे 11 नाबालिक बच्चों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। मामले में आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि विशेष चेंकिग के दौरान रेलवे स्टेशन सासाराम के प्लेटफार्म संख्या 2 पर गया चेन्नई साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं सियालदह अजमेर एक्सप्रेस से 11 नाबालिक बच्चों के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुछताछ के क्रम में गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि उक्त सभी बच्चों को बाल मजदुरी हेतु चेन्नई लेकर जा रहे थे। जहां बच्चों को प्रतिमाह 12 हजार रुपये दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में 22 वर्षीय तस्लीम, 29 वर्षीय प्रदीप प्रजापति, 23 वर्षीय सुबोध कुमार एवं 56 वर्षीय असगर मियां शामिल हैं। जिन्हें अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु रेल थाना सासाराम को सौंप दिया गया है तथा सभी बच्चों के परिजनों को सुपुर्दगी हेतु चाईल्ड हेल्प लाईन को जिम्मेदारी दी गई है। आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त डीडीयू जेथिन बी राज के निर्देशानुसार निरीक्षक प्रभारी सासाराम संजीव कुमार तथा बीबीए कोऑर्डिनेटर देशराज सिंह के नेतृत्व में ऑपरेशन आहट के तहत उक्त कारवाई को अंजाम दिया गया है। जिसमें उप निरीक्षक डी एस राणावत, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, प्रधान आरक्षी एसके पांडे, प्रधान आरक्षी शोभनाथ राम तथा बीबीए सदस्या चंदा गुप्ता का भी सराहनीय योगदान रहा।

## बिजली खपत की पल-पल मिलेगी मोबाइल पर जानकारी

- यदि कोई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ करेगा तो बिजली कंपनी को इसकी जानकारी तुरंत मिल जाएगी।

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सहायक अभियंता ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर ग्रामीण क्षेत्रों मे भी लगाने का कार्य प्रक्रियाधिन है। स्मार्ट मीटर के लग जाने से उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए विभाग का चक्कर नहीं लगाना होगा, लोग मोबाइल की तरह इसको रिचार्ज कर सकते हैं। यदि कोई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ करेगा तो बिजली कंपनी को इसकी जानकारी तुरंत मिल जाएगी। स्मार्ट मीटर लगने के बाद लाइन लॉस में भी कमी आएगी। कंपनी द्वारा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए पुराने व खराब ट्रांसफॉर्मर को हटाकर नए ट्रांसफॉर्मर लगाए जा रहे हैं। इससे वोल्टेज की समस्या दूर हुई है। इसके अतिरिक्त शहरी व ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफॉर्मर से गली-मुहल्ले में लगे तारों के स्थान पर अब सिर्फ केबल लग रहा है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बारे में जानकारी देते हुए विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज के सहायक अभियंता राज कुमार ने बताया की स्मार्ट मीटर में कई ऐसी खासियत है जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को बहुत अधिक राहत प्राप्त होगी। स्मार्ट मीटर को रिचार्ज कराने के बाद आपका बिजली विभाग पर किसी भी प्रकार का बकाया भार नहीं रहेगा और न ही बिजली विभाग का कोई भी कर्मचारी आपसे वसूली करने के लिए आएगा। स्मार्ट मीटर लग जाने के बाद ऊर्जा की बचत होगी और साथ ही गरीब लोग भी बिजली का इस्तेमाल अपने मन मुताबिक कर सकेंगे। क्योंकि ऐसे बहुत से गरीब लोग हैं, जो एक बार में अपना पूरा बिजली का बिल जमा नहीं कर सकते हैं। स्मार्ट बिजली मीटर बिजली सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे बिजली चोरी पर अंकुश लगने के साथ साथ उपभोक्ता अपने बिजली खपत व खर्च से संबंधित पल-पल की जानकारी अपने स्मार्ट फोन पर देख सकते हैं।

## ग्रामीण ईलाकों के सभी घरों में भी की जा रही स्मार्ट प्रीपेड मीटर की व्यवस्था

निजसंवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज में बिजली सप्लाई में सुधार की कवायद लगातार की जा रही है। इस कड़ी में अब स्मार्ट बिजली मीटर का भी नाम जुड़ गया है। अब विद्युत उपभोक्ताओं को न केवल बिजली बिल संबंधी समस्याओं से निजात मिलेगी, बल्कि उन्हें अपने घर एवं प्रतिष्ठान में बिजली खपत की पल-पल की जानकारी भी मोबाइल पर मिल सकेगी। बिजली की खपत के कारण सरकार ने एक बड़ा फैसला करते हुए अब सभी के घरों में नॉर्मल डिजिटल मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने का निर्देश जारी किया है। यह एक ऐसा मीटर है, जिसे रिचार्ज करने के बाद ही आप बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने व डिजिटल मीटरों की जगह अब नए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य शुरू हो गया है। इन मीटरों के लगने से उपभोक्ताओं को लाभ होगा। विद्युत उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग और बिल संबंधित समस्याओं का समाधान हो जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की अगर किसी से बात करने के लिए मोबाइल को रिचार्ज कराना होता है।

## सब इंस्पेक्टर के घर में 7 लाख की चोरी

- सब इंस्पेक्टर दिल्ली पुलिस में पदस्थापित है। महिला सब इंस्पेक्टर रश्मि किरण के घर चोरी हुई है। रश्मि किरण ने नौहट्टा थाना में सूचना दी है। सब इंस्पेक्टर के घर से गहना, बर्तन, कपड़े और कुछ पुरानी कीमती चीजों की चोरी हुई है।



निज संवाददाता

**सासारा (रोहतास)।** के नौहट्टा थाना क्षेत्र के खैरवा खुर्द गांव में महिला सब इंस्पेक्टर के घर चोरी हुई है। शनिवार रात दरवाजे की कुंडी काट चारों ने करीब पांच से 7 लाख रुपया के सामान की चोरी की गई है। सब इंस्पेक्टर दिल्ली पुलिस में पदस्थापित है। महिला सब इंस्पेक्टर रश्मि किरण के घर चोरी हुई है। रश्मि किरण ने नौहट्टा थाना में सूचना दी है। सब इंस्पेक्टर के घर से गहना, बर्तन, कपड़े और कुछ पुरानी कीमती चीजों की चोरी हुई है। बताते हैं कि घर में किसी के ना होने कारण चोरों ने सभी बक्सा, अटैची और अलमारी के ताले तोड़ दिए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर में कोई नहीं था। चोरों ने घर के बाहरी दरवाजे की कुंडी को काट कर चोरी की गई है। सुबह ग्रामीणों ने देखा तो सब इंस्पेक्टर रश्मि किरण को मोबाइल पर सूचित किया गया। इसके बाद नौहट्टा थाना की पुलिस ने पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। नौहट्टा थानाध्यक्ष कमलुद्दीन ने बताया कि खैरवा खुर्द गांव में चोरी हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## तीन दिवसीय साहित्य संगीत एवं नाट्य समागम का हुआ शानदार आगाज

निज संवाददाता



**पटना।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के तत्वॉवधान में साहित्यिक संस्था सामयिक परिवेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय साहित्य, संगीत एवं नाट्य समागम आज से शुरु हो गया। पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर ने किया। उद्घाटन के अवसर पर सुमन कुमार निदेशक, कला जागरण, दीपक कुमार शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक पटेल नगर, सामयिक परिवेश की संस्थापिका ममता मेहरोत्रा, सचिव अशोक कुमार सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश महान, विभा सिंह और सविता राज उपस्थित थे। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि कला संस्कृति विभाग का काम ही कला और संस्कृति को प्रोत्साहित और संरक्षित करना है। विभाग आगे भी ऐसा करता रहेगा। उन्होंने ऐसे समृद्ध कार्यक्रम के लिए आयोजकों का धन्यवाद भी दिया। मौके पर सामयिक परिवेश की संस्थापिका ममता मेहरोत्रा ने कहा कि हम लगातार काम कर रहें हैं। इस आयोजन के बहाने सभी विद्धा के कलाकारों और साहत्यकारों को पटना के मंच पर एकत्रित करने का काम लगातार 9 वर्षों से करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था कलाकार और साहित्यकारों को मंच देने के लिए संकल्पित है। पहले दिन प्रेमचंद रंगशाला में देश के नामचीन कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कविता पाठ करने वाले कवियों में प्रेमकिरण, भगवती प्रसाद द्विवेदी, संजय कुंदन, नसीम अख्तर, समीर परिमल,डा. प्रतिभा रानी, मीना परिहार, राजकांता, सविता राज आदि प्रमुख थे। इसके पहले लिटेरा पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा संगीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति हुई। इसक साथ ही ममता महरोत्रा की नई पुस्तक मंदिर यात्रा का लोकार्पण भी हुआ। पहले दिन कार्यक्रम का समापन ममता मेहरोत्रा की कहानी पर आधारित नाटक बुनकर की बेटी के मंचन के साथ हुआ। नाट्य संस्था कला जागरण द्वारा प्रस्तुत इस नाटक का निर्देशन सुमन कुमार ने किया था।

## नए रचनाकार हमारे साहित्य पाठशाला के मुख्य नायक हैं : सिद्धेश्वर

निज संवाददाता



**पटना।** कविता में गीत और ग़ज़ल आज अधिक लोकप्रिय है। और उसमें भी हिंदी ग़ज़ल की लोकप्रियता के क्या कहने। इस बार कविता सप्ताह में ढेर सारी हिंदी ग़ज़लें प्रस्तुत की गई। हिंदी ग़ज़ल के बादशाह दुष्यंत कुमार की तरह गोपाल दास नीरज जी की ग़ज़ल, जिसे वे गीतिका कहा करते थे, उनकी भाषा और शैली इसलिए इतनी लोकप्रिय हुई क्योंकि उनकी ग़ज़लों में हिंदी की प्रधानता रहती थी। उर्दू शब्द का उपयोग उन्होंने किया भी है तो बहुत कम। और फिर ऐसे उर्दू शब्दों का उपयोग किया है, जिसके लिए बार-बार उर्दू हिंदी डिक्शनरी देखने की ज़रूरत नहीं पड़ती थी। हर ग़ज़ल के प्रकाशित होने के साथ-साथ उसके नीचे उर्दू शब्दों का हिंदी अर्थ, या मंच पर ग़ज़ल का पाठ करते समय, उर्दू शब्द का हिंदी अर्थ भी बतलाने की ज़रूरत बहुत कम पड़ी। क्योंकि उनकी उर्दू शब्दावली आम लोगों के बोलचाल की भाषा में शामिल थे। इस बार कविता सप्ताह में कुछ ऐसी ही ग़ज़लों की भरमार रही। साथ ही एक से बढ़कर एक गीत कविता भी प्रस्तुत की गई। भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वधान में, व्हाट्सएप के अवसर साहित्य यात्रा के पेज पर ऑनलाइन अवसर साहित्य पाठशाला सह कार्यशाला के 51वें एपिसोड में, पूरे देश में पहली बार इस तरह का ऑनलाइन आयोजन करने वाले संयोजक सिद्धेश्वर ने उपरोक्त उद्गार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि कई नए रचनाकार इस पाठशाला में शामिल हो रहे हैं और लाभ उठा रहे हैं। नए रचनाकार हमारे साहित्य पाठशाला के मुख्य नायक हैं। अवसर साहित्य यात्रा के व्हाट्सएप पेज पर, महीने के तीसर सप्ताह में कविता सप्ताह के अंतर्गत, देशभर के रचनाकारों ने खुले दिल से अपनी- अपनी रचनाओं को प्रस्तुत किया और एक दूसरे की रचनाओं को पढ़ते हुए, इसे पाठशाला सह कार्यशाला का रूप दिया। इस बार कविता सप्ताह (जुलाई 2024 में, अवसर साहित्य यात्रा में प्रस्तुत की गई कविताओं में विशेष रूप से उल्लेखित कविताओं के कवि थे, सर्वश्री विज्ञान व्रत, योगराज प्रभाकर, आशा शैली, अनीता मिश्रा सिद्धि, सपना चंद्रा, रश्मि लहर, उमाकांत भारती, अंजू दास गीतांजलि, सरला मेहता, अशोक दर्द, चंद्र प्रकाश तारा, निर्मल कुमार दे, विजया कुमारी मौर्य विजय, जसप्रीत कौर फलक, नूरिन शर्मा, अर्चना कोहली, सुरेश शर्मा, प्रभात कुमार धवन, मनीष मधुकर, कालजयी घनश्याम, सुधाकर मिश्रा, अनीता पांडा, इंदु उपाध्याय, डॉ रमेश चंद्र, निर्मला कर्ण, हरि प्रकाश उपाध्याय, डॉ मंजू गुप्ता, अन्नू, श्रीकांत, सिद्धेश्वर, ऋचा वर्मा, मनीष मधुकर, आशीष आनंद, डॉ. विद्या चौधरी, रश्मि लहर, अपूर्व कुमार, आदि ने भाग लिया एवं अन्य विचारकों ने भी अपने विचार इस प्रकार व्यक्त किय आशा शैली ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नए पुराने कवियों को, इस पेज पर खुला मंच देकर, सिद्धेश्वर जी ने सराहनीय प्रयास किया है। कुछ कविताएं तो बहुत अच्छे स्तर की है।कुछ कवियों को अपनी ग़ज़ल सृजन के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है। एक दूसरे की रचनाओं को देखकर तथा उन रचनाओं पर प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर, समझा जा सकता है। सुरेश शर्मा की कविता को और बेहतर बनाया जा सकता है। सुरेश मुझे भी यही लगा था। कविता की खूबसूरती कम हो रही थी। लखन सिंह आरोही ने विज्ञान व्रत की ग़ज़ल पर प्रतिक्रिया दिया-श्रेष्ठ गजल का सृजन किया है आपने-' जिंदगी आपके लिए अभिशाप हो गई। बहुत खूब! शुभम कुमार ने लिखा सिद्धेश्वर जी का आलेख पढ़कर सुखद लगा उषा किरण खान कमाल की शख्सियत थी। प्रभात कुमार धवन ने लिखा- सिद्धेश्वर जी का यह संस्मरण अच्छा लगा। बिहारी लाल प्रवीण ने लिखा है कि पलक द्विवेदी की कविता में कविता दिखती है एक सशक्त रचनाकार की सारी खूबियां मौजूद है उनमें। अरविंद कुमार मिश्रा ने लिखा है सिद्धेश्वर जी यह अमृत है अमृत काल में, मैं भी उलझ गया आपके जाल में। विजया कुमारी मौर्य ने अपूर्व कुमार की कविता पर लिखा अति सुंदर प्रार्थना ऐसे पद्य कभी कभी मानस पटेल पर आते हैं। मराठी की रचनाकार ने लिखा कि कई कविताओं की बेहतरीन प्रस्तुति हुई है। साथ में कुमारी ज्योति ने लिखा है कि संयोजक सिद्धेश्वर जी के अथक परिश्रम का यह परिणाम है। उनके जुनून को हमारा नमन, जुलाई महीना के कविता सप्ताह की समाप्ति रविवार को, आशा शैली की अध्यक्षता एवं प्रख्यात शायर अशोक अंजुम के मुख्य अतिथि में हेलो फेसबुक कवि सम्मेलन के साथ समापन हुआ। इस पूरे सप्ताह के प्रभारी थे।

## कालेज में चोरी की प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के वीर कुंअर सिंह इंटर महिला महाविद्यालय मेदिनीपुर में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। कॉलेज के प्रधान सहायक सह लेखापाल मो. शहाबुद्दीन ने स्थानीय थाना में चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि सभी कॉलेज कर्मचारी दिनांक 23 जुलाई को कॉलेज बन्द कर चले गए। जब 24 जुलाई को हम सभी कर्मचारी कॉलेज परिसर में पहुंचे तो देखा कि अज्ञात चोरों के द्वारा चैनल गेट में बाहर से अपना अलग ताला लगा दिया गया था और कॉलेज का ताला तोड़कर वहीं फेंक दिया गया था। इसके बाद हम सभी कर्मचारियों ने प्राचार्य को सूचना दिया तथा प्राचार्य के द्वारा दूरभाष के माध्यम से नासरीगंज थाना को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद स्थानीय थाना के द्वारा कॉलेज परिसर में आकर घटना का जायजा लिया गया। सीसीटीवी फुटेज देखा गया तो उसमें तीन अज्ञात चोर चैनल गेट का तालाब तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। चोरों के द्वारा तीन सीसीटीवी कैमरा, एक एचपी का मोटर, एक गार्डन पाइप, दो सीलिंग पंखा, एक स्टैंड पंखा, एक फ्लड लाइट, एक बिछाने वाला टाट के साथ में कुछ कॉलेज का कागजात चोरी किया गया है। साथ ही प्राचार्य कक्ष का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। उक्त तिथि को कॉलेज के दोनों रात्रि प्रहरी बिना सूचना के अपने ड्यूटी से अनुपस्थित थे। सभी घटनाओं का वीडियो फुटेज पेन ड्राइव में उपलब्ध कराया गया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि चोरी का आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर घटना का अनुसंधान कर रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## डाक सेवाओं की दी गई जानकारी

**बिक्रमगंज (नि.सं.)।** डाक अनुमंडल के नोनहर पंचायत भवन में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। जिससे ग्रामीण जनता को डाक विभाग से मिलने वाली सेवाओं की जानकारी दिया गया। डाक निरीक्षक विकाश कुमार दुबे के द्वारा ग्रामीण जनता को बचत खाता, सुकन्या समृधि योजनाओं जैसे 0 से 10 बर्ष की बचियों का बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक जैसे तमाम सेवाओ की जानकारी दी गई। जिसमे डाक विभाग के कर्मी, शाखा डाक पाल मिथलेश सिंह,ब्रांच पोस्ट मास्टर शशि भूषण मिश्रा,ओवरसियर संजय कुमार, बिरेंद्र सिंह, सुभम् जी, सोनू जी सहित चौपाल में सभी कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनुमंडल के लोगो ने सेवाओ के बारे मे जानकारी प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मेन उप डाकघर में फिलाटेली क्विज हुआ

**गया।** गया प्रमंडल के मेन उप डाकघर अंतर्गत बीडीआरएच ग्लोबल स्कूल में फिलाटेली क्विज का आयोजन किया गया। इसमें बीडीआरएच ग्लोबल स्कूल, बाल विद्या मंदिर जहानाबाद, ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल मखदुमपुर और प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेन के लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बीडीआरएच ग्लोबल स्कूल प्रथम, बाल विद्या मंदिर जहानाबाद दूसरे व प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय तीसरे स्थान पर रहे। मौके पर डाक विभाग के अधिकारी व कर्मी भी मौजूद थे।

### सरमेरा में मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**सरमेरा।** स्थानीय पुलिस ने मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के गौस नगर गांव निवासी मुरारी प्रसाद है। सहायक थानाध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि आरोपी ने गांव के ही एक युवक को मारपीट कर जख्मी कर दिया था। इस संबंध में जख्मी युवक द्वारा स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया गया था।

### थाने में जनता दरबार

**रहुई।** स्थानीय थाना परिसर में जमीन से संबंधित मामले के निष्पादन के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। सीओ मनोज कुमार ने बताया कि जनता दरबार में सिर्फ एक नया मामला आया। जबकि दो पुराने मामले का निष्पादन कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय में भूमि से संबंधित अभी भी 12 मामला पुराना है। जिसका निष्पादन करना बाकी है। जनता दरबार के दौरान एक पक्ष के लोग आते हैं तो दूसरे पक्ष के लोग गायब रहते हैं। जिसके वजह से मामले का निष्पादन नहीं हो पाता है। इस मौके एसआई ललन कुमार उपस्थित थे।

### सामुदायिक सहभागिता दिवस का आयोजन

**सिलाव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ पर शिक्षा सप्ताह के तहत प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय दरियासराय में सामुदायिक सहभागिता दिवस का आयोजन किया गया। शिक्षक रोहित कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 पूरे देश में क्रमानुसार विभिन्न चरणों में लागू हो रहा है। जिसके प्रचार प्रसार के लिए चौथी वर्षगांठ पर शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस मौके पर शिक्षक–अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बच्चों के बीच एफएलएन किट वितरण किया गया। शिक्षक धीरज कुमार, मो. नजमुद्दीन, कंचन कुमारी, वार्ड सदस्य रिंकू देवी, सचिव कंचन माला के नेतृत्व में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई।

### व्यापक संसाधनों और उपलब्ध सेवाओं से परिचित होने का अवसर मिलता है




**टिकारी।** शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 की शुरुआत के साथ सीयूएसबी के राजर्षि जनक केंद्रीय पुस्तकालय ने नव नामांकित छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट विभागों के लिए तैयार किए गए सत्र शामिल किए गए। इनमें शैक्षणिक सफलता के लिए आवश्यक प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई।पीआरओ मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि अभिविन्यास कार्यक्रम कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार. राणा के आवश्यक प्रशासनिक सहयोग के साथ आयोजित किया गया। विवि के लाइब्रेरियन डॉ. प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अभिविन्यास सत्र डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. पंकज माथुर, असिस्टेंट लाइब्रेरियन डॉ. मयंक युवराज और प्रोफेशनल असिस्टेंट मो. अरशद अली द्वारा संचालित किया गया। डॉ. युवराज ने पुस्तकालय, इसके व्यापक संग्रह, पुस्तकालय के पुस्तकों को नेविगेट करने, पुस्तकालय में दी जाने वाली सेवाओं और और ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग का उपयोग करने के मार्गदर्शन के साथ सत्रों की शुरुआत की। वहीं डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. माथुर ने मो. अली के साथ विभिन्न विषयों में शोध और अध्ययन के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों तक पहुंचने और मायलोफ्ट सॉफ्टवेयर का उपयोग करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

### वकील के निधन पर शोकसभा



**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में संघ के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश कुमार निराला की अध्यक्षता में संघ के सदस्य सुरेंद्र प्रसाद के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। उपस्थित लोगों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने अपने आपको न्यायालय कार्य से अलग रखने का फैसला किया। संघ के महासचिव दिनेश कुमार ने बताया कि अधिवक्ता सुरेंद्र प्रसाद का निधन 26 जुलाई की रात देवघर जाने के क्रम में ब्रेन हेमरेज से हो गया था। ये मानपुर थाना क्षेत्र के परोहा गांव के निवासी थे। स्थानीय व्यवहार न्यायालय में 13 वर्षों से अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय कर रहे थे। वे सिविल साइड के अधिवक्ता थे। वे अपने पीछे पत्नी, 14 वर्षीय एवं 12 वर्षीय दो पुत्री, 2 वर्ष का एक पुत्र के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष में प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय अखौरी अभिषेक सहाय की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश षष्टम धीरज कुमार भास्कर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम धीरेंद्र कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 11 कन्हैया लाल यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 12 प्रमोद कुमार पांडे, न्यायाधीश अमित गौरव, अभय सिंह के साथ कई न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में संघ उपाध्यक्ष विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार, विपिन कुमार, प्रियरंजन, ओम प्रकाश निराला, सुनील कुमार, अंजुम अहसन, अरविंद कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सरकारी डॉक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर लगे रोक , नहीं तो होगा आंदोलन : राजद

**गया।** महात्मा ज्योतिबा फुले क्रांतिकारी संघ के राष्ट्रीय संयोजक सह राजद के प्रांतीय सचिव विनय कुशवाहा ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में काम करने वाले सरकारी डॉक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर अविलंब रोक लगाए, नहीं तो पार्टी आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेगी। बिहार के गरीब, मजदूर, कमजोर जनता गंभीर बीमारी का इलाज करने के लिए सरकारी अस्पताल में आते हैं और सरकारी अस्पताल की बदतर व्यवस्था व सरकारी डॉक्टर की लापरवाही से मौत के मुंह में चले जाते हैं।



# गया में महिला डॉक्टर ने की खुदकुशी

## आज लगी थी ड्यूटी, कमरे से नहीं निकली तो साथियों ने दरवाजा तोड़ा

**निज संवाददाता। गया**



गया के मगध मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के गर्ल्स पीजी हॉस्टल में रविवार सुबह एक महिला डॉक्टर की लाश मिली है। सुसाइड करने वाली डॉ. वंदना हॉस्टल नंबर 7 में रहती थी। आज सुबह उसकी ड्यूटी लगी थी, लेकिन वो अपने कमरे से बाहर नहीं निकली। हॉस्टल की अन्य साथियों को जब इसकी सूचना मिली तो सभी ने मिलकर कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। साथियों ने देखा कि डॉ. वंदना का शव दुपट्टे से लटका हुआ है। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वंदना के कमरे से एक हेलमेट मिला है। जबकि उसके पास स्कूटी नहीं है। वहीं, जिस स्टूल के सहारे उसने फांसी लगाई है, उस स्टूल पर ही उसका पैर है। मतलब पैर हवा में झूल नहीं रहा है। यह बातें पुलिस जांच से निकल कर आई है। वंदना के बेटे हनी का कहना है कि वह कल से अपनी मां को फोन कर रहा था, लेकिन वह नहीं उठा रही थी। वंदना की मौत की खबर सुनकर मृतका का बेटा हनी, बहन और गोतनी और भाई हॉस्टल पहुंचे हैं। MBBS के बाद यहां से डॉ.वंदना अस्पताल के स्त्री रोग विभाग में पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही थी।

**मुजफ्फरपुर की रहने वाली थी डॉ.वंदनाः** महिला डॉक्टर मूल रूप से मुजफ्फरपुर की रहने वाली थी। मृतक के पति अमितेंद्र कुमार सिन्हा रेलव में नौकरी में करते हैं और पटना में पोस्टेड हैं। जानकारी के मुताबिक, पति अमितेंद्र कुमार 26 जुलाई को ही पत्नी वंदना से मिलने आए थे। दोनों का एक 17 साल का बेटा है, जो दिल्ली में पढ़ाई करता है। मृतक के पति पटना से गया के लिए रवाना हो चुके हैं। पुलिस वालों का कहना है कि मृतका की छोटी बहन का कहना है कि जब तक वो गया नहीं पहुंचती तब तक शव को पंखे से नीचे नहीं उतारा जाए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मगध मेडिकल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने लोगों की मदद से लाश को नीचे उतारा है। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

**जेठानी बोली- वंदना सुसाइड नहीं कर सकतीः** मत महिला की जेठानी कुमकुम सिन्हा ने कहा कि वंदना सुसाइड नहीं कर सकती है। कुछ समझ में नहीं आ रहा है। वो कमजोर लेडी नहीं थी। वो काफी मेहनत कर यहां तक पहुंची थी। घर में सभी का सपोर्ट था। वंदना के दो बच्चे हैं। लड़का 19 साल का और लड़की 5 साल की।

**सीसीटीवी भी खंगाल रही पुलिसः** पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में यह सुसाइड का मामला लग रहा है। पोस्टमॉर्टम के बाद सही जानकारी सामने आ पाएगी। कमरे को अच्छे से सर्च किया जा रहा है। किसी को भी पुलिस अंदर नहीं जाने दे रही है। पुलिस हॉस्टल में लगे सीसीटीवी भी खंगाल रही है।

## पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेवारी



**निज संवाददाता। राजगीर**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी के परिसर में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य विवेक किशोर ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मिशन लाइफ के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान आने वाले समय में प्रकृति संरक्षण के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु तक 200 पेड़ लगाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने अपनी मां के नाम से एक एक पौधा लगाया। विज्ञान शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अपने जन्मदिन या अन्य किसी अवसर पर घर के आस पास या किसी मैदान में पौधे लगाकर उस दिवस को यादगार बनाएं। पौधरोपण के एक साथ कई लाभ है। मानव ने अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति से जिस तरह से खिलवाड़ किया है उसका दुष्परिणाम हमारे सामने है। कहीं बाढ़ है तो कहीं सुखाड़ की स्थिति बनी हुई है। भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। प्रकृति संरक्षण के लिए पौधरोपण सबसे बेहतर उपाय है।

## सब्जी उत्पादक सहयोग समिति के लिए प्रस्ताव तैयार करने का आदेश

**निज संवाददाता। गया**



कलेक्ट्रेट के सभागार में शनिवार को सहकारिता विभाग-सह-पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सहकारिता विभाग की समीक्षा में महकार भवन के लिए भूमि उपलब्धता के संबंध में अपर समाहर्त्ता ने बताया कि 20 हजार वर्गफीट भूमि चिह्नित कर दे दिया गया है। साथ ही प्रखण्डस्तरीय सब्जी उत्पादक सहयोग समितियों की आधारभूत संरचना निर्माण के लिए नौ प्रखंडों से भूमि की जानकारी मांगी गई थी। जिसमें आठ प्रखंडों में भूमि चिह्नित कर लिया गया है और शेष प्रखंड में अंचल अधिकारी को निर्देश दिया जा चुका है। जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया को सभी चिह्नित भूमि का स्थल निरीक्षण कर उससे अवगत कराने का निर्देश दिया गया। मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि गया जिला काफी बड़ा क्षेत्र है। सभी बचे हुए प्रखंड व अनुमंडलों में भी सब्जी उत्पादक सहयोग समिति निर्माण का प्रस्ताव तैयार करें। डीसीओ को निर्देश दिया गया कि प्रस्तावित गोदाम के लिए चिह्नित भूमि का निरीक्षण कर उसकी सूची तैयार कराएं। डीसीओ ने बताया कि गया जिले में कुल 52 किसानों द्वारा 75 एमटी गेहूं अधिप्राप्ति की गई है। मार्केट दर अधिक रहने के कारण किसान पैक्स को गेहूं नहीं बेच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सिविल सर्जन, गया से अनुरोध किया गया कि गया सदर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए स्थल चिह्नित कर भूमि उपलब्धता के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही छोटकी नवादा, गया अवस्थित कुष्ठ रोग अस्पताल को गया शहर क्षेत्रांतर्गत अस्पताल में स्थानान्तरित के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। नगर निगम की समीक्षा में उप नगर आयुक्त ने बताया कि गर्मी के दिनों में जिस-जिस वार्ड में पेयजल की समस्या होने पर सभी स्थानों पर टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाया गया है और सभी वार्डों के बड़े-बड़े नालों की समुचित सफाई करवाई गई है। मंत्री ने कहा कि एपी कॉलोनी में ऑडिटोरियम काफी जर्जर है।

## जदयू नेता राजीव रंजन को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि, पार्टी कार्यालय में रखा गया 2 मिनट का मौन

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा में जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय प्रवक्ता और इस्लामपुर के पूर्व विधायक राजीव रंजन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बिहारशरीफ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने स्वर्गीय रंजन के सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और हरनौत के पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील कुमार ने कहा कि राजीव रंजन के निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। वे एक कुशल प्रवक्ता थे, जो सरकार के विकास कार्यों को जनता के बीच सरलता से रख पाते थे और साथ ही विपक्ष को भी करारा जवाब देने में सक्षम थे। उन्होंने आगे कहा कि राजीव रंजन की लेखनी का कोई सानी नहीं था। वे पार्टी के हर स्तर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी से अत्यंत विनम्रता से पेश आते थे। यही कारण है कि आज उनके श्रद्धांजलि समारोह में जिले भर के कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। कार्यक्रम में जदयू के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अरशद, जिला महासचिव अरविंद कुमार, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान दिव्या भारती, मीरा कुमारी, वनारस प्रसाद सिन्हा, चंद्र किरण, विनोद कुमार सिंह, प्रविंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद सिंह और अन्य कई नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राजीव रंजन न केवल एक कुशल राजनेता थे। बल्कि उनका व्यक्तित्व भी प्रेरणादायक था। उनकी अकाल मृत्यु से न केवल जदयू पार्टी, बल्कि समूचे बिहार की राजनीति को एक बड़ा झटका लगा है। उनके द्वारा किए गए काम और उनका विनम्र व्यवहार लंबे समय तक याद किया जाएगा।

## पीपल वृक्ष से भगवान बुद्ध का रहा है गहरा रिश्ता

**निज संवाददाता। बोधगया**



पीपल नीम तुलसी अभियान के संस्थापक सह अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बिहार एवं अन्य प्रदेशों के पर्यावरण मित्रों द्वारा बहुप्रतीक्षित बोधिवृक्ष पदयात्रा ब्रह्मयोनि पर्वत स्थित ओटीए ग्राउंड से सुबह 7 बजे प्रारंभ हुई। पद यात्रियों को स्वागत गया के पर्यावरण प्रेमियों अशोक सिंह, दिनेश, संजय पाठक, सौरभ, डॉ राम लखन डागा, सुमित सिंह, सोनू, धर्मेन्द्र प्रसाद आदि ने नीम का माला और पीपल के पौधे भेंट कर किया। यात्रा का शुभारंभ भारतीय भिक्षु संघ बोधगया के महामंत्री भंते प्रज्ञा दीप ने पंचशील ध्वज दिखाकर किया और कहा कि भगवान बुद्ध का पीपल वृक्ष से गहरा नाता था। अशोक सिंह ने स्वागत करते हुए वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया। बोधिवृक्ष यात्रा के संयोजक डॉ धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि मार्ग वृक्षपालन के अंतर्गत सड़कों के किनारे वृक्ष लगाना और फिर उनका अनुरक्षण करना आता है। सड़कों के किनारे पेड़ लगाना एक पुनीत कार्य समझा जाता है। यात्रियों को छाया के साथ ही पर्याप्त ऑक्सीजन भी मिलती है। इस पद यात्रा में डॉ ओपी चौधरी, वाराणासी, मोहनलाल वर्मा, मेरठ, नैपाल सिंह पाल, मुरादाबाद, ट्री मैन रवि प्रकाश रवि, सुपौल, वशिष्ठ राय वशिष्ठ, समस्तीपुर, डॉ संजय मंगलम, कर्मवीर आज़ाद सहित अन्य स्थायी रूप से सम्मिलित थे।

## नालंदा में सूखे का संकट, किसानों की बढ़ी परेशानी, 10 दिन नहीं हुई बारिश तो सूखे की चपेट में आएगा जिला

**निज संवाददाता। नालंदा**



मानसून ने नालंदा जिले के किसानों को चिंता में डाल दिया है। जुलाई के अंतिम सप्ताह में भी आकाश से बरसात की बूंदें नदारद हैं, जिससे खरीफ की फसल, विशेषकर धान की खेती, गंभीर खतरे में पड़ गई है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 26 जुलाई तक जिले में केवल 28 प्रतिशत रोपनी हुई है, जो सामान्य स्थिति से लगभग 27 प्रतिशत कम है। विभाग के अनुसार, इस समय तक लक्ष्य का करीब 55 प्रतिशत रोपनी हो जानी चाहिए थी। नालंदा के कृषि अधिकारी राजीव कुमार ने बताया, "इस वर्ष जिले में 1,44,948 हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब तक केवल 39,659 हेक्टेयर में ही रोपनी हो पाई है। बारिश की कमी से न केवल रोपनी प्रभावित हुई है, बल्कि बिचड़े भी बर्बाद होने लगे हैं।स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि अगले 10 दिनों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई, तो पूरा क्षेत्र सूखे की चपेट में आ सकता है। जुलाई की शुरुआत में एक सप्ताह तक अच्छी बारिश हुई थी, लेकिन उसके बाद से बारिश का शोर बिल्कुल थम गया है। नदियाँ, नहरें और तालाब सूख गए हैं।"

**रबी की फसल पर भी पड़ेगा प्रभावः** वर्तमान स्थिति में, केवल वे किसान ही रोपनी कर पा रहे हैं जिनके पास निजी बोरिंग और बिजली मोटर की सुविधा है। लेकिन यहाँ भी बिजली कटौती एक बड़ी बाधा बन गई है। बिजली मोटर के सहारे धान की खेती करना अब एक बड़ी चुनौती बन गया है।किसानों के लिए समय भी विरोध में है। अच्छी उपज के लिए 15 अगस्त तक रोपनी पूरी करनी होगी। इसके बाद की गई रोपनी से न केवल धान की उपज प्रभावित होगी, बल्कि आगामी रबी की फसल पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**क्या बोले कृषि विशेषज्ञः** कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले एक सप्ताह में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो न केवल इस वर्ष का कृषि लक्ष्य प्राप्त करना मुश्किल होगा, बल्कि यह क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अगले कुछ दिनों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। लेकिन क्या यह बारिश नालंदा के किसानों की उम्मीदों को जीवित रख पाएगी, यह देखना बाकी है।

## नालंदा में सड़क हादसे में युवक की मौत, ट्रैक्टर और बाइक के बीच हुई टक्कर, एक युवक गंभीर रूप से घायल

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा जिले में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई और दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना सारे थाना क्षेत्र के चंदा और बुटहा गांव के बीच हुई है। दुर्घटना तब हुई जब एक ट्रैक्टर और एक मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई। मृतक की पहचान पटना जिला के बेलछी थाना क्षेत्र के एकडंगा गांव निवासी सुरेंद्र पासवान के (25) वर्षीय पुत्र सहदेव कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान पटना जिला के घोसबरी थाना क्षेत्र के कुर्मीचक गांव निवासी मौली महतो के (22) वर्षीय पुत्र गजाधर कुमार के रूप में की गई है।

**ट्रैक्टर चालक मौके से फरारः** घटना के सम्बंध में परिजन ने बताया कि युवक एकडंगा गांव से अस्थावां के सहबाजपुर जा रहे थे। दुर्भाग्य से, चंदा और बुटहा गांव के बीच उनकी मोटरसाइकिल एक आते हुए ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सहदेव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सारे थाना के थानाध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का मुआयना किया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ स्थित सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आवेदन प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

## डायल 112 और 1930 के बारे में बच्चों को किया जा रहा है जागरुक

**निज संवाददाता। गया**



बिहार पुलिस की डायल 112 एवं साइबर ठगी होने पर डायल 1930 सेवा के बारे में स्कूली बच्चों को जागरुक किया जा रहा है। गया पुलिस की ओर से जिले के विभिन्न स्कूलों में जाकर इन सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर छात्र-छात्राओं को किसी भी आपात स्थित में तुरंत सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एसएसपी आशीष भारती के निर्देशन में इमामगंज थाना की महिला पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी द्वारा +2 प्रोजेक्ट हाई स्कूल स्कूल इमामगंज में जाकर वहां उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ संवाद किया गया। संवाद के दौरान उन्हें महिला हेल्प डेस्क, नए आपराधिक कानूनों एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही महिला हेल्प डेस्क का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने के साथ-साथ डायल 112 एवं साइबर अपराध के लिए 1930 की सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने या उसका शिकार होने और आसपास विधि व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न होने पर डायल 112 को कॉल एवं साइबर ठगी के शिकार होने पर तुरंत 1930 डायल कर सहायता प्राप्त करने के बारे में बताया गया।

# पद संभालते ही एक्शन में बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल

**2025 के एजेंडे पर 3 अगस्त से करेंगे यह काम**



**पटना।** बिहार भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि जात-पात और वर्गभेद से परे भाजपा के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान दिलायेंगे। बतौर अध्यक्ष वे इसका यथोचित ध्यान रखेंगे। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव पर अपनी रणनीति शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि एनडीए के सभी दलों से बेहतर संवाद स्थापित कर गठबंधन को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने 2025 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात बताई थी। दावा किया कि बिहार में अगली सरकार एनडीए की ही बनेगी।

पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगे जो समर्पित कार्यकर्ता किसी भी कारण से खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं, उन्हें मुख्यधारा में लायेंगे। उन्हें वाजिब सम्मान दिलायेंगे। पार्टी में उनकी सहभागिता तय करेंगे। बातचीत में डॉ. जायसवाल ने बतौर अध्यक्ष अपनी प्राथमिकता तथा कार्य योजनाएं साझा कीं। बताया कि 3 अगस्त से वे जिलों का दौरा सह प्रवास आरंभ करेंगे। बिहार विस चुनाव 2025 के मद्देनजर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। राज्य में एनडीए को 2010 से भी बड़ी जीत दिलाने के लिए उनसे फीडबैक लेकर चुनावी प्रबंधन की रणनीति बनायेंगे। पार्टी संगठन को 2025 चुनाव के लिए बूथस्तर तक धारदार बनाने की आवश्यकता है। नये अध्यक्ष के रूप में हम इसपर काम करेंगे।

### बेहतर संवाद स्थापित करना उनकी प्राथमिकता

दिलीप जायसवाल ने कहा कि बतौर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बिहार में एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए जरूरी हुआ तो तंत्र भी विकसित करेंगे। डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि भाजपा कोटे के मंत्री अपने विभाग की योजनाओं से जनता की सेवा कर रहे हैं, इसका अहसास भी लोगों को होना चाहिए। इसकी समीक्षा भी आवश्यक है। मंत्रियों को 'डिलीवरी ऑफ सर्विसेज' को दुरुस्त करना होगा। बतौर अध्यक्ष यह उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा और इसपर मंत्रियों के साथ मिलकर काम करेंगे।

### पार्टी कार्यकर्ताओं का करायेंगे वृहत्त प्रशिक्षण

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वे केन्द्र और राज्य सरकार की समग्र योजनाओं को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करायेंगे। इन योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत लोगों तक कैसे पहुंचे, योजनाओं की सुविधा गांव-गांव तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता किस तरह अपनी भूमिका निभा सकते हैं, इसकी ट्रेनिंग हम शीघ्र आरंभ करायेंगे।

### विपक्ष के झूठ और फरेब को बेनकाब करेंगे

उन्होंने कहा कि बिहार का विपक्ष बीच-बीच में लोगों के बीच गलत अवधारणा बनाने और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है। खासतौर से रोजगार, आरक्षण जैसे मुद्दों पर। बतौर अध्यक्ष विपक्ष को करारा जवाब देने की योजना पर काम करेंगे। हकीकत है कि हमारी सरकार ने 12 लाख नौकरी का लक्ष्य तय किया है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लाखों नौकरियां दी गई हैं। नौकरी और रोजगार का करीब-करीब दोगुना लक्ष्य सरकार अलगे चुनाव के पहले हासिल कर लेगी। वहीं आरक्षण पर आए हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की जा चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### विष्णुपद और महाबोधि मंदिर के साथ मां मंगला गौरी कॉरिडोर भी बने, मंत्री प्रेम कुमार ने कर दी मांग

**गया।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले दिनों बजट 2024 में गया के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर और बोधगया के महाबोधि मंदिर में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया। अब नीतीश सरकार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) कोटे से मंत्री प्रेम कुमार ने मांग की है कि मां मंगला गौरी मंदिर में भी कॉरिडोर



बनाया जाना चाहिए। बता दें कि गया में स्थित मां मंगला गौरी का मंदिर 52 शक्तिपीठों में से एक है। यहां नवरात्र के दौरान लाखों की संख्या श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं।

विष्णुपद और महाबोधि मंदिरों में कॉरिडोर बनाए जाने की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के द्वारा शनिवार को गया में आभार जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें बीजेपी के कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। इस दौरान बिहार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि विष्णुपद मंदिर एवं महाबोधि मंदिर कॉरिडोर बनने से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा। इसी तरह मां मंगला गौरी मंदिर कॉरिडोर का भी निर्माण होना चाहिए।

मंत्री ने कहा कि लंबे समय से कॉरिडोर निर्माण की मांग गया और मगध क्षेत्र के लोग कर रहे थे। विष्णुपद मंदिर में दर्शन करने और फल्गु नदी के तट पर पिंडदान करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। वहीं, बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर के भ्रमण के लिए भी देश-विदेश से लाखों की संख्या में सैलानी आते हैं। ऐसे में बजट के दौरान विष्णुपद मंदिर एवं महाबोधि मंदिर कॉरिडोर निर्माण की घोषणा की गई है, इससे लोगों में काफी खुशी है। इसके बनने से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में काफी इजाफा होगा, साथ ही लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

### पूर्णिया में डिवाइडर से टकरा कर स्कार्पियो पलटी: चालक समेत 3 लोग घायल

**पूर्णिया।** पूर्णिया में शनिवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद गाड़ी पलट गई। दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार 3 लोग घायल हो गए। इसमें से एक की हालत गंभीर बनी



हुई है। घटना के तुरंत बाद पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर जुटे। घायलों को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। अब तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। घटना शहर के सहायक खजांची थाना क्षेत्र के बस स्टैंड गेट 2 के पास घटी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार क्क्र1॥9372 नंबर प्लेट वाली व्हाइट स्कॉर्पियो मरंगा की ओर से पूर्णिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान बस स्टैंड गेट नम्बर 2 के पास स्कार्पियो अचानक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और फिर पलटी खा गई। इससे 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय मौके पर जुटे।

वहीं, थोड़ी दूर पर गश्त कर रही सहायक खजांची थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस और स्थानीयों की मदद से घायलों को आनन-फानन में त्नस्न्न॥ पूर्णिया ले जाया गया। जहां एक की हालत गंभीर बनी है। जिसे बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं, कार पर सवार पर 2 अन्य लोग को इलाज के लिए लाइन बाजार स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया है। जहां दोनों का इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार चालक ने सीट बेल्ट लगा रखा था इस कारण एयर बैग खुलने से बड़ी घटना होने से टल गई।

## बिहार के 19 जिलों में बारिश का अलर्ट: दो हफ्तों से कमजोर पड़ा मानसून

**अब तक 37 फीसदी कम हुई बारिश**



**पटना।** बिहार में पिछले दो हफ्तों से मानसून कमजोर बना हुआ है। इस वजह से 37 जिलों में कम बारिश हुई है। 1 जून से अब तक किशनगंज को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में सामान्य से कम बारिश देखने को मिली है।

मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में इसमें सुधार होने की उम्मीद है। वहीं, विभाग ने आज प्रदेश के 19 जिलों में बारिश को लेकर के यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। अगले दो-तीन दिनों में पटना समेत बिहार के कुछ इलाकों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है। वहीं, 29 जुलाई को पूर्वी चंपारण और 30 जुलाई को गोपालगंज, सीवान, मुजफ्फरपुर और पश्चिमी चंपारण में भारी बारिश होने की संभावना है।

### अब तक इन जिलों में हुई सबसे कम बारिश

समस्तीपुर और सहरसा में सामान्य से 56 फीसदी बारिश में कमी आई है। दूसरी ओर वैशाली, मधुबनी और सारण ऐसे जिले हैं, जहां सामान्य से 55 फीसदी कम वर्षा दर्ज की गई है। दरभंगा में सामान्य से 53 और राजधानी पटना में 50 फीसदी तक कम बारिश हुई है।

## बेतिया में गैंगवार में शराब तस्कर की गोली मारकर हत्या, मौके से शराब की बोतलें बरामद

**घर से 7 किमी दूर बुला गले और गाल में मारी गोली**

**बेतिया।** बेतिया में गैंगवार में शराब तस्कर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। खून से लथपथ लाश खेत में रविवार को सुबह मिली। शव के पास भारी मात्रा में शराब की बोतलें भी मिली हैं। पुलिस का मानना है कि



गैंगवार में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। शराब तस्कर के दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई है। घटना बैरिया थाना क्षेत्र के बथना सरेह की है।

मृतक की पहचान पूर्वी नौतन के बुलेट पटेल (36) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बुलेट गंडक नदी के रास्ते यूपी से शराब मंगवाकर बेतिया में बेचा करता था। मृतक के भाई का कहना है कि घर से 7 किमी दूर बुलाकर गोली मारी गई है।

घटना देर रात की बताई जा रही। सुबह शौच के लिए गए लोगों ने शव को देख घटना की जानकारी बुलेट के परिवार वालों को दी। मृतक के भाई सुरेश पटेल ने कहा है कि हम रात में दूसरा ड्यूटी करने के लिए गए थे। रात में इसे बुलाया गया था। इसके बाद घर से 7 किलोमीटर दूर इसकी खेत में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने पर हम यहां पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं मृतक के भतीजा विजय कुमार पटेल ने जानकारी दी है कि बुलेट पटेल जमीन कारोबारी थे।

## दरभंगा शहर में नहीं चलेगी बसें: मीटिंग में नए रूट पर लिया गया निर्णय

**जाम से निजात दिलाने के लिए नई व्यवस्ता**

**दरभंगा।** दरभंगा शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह से शहर में सवारी बसों का परिचालन बंद हो जाएगा। अब दिल्ली मोड़ से कुशेश्वरस्थान और बिरौल या सहरसा जानेवाली बस स्टेशन रोड, दोनार चौक के रास्ते नहीं जाएगी।

**बनाए गए नए रूट–** दिल्ली मोड़ से रानीपुर, बिजली, तारसराय, सकरीऔर धरौड़ा होते हुए बेनीपुर के रास्ते निकलेगा। वहीं, लहेरियासराय बस स्टैंड से मधुबनी, कमतौल सहित अन्य जगह जाने वाली बस लहेरियासराय से सैदननगर, एकमी, भरौल होते हुए शोभन बाइपास के रास्ते दिल्ली मोड़ बस स्टैंड जाएगी।

इसको लेकर शनिवार को कमिश्नर मनीष कुमार केअध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें डीएम-एसएसपी के मुख्यालय में नहीं रहने पर उनके प्रतिनिधि के रूप एडीएम नीरज कुमारदास, सिटी एसपी शुभम आर्य, नगर आयुक्त कुमार गौरब, संयुक्त सचिव सह क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार राजेश कुमार, डीटीओ, श्रीप्रकाश, ट्रैफिक डीएसपी अवधेश कुमार आदि नेभाग लिया। बैठक में शहर में जाम से निजात के लिए उपरोक्त प्रस्ताव पर चर्चा के बीच ऑटो के परिचालन को लेकर भीतीन रूट बनाने और ऑटो पर रंगीन पट्टी लगाने को कहा गया है। वहीं, दोनार और सोनकी में सवारी बस के लिए बीएमपी केनिकट भूमि तलाशने के बीच किराए पर भी भूमि मिलने परउसके लिए कार्रवाई करने को कहा गया है। वर्तमान मेंराजकुमारगंज, दोनार, सोनकी, धरौड़ा, मझौड़ा बस पड़ाव, बेनीपुर, सतीघाट, सुपौल, बेर चौक, दरभंगा, कुशेश्वरस्थान केरास्ते सहरसा तक 171 बसों को परिचालन होता है।

**अतिक्रमण हटाने का निर्देश–** अतिक्रमण हटाने का सड़कों के दोनों तरफ से दुकानदारों द्वारा किया गया है। सड़क किनारे ठेला लगाने वाले वेंडर को हटाकर वेंडिंगस्थल चिह्नित कर समय-सारणी के साथ प्रबंधन



करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नगर निगमक्षेत्र में चिह्नित ऑटो पड़ावों को चालू करने एवंसुविधा बहाल करने का निर्देश दिया गया।

**बीएमपी के पास स्टैंड बनाने के लिए खोजी जाएगी जगह–** दोनार रेलवे गुमटी से बीएमपी-13के आसपास बस स्टैंड के लिएसरकारी जमीन चिह्नित करने याकिराए पर जमीन लेने का निर्देश दिया गया। शहर से होकर बसों के परिचालन के कारण रोज जाम लगता है, जिससे प्रतिदिन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी घंटों लोगों को जाम में फंसा रहना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह निर्णय लिए गए हैं।

### यह भी निर्णय हुआ

अब दिन में कचरा का उठाव नहीं किया जाएगानगर निगम की ओर से दिन मेंयातायात के व्यस्ततम समय में कचरा का उठाव किया जाता है। इस वजह से भी कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको लेकर कहा गया किकचरा का उठाव रात्रि में तथादिन में नो इंट्री के समयावधितक कर लेने से जाम से निजातमिल सकती है। तत्काल स्कूलबसों का परिचालन कियाजाएगा। नो-इंट्री में कोई भी सवारी बस नहीं चलेगी। नगर निगम के क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस बल का कम से कम 8 बजे रात्रि तक तैनाती सुनिश्चित करना है। साथ शहर में ही ऑटोके परिचालन के लिए 3 रूटबनाए जाने का निर्देश दिया गयाहै। साथ ही सभी रूट के ऑटो पर पहचान के लिएअलग-अलग रंग की पट्टी भी लगाई जाएगी।

**आरटीए की बैठक में मार्ग परिवर्तन का निर्णय–** दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के अंदरनो-इंट्री के निर्धारित समय में शहर केबीच से गुजरने वाले विभिन्न रूटों परचलने वाली सवारी बस, जिसकापरमिट क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारदरभंगा से निर्गत है, ऐसे सभी बसों का परिचालन के लिए मार्ग परिवर्तित करने का निर्णय आरटीए की बैठक मेंलिया गया। प्राधिकार के उक्त निर्णयसे दरभंगा बस पड़ाव से स्टेशन दोनार होते हुए विभिन्न मार्गों पर परिचालित बसों का मार्ग परिवर्तित करते हुए दरभंगा बस पड़ाव सेसकरी-धरौरा होते हुए किया गया है।

प्राधिकार के इस निर्णय से शहरवासियों को जाम से निजात मिलेगी।इसी प्रकार लहेरियासराय से दरभंगास्टेशन होते हुए दिल्ली मोड़ बसपड़ाव से कमतौल- सीतामढ़ी आदिमार्गों पर परिचालित होने वालीसवारी बसों का परिचालन अबपरिवर्तित मार्ग लहेरियासराय बसपड़ाव, एकमी, शोभन दरभंगा बसपड़ाव से होकर जाएगी।

## मंत्री जनक राम ने राजेंद्र छात्रावास का किया निरीक्षण

**मोतिहारी में स्टूडेंट्स के परेशानियों के बारे में ली जानकारी, कहा-बिजली की समस्या होगी दूर**

**मोतिहारी।** बिहार सरकार के मंत्री जनक राम मोतिहारी पहुंचे। इस दौरान चांदमारी स्थिति राजेंद्र छात्रा वास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां रहने वाले छात्रों की स्थिति के बारे में जाना, फिर छात्रों से वहां रहने पर होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम के छात्रावास में पहुंचने से पहले से ही बिजली गायब थी और लगभग एक से डेढ़ घंटे तक वह छात्रावास में रहे। लेकिन, इस दौरान बिजली नहीं आई। छात्रावास के हॉल में समस्याओं को सुन रहे मंत्री से लेकर छात्र तक भीषण गर्मी के कारण पसीना से परेशान रहे। लेकिन, उन्हें बिजली का दर्शन नहीं हुआ।

सरकार के 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावों पर मंत्री जनक राम ने सरकार का



बचाव किया। मंत्री जनक राम ने कहा कि बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर कल्याण छात्रावास में हम लोग आए है। सौ आसन की यह छात्रावास है। यहां अनुसूचित जाति के कमजोर तबके के छात्र रहकर पढ़ाई करते हैं।

बिजली, पानी, कपड़ा और रहने का बेड बिस्तर की व्यवस्थाएं सरकार उपलब्ध कराती है। मैं यहां रूटीन के रूप में छात्रों से मिलने आया। यहां छात्रों की समस्याओं को जानने आया। ताकि, उसे दूर किया जा सके। यहां बिजली की ज्वलंत समस्या सामने आई है। मैं एक घंटे से यहां हूं और सारे अधिकारी भी हैं। लेकिन, बिजली नहीं आई।अधिकारियों के साथ बैठक चल रही है। जेनरेटर एक विकल्प हो सकता है।

**छात्रावास के बच्चे की दी जा रही सुविधा–** मंत्री जनक चमार ने कहा कि यही सरकार सब कुछ कर रही है। इसके पहले छात्रावास के यह हालात हुआ करते थे कि कोई छात्र रहने को तैयार नहीं होता था। लेकिन, जब से देश और प्रदेश में एनडीए की सरकार आई है। प्रदेश में नीतीश कुमार की सरकार आई है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में अनुसूचित जाति जनजातियों को रिजर्वेशन से लेकर उनके जीवन में परिवर्तन का काम हो रहा है।

## बिहार को वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात, गया-कोडरमा के रास्ते पटना से टाटा तक चलेगी ट्रेन

**पटना।** दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटा से पूर्व मध्य रेलवे के पटना के बीच कोडरमा-गया के रास्ते वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। दक्षिण पूर्व रेलवे इस ट्रेन को चलाने की तैयारी पूरी करने में जुटी है। रेल सूत्रों ने बताया। कि दक्षिण पूर्व रेल जॉन को वंदे भारत शुरुआती मरम्मत का काम पटना के पाटलिपुत्र कोचिंग कॉम्प्लेक्स में होगा।

इस ट्रेन को टाटानगर, पुरूलिया, अनारा, भोजूडीह, महुदा, गोमो, कोडरमा, गया, जहानाबाद, पटना के रास्ते चलाया जा सकता है। अभी हाल ही में टाटा-पटना स्पेशल ट्रेन चलाई गई



ट्रेन का रैक भी उपलब्ध हो गया है। इस रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए ट्रेन का रैक चक्रधरपुर पहुंच चुका है। अब ट्रेन परिचालन की तिथि जल्द निर्धारित की जाएगी।

130 से 160 किलो मीटर प्रति घंटे की स्पीड से इस ट्रेन का परिचालन कराया जाएगा। इस तरह टाटा से पटना के बीच करीब सात घंटे में सफर तय किया जाएगा। झारखंड के टाटानगर व बिहार के पटना के बीच गोमो- कोडरमा-गया-जहानाबाद के रास्ते चलने वाली यह पहली ट्रेन होगी। यह नई सेवा हजारों यात्रियों के सफर में बड़ा बदलाव लाएगी। यह ट्रेन भोजूडीह और गोमो होते हुए सात घंटे में पटना पहुंचेगी। इसके लिए टाटानगर में मेंटेनेंस सेंटर भी बनाया जा रहा है। रेल सूत्रों ने बताया कि इस ट्रेन में आठ कोच होंगे। इस ट्रेन की थी, जो इस मार्ग से मात्र आठ घंटे में पटना पहुंच गई थी। इस मार्ग से वंदे भारतह्न के चलने से दक्षिण पूर्व रेलवे अपने ज्यादा से ज्यादा स्टेशन को कवर कर सकता है। इस ट्रेन का संभावित समय टाटानगर से सुबह 6 बजे होगा और दिन के एक बजे तक पटना पहुंचेगी। फिर दोपहर दो से तीन बजे के बीच पटना से प्रस्थान कर रात 10 से 11 बजे के बीच टाटानगर पहुंचेगी। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चला करेगी। इस ट्रेन का परिचालन शुरू कराने की जारी प्रक्रिया पर हर्ष जताते हुए भाजपा नेता व पूर्व एमएलसी कृष्ण कुमार सिंह, जदयू के वरीय नेता व एलएलसी मो अफाक अहमद खान, भाजपा किसान प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा, युवा समाजिक कार्यकर्ता मो मुख्तार खान ने कहा कि प्रधानमंत्री व रेल मंत्री का महत्वपूर्ण पहल से लोगो को लाभ मिलेगा।

## बुजुर्ग महिला की हत्या मामले में 2 लाइनर गिरफ्तार

**हत्या करने वाले आरोपियों का नाम बताया, पाटलिपुत्रा इलाके में 30 जून को हुई थी हत्या**

**पटना।** पटना के पाटलिपुत्रा थाना क्षेत्र में 30 जून को हुई बुजुर्ग महिला की हत्या मामले में अब तक हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। हालांकि, पुलिस ने दो लाइनरों को 13 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इन लोगों ने हत्या करने वाले आरोपियों का नाम बताया है। लेकिन, अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए दरभंगा, सुपौल और मधेपुरा में छापेमारी की गई है। लेकिन आरोपी का सुराग अभी तक नही मिला है। पुलिस का दावा है कि बहुत जल्द इनकी गिरफ्तारी हो जाएगी।



**क्या था मामला–** पटना में किराए के लिए कमरा लेने का कहकर घर में घुसे 3 लोगों ने एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। 63 साल की रंजना और उनकी बड़ी बेटी अंकिता चार तल्ले के मकान में रहती थीं। देर शाम तीन अपराधियों ने दरवाजा खटखटाया। अंकिता ने गेट खोला तो अपराधियों ने कहा कि किराए पर घर लेना है। मां-बेटी फर्स्ट फ्लोर पर रहती थी। मां, तीनों को फ्लैट दिखाने के लिए तीसरे फ्लोर पर चली गई। बेटी पहले पर रह गई। थर्ड फ्लोर पर ही उनकी गला दबाकर हत्या कर दी। पाटलिपुत्र थाना के नेहरूनगर में गैस गोदाम के पास मकान नंबर 378 ए में ये हत्या हुई थी।

मृतक की पहचान लखीसराय पॉलिटेक्निक कॉलेज से कुमार चंद्रशेखर की पत्नी रंजना देवी के रूप में हुई थी। उनकी बेटी अंकिता एएन कॉलेज से पीएचडी कर रही हैं। छोटी बहन मनीषा गुरुग्राम में रहती है। बड़ी बेटी अंकिता ने बताया था कि तीनों घर में फ्लैट देखने का कहकर घुसे थे। मां उन्हें कमरा दिखाने के लिए ऊपर गई थी। थोड़ी देर बाद तीनों नीचे आए और कहा-जाओ मां बुला रही है। इतना कहते ही तीनों ने मेरा भी गला दबाने की कोशिश की। शोर मचाने के बाद तीनों भाग गए। अंकिता जब तीसरे फ्लोर पर गई तो देखा कि रंजना खून से लथपथ थी और फर्श पर पड़ी हुई थी। उनकी मौत हो चुकी थी।

### अब तक क्या हुई है कार्रवाई

पटना के पाटलिपुत्रा थाना क्षेत्र में 30 जून को बुजुर्ग महिला की हत्या हुई थी। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने इस पूरी घटना में आरोपियों को आश्रय देने और लाइनर की भूमिका निभाने के जुर्म में दो आरोपियों को 13 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन दोनों को महिला की हत्या मामले में योजना बनाने और सहयोग करने के जुर्म में इन दोनों को बोरिंग रोड और सिद्धेश्वर नगर से गिरफ्तार किया था। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों का नाम आशीष राज उर्फ प्रकाश पिता संजय सिंह, मोतिहारी और कनिष्क शंकर उर्फ निहाल पिता संजय कुमार पांडेय, समस्तीपुर शामिल है। इन दोनों ने इस हत्या करने वाले आरोपियों का नाम भी पुलिस को बताया है।

### क्या कह रही पुलिस

पटना के पाटलिपुत्रा क्षेत्र के डीएसपी दिनेश पांडे ने बताया कि पुलिस को हत्या करने वाले आरोपियों का नाम पता चल गया है। पुलिस पटना समेत दरभंगा, सुपौल और मधेपुरा में छापेमारी कर चुकी है। लाइनर के पकड़े जाने के बाद आरोपी फरार हो गए है। पुलिस को कुछ और लीड मिला है। पुलिस उस लीड के हिसाब से आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षकेतर कर्मियों के प्रोन्नति में जुटा विवि

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय शिक्षकेतर कर्मियों को प्रोन्नति की जद्दोजहद में जुट गया है। विश्वविद्यालय की मानें तो यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो अगले माह से प्रोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। इस बाबत विश्वविद्यालय प्रबंधन ने सभी पीजी विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय मुख्यालय के कार्यालयों के प्रभारी और अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी किया है। कुलसचिव डॉ रणविजय कुमार ने विश्वविद्यालय अंतर्गत कार्यरत तृतीय वर्ग के सभी शिक्षकेतर कर्मचारियों के कंप्यूटर और टाइपिंग अर्हता की जानकारी मांगी गयी है। प्रोन्नति के समय कंप्यूटर ज्ञान की जांच करायी जायेगी। विश्वविद्यालय में करीब 300 कर्मियों को प्रोन्नति मिलनी है।

### विषैले जंतु के काटने से युवक हुआ बीमार

**आरा**। स्थानीय जगदीशपुर थाना क्षेत्र के छोटकी हरदिया गांव में शनिवार की सुबह विषैले जंतु के काटने से एक 28 वर्षीय युवक की तबीयत बिगड़ गयी। इस घटना के बाद परिजन सकते में पड़ गये। आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल, आरा ले जाया गया। युवक का नाम सतीश कुमार है। वह छोटकी हरदिया गांव निवासी दशरथ यादव का पुत्र है। सदर अस्पताल में युवक का इलाज कराया जा रहा है।

### बस सेवा का विस्तार कोईलवर तक करें

**कोईलवर**। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे को शनिवार के दिन एक दिवसीय कोईलवर दौरे के दौरान कोईलवर भाजपा नगर अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा के द्वारा ग्रामीणों से हस्ताक्षरित एक आवेदन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को सौंपा गया। इसमें मांग किया गया है कि गांधी मैदान पटना और पटना जंक्शन से आईआईटी बिहटा और ईएसआई अस्पताल बिहटा तक चलने वाली सिटी बस सेवा का विस्तारीकरण करके कोईलवर तक कर दिया जाए। चुकी आरा संसदीय क्षेत्र के कोईलवर में बिहार का इकलौता मानसिक आरोग्यशाला अस्पताल है। इसके वजह से पूरे बिहार के मरीज कोईलवर इलाज कराने हेतु आते हैं और पटना से कोई सीधी बस सेवा नहीं होने के कारण उन्हें संस्थान तक पहुंचने में काफी दिक्कत और समय की बर्बादी का सामना करना पड़ता है। चुकी संस्थान की दूरी ईएसआई अस्पताल बिहटा से मात्र 8 से 10 किलोमीटर है। इसलिए नगर बस सेवा को कोईलवर तक विस्तारित करने की मांग की गई है।

### विवाद के समाधान के लिए हुई बैठक

**आरा**। जमीन विवाद संबंधित मामले के निपटारे को लेकर शनिवार को शाहपुर थाना परिसर में जनता दरबार लगाया गया। थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत और शाहपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी की देखरेख में आयोजित जनता दरबार मे भूमि विवाद से संबंधित तीन मामले आये। इसमें दो मामले का निष्पादन कर दिया गया जबकि एक मामले में विपक्षी पार्टी को नोटिस करते हुए मामले की निष्पादन के लिए अगले शनिवार के लिए रखा गया। अंचल के राजस्व कर्मचारी ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को थाना परिसर में जमीन विवाद संबंधित मामले को लेकर जनता दरबार लगाया जा रहा है।

### जगदीशपुर उप ग्रिड में सोमवार को होगी बैठक

**आरा**। जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के गावों में बिजली की लो-वोल्टेज की समस्या समाप्त करने के लिए विभाग के अधीक्षण अभियंता के साथ पूर्व विधायक भाई दिनेश ने वार्ता की। पूर्व विधायक ने अधीक्षण अभियंता से कहा कि बिजली संकट के कारण ग्रामीणों और किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जनता सड़क पर उतरना शुरू कर दी है। जल्द लो-वोल्टेज की समस्या समाप्त नहीं करने पर पटना में विद्युत भवन का घेराव किया जाएगा। इस दौरान अधीक्षण अभियंता ने पूर्व विधायक को बताया कि जगदीशपुर उप ग्रिड में सोमवार को बैठक होगी। दुल्हनगंज पावर सबस्टेशन में 10 एमवी का ट्रांसफॉर्मर 5 अगस्त को लग जायेगा। तब बिजली आपूर्ति में सुधार हो जायेगा। पूर्व विधायक ने बताया कि नहर क पानी को खेतों तक निचले हिस्से तक पहुंचाने के लिए चीफ इंजीनियर (सोन अंचल डिहरी) से बात की गई।। चीफ इंजीनियर ने कहा कि चार दिनों में नहरों में पानी पहुंच जायेगा।

### 3 अगस्त को बक्सर आएंगे जल संसाधन राज्य मंत्री

**बक्सर**। केन्द्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री राजभूषण निषाद 3 अगस्त को बक्सर आएंगे। वे बक्सर के विकास के लिए बड़ी योजना देंगे। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य सह-प्रमुख क्रीड़ा सह-संयोजक आनंद मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि मंत्री भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी के प्रयास से आ रहे हैं। आने वाले कुछ महीनों में बक्सर के रामरेखा घाट और अन्य घाटों का सौंदर्यीकरण पूर्ण हो जाएगा। शीघ्र ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बक्सर के लिए स्वीकृत होगा। उन्होंने बताया कि श्री तिवारी ने बिहार सरकार के उद्योग विभाग से केंद्र को प्रस्ताव भिजवाकर नवानगर में स्पेशल इकोनॉमिक जोन घोषित कराकर बक्सर में औद्योगिकरण का रास्ता प्रशस्त कर दिया है। बक्सर लोकसभा के किसानों का एकमात्र सहारा मिथिलेश तिवारी हैं।

### महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई

**बक्सर**। नया बाजार स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में शनिवार को महर्षि वेदव्यास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने किया। जिसकी शुरुआत शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और छात्र छात्राओं ने अपना अपना विचार रखते हुए महर्षि वेदव्यास के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा कि महर्षि वेदव्यास का जीवन और उनके किए गए कार्य हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को महर्षि वेदव्यास के आदर्शों का पालन करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर मनोज सिंह, मदन मोहन श्रीवास्तव, द्विजेश सिंह, अभय पांडेय, उपेंद्र सिंह,कृष्णकांत तिवारी,दीपक पांडेय, संतोष पांडेय ,संजीव कुमार, देवेंद्र कुमार ,रोहिणी कुमारी, पूनम सिन्हा, श्वेती सिन्हा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### किसानों को 14 घंटा बिजली और नहरों में अंतिम छोर तक पानी

**बक्सर**। किसानों को 14 घंटा बिजली और नहरों में आखिरी छोर तक पानी मिलेगा। किसानों के मुद्दे पर बिहार विधानसभा के सत्र के दौरान सदन में विधायकों द्वारा जबरदस्त हंगामा किये जाने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मांगे जायज हैं और किसानों को इस वक्त खेतों में पानी की सबसे ज्यादा जरुरत है। उक्त बातें सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ़ मुन्ना तिवारी ने शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। विधायक ने कहा कि महागठबंधन की जब 17 माह की सरकार में बक्सर विधानसभा क्षेत्र की कुल 17 सड़कें स्वीकृत हुई थीं, जिसे एनडीए के सरकार बनने के बाद मंत्रियों द्वारा उसे रद्द कर दिया गया। विधानसभा में इस हंगामा किया गया तो छह सड़कों को मंजूरी मिली।

### मृदंग वादक की जयंती पर हुई गोष्ठी

**आरा**। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मृदंग वादक शत्रुंजय प्रसाद सिंह उर्फ बाबू ललन की जयंती पर सांगीतिक गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह समेत कई जगह कई कार्यक्रम हुए। पटेल बस पड़ाव परिसर के भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर सभी कार्यक्रम हुए। इस दौरान परिसर में स्थापित शत्रुंजय प्रसाद सिंह उर्फ बाबू ललन जी एवं बिस्मिल्लाह खां की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर तले "शास्त्रीय संगीत और बाबू ललन जी " विषयक गोष्ठी को संबोधित करते हुए संगीत शिक्षक राजेश कुमार राय, अधिवक्ता सुनील कुमार, कवि हरेराम सिंह, डॉ अरविंद कुमार राय, शाहपुर के जन्मेजय ओझा ,भोजपुरिया जन मोर्चा के अनिल सिंह, वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक मानव, साहब कुमार, दीपू तिवारी, नगर राम लीला समिति के विष्णु शंकर व वक्ताओं ने कहा कि आरा को बाबू ललन जी ने अपने जीवनकाल में संगीतमय बना दिया।

दो दिनों में बिजली कटौती की समस्या होगी खत्म

# सुधाकर सिंह बोले-तेजस्वी यादव की सरकार में होगा दोगुना विकास

**निज संवाददाता। बक्सर**




बक्सर के धनसोई में आयोजित समारोह में सांसद सुधाकर सिंह पहुंचे। एमपी ने कहा कि केंद्र सरकार का किसानों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं है। लेकिन, मैं किसानों की समस्या को लेकर हमेशा आगे रहूंगा। नहरों का चौड़ी करण, उसमें पानी कैसे बढ़े, कदवन जलाशय के निर्माण के लिए संसद में आवाज उठाया गया है। इस दौरान लोगों ने धनसोई में लगातार हो रही बिजली कटौती की समस्या को लेकर सांसद को लिखित ज्ञापन सौंपा। इस पर सांसद ने कहा कि दो दिनों में बिजली कटौती की समस्या खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्या के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करूंगा।

**देश बढ़ रहा अघोषित आपात काल की तरफः** बता दें कि धनसोई गांव के स्थानीय बाजार के कंचन नदी तट स्थित जंगलिया बाबा आश्रम के प्रांगण में आयोजित नागरिक सम्मान समारोह में संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह पहुंचे थे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता पूर्व मुखिया भगवान बिंद और संचालन समाजसेवी बीरेंद्र यादव ने की। जहां लोगों को संबोधित करते हुए सुधाकर सिंह ने कहा कि आज देश अघोषित आपात काल की तरफ जा रहा है। सांसद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला है। इन्होंने आगे कहा कि मेरी आवाज को कोई नहीं दबा सकता है। भाजपा वालों का कोई ठिकाना नहीं हैं, यह भागलपुर, गोपालगंज से आकर आपको ठगने का काम करते हैं।

**मेरी जीत आप लोगों को समर्पितः** इन लोगों को इसी तरह भगाइये। मेरी जीत आप लोगों को समर्पित है। शाहाबाद का जो चार जिला हैं, उसमे कोई छोटा बड़ा नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में बिहार में जब तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी, तो बिहार का दोगुना विकास होगा। सबसे पहले धनसोई को प्रखंड बनाया जाएगा। अभी डेढ़ महीने के कार्यकाल में महावीर चबूतरा से लेकर ब्रह्मपुर तक भाया सरेंजा-कोरनसराय होते हुए चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिसका टेंडर दो तीन महीने तक पूरा हो जाएगा।

# बिना कारण सायरन बजाने पर एंबुलेंस चालक पर कार्रवाई

**निज संवाददाता। बक्सर**




बक्सर के डुमरांव थाने के पास एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने परिवहन नियमों के विरूद्ध परिचालन कर रहे एक एंबुलेंस को जब्त कर लिया। एंबुलेंस चालक बिना किसी मरीज के आपातकालीन लाइट्स और हूटर का इस्तेमाल कर वाहन का परिचालन कर रहा था। एसडीपीओ ने बताया कि एंबुलेंस को जब्त कर जिला परिवहन पदाधिकारी को सूचना दे दी गई है, उचित नियमों के तहत वाहन का चालान किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार उन्नाव के सोनू कुमार अपनी एंबुलेंस एचआर 55 एजे 2491 वाहन से दिल्ली से डुमरांव एक शव को लेकर आए थे। शव को डुमरांव छोड़ वह वापस दिल्ली जा रहा था, तभी मुख्य बाजार के पास उसने हूटर और इमरजेंसी लाइट का इस्तेमाल किया। पीछे से आ रहे एसडीपीओ ने उससे हूटर और इमरजेंसी लाइट लगाने का कारण पूछा जिसपर वो स्पष्ट जवाब न दे सका, लिहाजा एसडीपीओ ने वाहन को जब्त कर थाने भेज दिया। एसडीपीओ ने बताया कि उससे पूछा गया कि क्या वह इमरजेंसी में किसी मरीज को लेने जा रहा है, जिसपर उसने ना में सर हिलाया। चालक ने कहा कि जाम से बचने के लिए उसने हूटर और इमरजेंसी लाइट का इस्तेमाल किया। एसडीपीओ ने बताया कि यदि कोई चालक बिना मरीज के एंबुलेंस का सायरन बजाता मिला तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अगर चालान कटा तो उसका भुगतान चालक को अपनी जेब से करना पड़ेगा। किसी इमरजेंसी मामले में मरीज को लेने जा रही एंबुलेंस का सायरन बजाया जा सकता है, लेकिन मरीज को छोड़कर वापस आ रही एंबुलेंस का सायरन नहीं बजाया जा सकता।

# निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर विधायक ने की मांग

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर के डुमरांव विधायक डॉ अजित कुमार सिंह ने किसानों के हित में कई सवालों को मानसून सत्र में उठाया। विधायक ने धान की पटवन के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति, नहरों की सफाई, नहरों के अंतिम छोर तक पानी का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि बक्सर जिला सहित पूरे बिहार में अब तक औसत से करीब आधी बारिश ही हुई है। बहुत कम बारिश के कारण धान की रोपनी बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे लाखों किसानों के सामने संकट आने लगा है। इसके लिए सरकार की ओर से कृषि के लिए दिन में 14 घंटे बिजली देने और नहरों में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया है। हालांकि विधायक ने 14 घंटे की जगह 20 घंटे बिजली देने की मांग की है। विधायक ने कहा कि बक्सर में लगभग एक लाख हेक्टेयर में धान की खेती होती है, लेकिन बारिश नहीं होने से धान की आधी रोपनी नहीं हो सकी है। वहीं अब पानी की कमी से कई इलाकों में बिचड़े भी मरने लगे है। बिहार में 97 फीसदी किसान ऐसे है जो अपने जरूरत से ज्यादा अनाज पैदा नहीं कर पाते है। इसलिए कृषि व्यापक किसानों के जीवन का प्रश्न है। इसके साथ ही नहरों के अंतिम छोर पर पानी पहुंचाने को लेकर भी विधायक ने प्रश्न उठाया। इसके अलावा विधायक ने नहरों के प्रतिस्थापन और सफाई के काम को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के डुमरांव में नहरों का प्रतिस्थापन और उसकी सफाई के लिए अलग बजट का प्रावधान लाया जाए। इससे किसानों को अंतिम छोर तक पानी मिल सकेगा। वहीं मांग को लेकर मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इसको जल्द से जल्द दिखाया जाएगा।

# भोजपुर में 4 सगे भाइयों की बेरहमी से पिटाई, पड़ोसी के खेत से ट्रैक्टर ले जा रहा था

♦ पड़ोसियों ने लोहे की रॉड से किया हमला

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर के आयर थाना क्षेत्र के इचरी गांव के भसेरा टोला में शनिवार की देर शाम खेत से ट्रैक्टर ले जाने के विवाद में गांव के लोगों ने 4 सगे भाइयों को लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। इस दौरान उक्त लोगों ने सभी भाइयों को तब तक मारते रहे जब तक अन्य लोगों ने बीच बचाव करने नहीं पहुंचे। इसके बाद मामला शांत होने के सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। घायल आयर थाना क्षेत्र के भसेरा टोला निवासी शिव मोहन सिंह के 4 बेटे बिजेंद्र यादव(25), कमलेश यादव (40), रविन्द्र कुमार(24), चितरंजन कुमार (18) शामिल है। घटना की जानकारी देते हुए जख्मी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने डेढ़ बिगहा खेत में रोपनी करने का काम कर रहे हैं। लेकिन उनके खेत में ट्रैक्टर ले जाने का रास्ता नहीं था। इसके बाद वो ट्रैक्टर को गांव के पड़ोसी के खेत से लेकर चले गए थे। शनिवार को ही उक्त लोगों के खेत में भी रोपनी हुई थी। ट्रैक्टर ले जाने के दौरान उनके खेत में बीज नष्ट हो गया। हमलोगों ने कहा कि आपके खेत की रोपनी हमलोग कर देंगे। लेकिन उक्त लोगों ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तभी अपने अन्य परिवार वालों को बुलाकर हम चारों भाई की बेरहमी से पिटाई कर दी। किसी भी तरह हमलोगों अपनी जान बचाकर वहां से भागे और इलाज कराने आरा सदर अस्पताल पहुंचे। इस घटना के बाद पीड़ित भाइयों ने स्थानीय थाना पुलिस से शिकायत की है।

# युवा पत्रकार ने बंद कमरे में लगाई फांसी, बक्सर में भोजपुरिया समाचार में थे कार्यरत

**निज संवाददाता। बक्सर**

परिजन बोले-चाय मांगने के बाद कमरा किया था बंद



बक्सर जिला स्थित आदर्श नगर के बंद कमरे में एक पत्रकार ने फांसी लगा आत्महत्या कर लिया। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई। बंद कमरे के दरवाजे को तोड़ पुलिस द्वारा शव को फंदे से नीचे उतार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हालांकि उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं होने के कारण अभी तक यह जानकारी नहीं हो पाई है। आखिर कार पत्रकार ने फांसी क्यों लगाया है। सूचना पर जिले के सभी पत्रकार भी घटना स्थल पर पहुंच इस घटना पर दुःख जताया है। मृतक की पहचान आदर्श नगर निवासी त्रयंबक ओझा के पुत्र रोहित ओझा (28) के रूप में हुई है। मृतक भोजपुरिया समाचार में कार्यरत थे। परिजनों ने बताया की दो बजे रात में चाय मांगा था। सुबह ज्यादा देर तक दरवाजा बंद रहने पर परिजनों ने पहले खुलवाया। लेकिन जब नही खुला तो छेद से अंदर झांककर देखने पर पंखे में गमछे से फंदा लगा झूलता मिला। जिसकी सूचना नगर थाना को दिया गया जिसके पहुंचने के बंद दरवाजे को तोड़ पंखे से उतारा गया। सूचना विभिन्न बैनर के पत्रकार भी पहुंचे हुए थे।

**दो मिनट का रखा मौनः** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष डॉ शशांक शेखर की अध्यक्षता में परिसदन में दो मिनट का मौन रख एक शोक सभा आयोजित की गयी। शोकसभा के पश्चात् डॉ शशांक शेखर ने कहा की रोहित ओझा एक युवा और तेज तर्रार पत्रकार था। जो कम समय में अच्छा मुकाम हासिल कर लिया था और हर घटना दुर्घटना में कवरेज के लिए सबसे पहले पहुंच जाता था। साथ ही काफी बोल्ड पत्रकार था। लेकिन इस तरह की कार्य कर सकता था इसका अंदाजा हम लोगों को नहीं था।

**आवेदन के आधार पर होगी कार्रवाईः** नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सूचना पर पहुंच पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पत्रकार के मोबाइल को अपने कब्जे लिया गया, जिसकी जांच की किया जायेगा। वहीं शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर आगे करवाई किया जायेगा।

# 2 पक्षों के बीच मारपीट, 9 लोग घायल



**निज संवाददाता। आरा**

♦ 2 साल से चल रहा था विवाद, पंचायती के बाद भी नहीं हुआ सुलह

भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र के लसाढ़ी गांव में शनिवार को जमीनी विवाद को लेकर 2 पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों से महिला समेत 9 लोग घायल हो गए। इसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में एक पक्ष के गड़हनी थाना क्षेत्र के लसाढ़ी गांव निवासी मिपथिलेश सिंह की पत्नी लीलावती देवी, 2 बेटे नीतीश कुमार, विशाल कुमार, बेटी अमृता कुमारी, भाई शैलेश सिंह और मां फूलझारो देवी शामिल है। जबकि दूसरे पक्ष से उसी गांव के निवासी चंदेश्वर यादव की पत्नी राधिका देवी और 2 बेटे प्रमोद कुमार और सुबोध कुमार शामिल है। इनमें दूसरे पक्ष के लोग कई साल से नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी जैन कॉलेज गेट के पास अपना मकान बनाकर रहते हैं। इधर, एक पक्ष के घायल शैलेश सिंह ने बताया कि करीब 2 साल पहले से पौने 3 कट्ठा जमीन को लेकर पट्टीदार से विवाद चल रहा है। इसको लेकर शनिवार को पंचायती के लिए भी बुलाया गया था। पंचायत में प्रमुख द्वारा बोलने के बावजूद भी इन लोगों ने बात नहीं माना। आज ये सभी लोग आरा से गांव आए और छत पर चढ़कर ईट-पत्थर फेंकने लगे। जिसको लेकर मैं छुपा फिर रहा था। तभी मैं पकड़ा गया। इसके बाद उन लोगों द्वारा सभी लोगों की लाठी-डंडों और कुदाल के बेंत से मारकर जख्मी कर दिया गया। जबकि दूसरे पक्ष के प्रमोद कुमार ने बताया कि 3 कट्ठा के जमीन को लेकर 1 साल से विवाद चल रहा है। हमारे जमीन के बगल में इन लोगों का भी दो कट्ठा जमीन है। इन लोगों द्वारा अपने जमीन में बीज बोने के बाद हमारे जमीन को और काटकर उसमें बीज बोने लगे। जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो उन लोगों द्वारा लाठी-डंडों एवं कुदाल के बेत से मारकर जख्मी कर दिया गया है। मामला शांत होने के बाद दोनों पक्षों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

# भोजपुर में हथियारबंद बदमाशों ने युवक को मारी गोली, बाजार से जा रहा था घर

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर के नवादा थाना क्षेत्र के करमन स्थित बोरिंग के पास शनिवार की देर शाम रास्ते में हाथ सट जाने के कारण हथियारबंद बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। जख्मी किशोर को गोली दाहिने पैर में जांघ पर लगी है। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा पहले उसे निजी अस्पताल में ले जाया गया। उसके बाद वहां से उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी नवादा रस्सी बागान मोहल्ला निवासी डोमा राय का बेटा अंकित कुमार(17) है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं, घटना की सूचना पाकर नवादा थानाध्यक्ष कमल जीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की छानबीन में जुट गए हैं। इधर, अंकित कुमार ने बताया कि शनिवार की देर शाम जब वह बाजार से घर वापस जा रहा था। जाने के क्रम में करमन टोला स्थित बोरिंग के पास एक साइड गाय व एक लड़की खड़ी थी। उसी कारण वह उधर से ना जाकर दूसरी साइड से जा रहा था। तभी उक्त युवक दूसरी साइड से आ रहे थे। उसी दौरान उक्त युवकों की उससे टक्कर हो गई। इसके बाद उक्त युवकों द्वारा कहा जाने लगा कि क्या तुम्हें दिखाई नहीं देता है। इसी बात को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद उक्त युवकों ने उसे गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे पहले इलाज के लिए शहर की निजी अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी युवक अंकित कुमार ने उक्त युवकों से अपने किसी भी विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। इसके साथ ही उसने मोहल्ले के ही सन्नी सिंह एवं रजनीश मिश्रा नामक युवकों पर टक्कर हो जाने के कारण खुद को गोली मारने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने अस्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# आधुनिक्ता के दौर में अकेलेपन का दंश

सभ्यता के विकास-क्रम में कायदे से होना यह चाहिए था कि सामाजिकता की जड़ें मजबूत हों और सरोकार की संवेदना को ज्यादा से ज्यादा जगह मिले। मगर आधुनिक समाज में नए-नए तकनीकों के सहारे रोज आधुनिक होती दुनिया में मनुष्य की पहुंच का दायरा तो विस्तृत हुआ है, मगर इसी क्रम में एक नई समस्या यह पैदा हुई है कि हजारों मील दूर किसी व्यक्ति से रिश्तों के आभासी तार जोड़ने वाला कोई इंसान वास्तविक समाज के साथ जुड़ाव को महसूस करने की संवेदना खोता गया। यह बेवजह नहीं है कि बहुत सारे लोग अकेलेपन के दंश को अलग-अलग रूप में झेलते हैं, मगर इसकी वजहों और हल को लेकर उनके भीतर कोई स्पष्टता नहीं बन पाती। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस स्थिति को 'जुड़ाव न महसूस करने के सामाजिक दर्द' रूप में परिभाषित किया है। अगर कोई व्यक्ति इस समस्या के जाल में खुद को फंसा हुआ पा रहा है और उसके प्रति सहज या अनुकूलित होता जा रहा है, तो इससे ऐसे व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक सेहत में तेज गिरावट हो सकती है। एक शोध में इसका आकलन इस रूप में किया गया है कि सामाजिक जुड़ाव की भावना का अभाव हर रोज पंद्रह सिगरेट पीने के बराबर का स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है।दरअसल, अलग-अलग कारणों से अपने दायरे में सिमटते जा रहे लोग न केवल सामूहिकता बोध से वंचित हो रहे हैं, बल्कि कई गंभीर बीमारियों को पलने का मौका दे रहे हैं। अफसोस यह है कि स्मार्टफोन या आधुनिक यंत्रों को बहुत सारे लोग आज अपने सामाजिक संबंधों के दुनिया भर में विस्तृत होने का जरिया मानते हैं। मगर इंटरनेट पर लोगों की फैलती दुनिया कितनी आभासी है, इसका पता तब चलता है, जब किसी गंभीर मानसिक या शारीरिक परेशानी में लोग फंसते हैं और उस समय उन्हें वास्तविक दुनिया के मनुष्यों की जरूरत होती है। तब उन्हें अपने परिजन, रिश्तेदार, करीबी दोस्त याद आते हैं, जो उसे इस संजाल से निकलने में मदद कर सकते हैं। मगर तकनीक आधारित कथित आधुनिकता के मूल्यों और उसमें सिमटती दुनिया में लोग लगातार भीड़ में अकेले पड़ते जा रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि लोगों के बीच प्रत्यक्ष रूप से आपसी मेलजोल बढ़े, सहयोग पर आधारित सामाजिकता बोध की भावना मजबूत हो।

## कांवड़ और न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने पक्ष-विपक्ष में तर्क सुनने के बाद उस विवादास्पद आदेश पर शुक्रवार तक रोक लगा दी है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को मालिकों व कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने साफ कर दिया है कि खाद्य विक्रेताओं को मालिक, कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस भी दिया है। तय है, याचिकाकर्ता ने अपनी मजबूत दलीलों से सर्वोच्च न्यायालय से अपने अनुकूल अंतरिम आदेश प्राप्त कर लिया है और अब गेंद इन सरकारों के पाले में है, उन्हें अपने आदेश के बचाव में अकाट्य तर्क के साथ पेश होना पड़ेगा। दुकानों-ठेलों पर मालिक को नाम लिखने के लिए बाध्य करने वाला यह आदेश व्यापक है और इससे समाज में एक बड़े बदलाव की शुरुआत हो सकती है। अतः संविधान की रोशनी में आगे बढ़ना चाहिए। यह अच्छी बात है कि न्यायालय अपने अंतरिम आदेश में भी सतर्क है। न्यायालय की भी यही मर्जी है कि कांवड़ियों (तीर्थयात्रियों) को उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप शाकाहारी भोजन परोसा जाए और स्वच्छता के मानकों को बनाए रखा जाए। न्यायालय को प्रथम दृष्टया भारतीय गणराज्य के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की चिंता है और याचिकाकर्ता भी इस मोर्चे पर अपनी आशंकाओं का समाधान चाहते हैं। एक तर्क यह भी है कि केवल नाम या पते के प्रदर्शन से शुचिता या पवित्रता बहाल नहीं होगी और न इच्छित उद्देश्य की प्राप्ति होगी। याचिकाकर्ता के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया है कि आप किसी रेस्तरां में व्यंजन सूची के आधार पर जाते हैं, न कि कौन परोस रहा है। यदि किसी दुकानदार का नाम-मजहब स्पष्ट हो जाएगा, तो पहचान के आधार पर बहिष्कार की आशंका है। याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया है कि अनेक शाकाहारी रेस्तरां के मालिक हिंदू हैं।

# अपनी जिम्मेदारी में खरा उतरता बजट

**(एन के सिंह, अध्यक्ष, 15वां वित्त आयोग)**

*जिस गति से भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) बन रहे हैं, जिनकी संख्या 1,600 से अधिक है और 2028 तक 2,100 से ज्यादा होने का अनुमान है, उससे अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण होगा और देश प्रौद्योगिकी के मामले में ज्यादा सक्षम बनेगा। अपनी विशाल आबादी का लाभ उठाने के लिए यह काम जरूरी है।*

यह केंद्रीय बजट भारत के सामने मौजूद तमाम अहम मुद्दों को संबोधित करता है। यह 2047 तक भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रेरित करने की एक अहम पहल है। यह सराहनीय है कि इसमें कई विरोधाभासों को अनेक तरीकों से सुसंगत बनाने की कोशिश की गई है। वाकई, संतुलन बनाने के लिए बुद्धिमत्ता और नेतृत्व की जरूरत होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ विश्वसनीय रूप से अंजाम दिया है। आइए, बजट के खास बिंदुओं पर विचार करते हैं- पहला, भारत, हाल के वर्षों में शायद अकेला ऐसा देश है, जिसने सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बनने के अलावा विकास के गुणों को समग्र आर्थिक स्थिरता के साथ जोड़ने की कोशिश की है। वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 से 7 प्रतिशत की वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है, जबकि मुद्रास्फीति रिजर्व बैंक के 4.5 फीसदी के 'बैंड' की ओर बढ़ रही है। विकास की गति जारी रखते हुए समग्र रोडमैप आने वाले वर्ष में राजकोषीय घाटे के पांच प्रतिशत से कम रहने का सुझाव देता है, जो मध्यम अवधि के लक्ष्य 4.5 प्रतिशत के अनुरूप है। दूसरा, अनेक दबावों के बावजूद, अंतरिम बजट के साथ तालमेल बिठाते हुए पूंजीगत व्यय पर जोर जारी है। इस वर्ष भी पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये है, जो भारत की जीडीपी का 3.4 प्रतिशत है। सड़कों, राजमार्गों, हवाई अड्डों और औद्योगिक गलियारों में सुधार के लिए यह धन मांगा गया है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक प्रतिस्पर्द्धा दक्षता बढ़ेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। तीसरा, पहली बार बजट में रोजगार सृजन के साथ प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान दिया गया है। 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के लिए प्रभावी कार्यक्रम की घोषणा हुई है, जहां कंपनियों से प्रशिक्षण और इंटर्नशिप लागत का 10 प्रतिशत अपने सीएसआर फंड से वहन करने की उम्मीद की जाएगी। चौथा, इसी क्रम में रोजगार सृजन के इंजन के रूप में पर्यटन के महत्व को पहचानते हुए वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि सरकार सफल काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर विष्णुपाद मंदिर कॉरिडोर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर के विकास में सहयोग करेगी, ताकि इन तीर्थस्थलों को विश्वस्तरीय तीर्थ और पर्यटन स्थलों में शुमार किया जा सके। पांचवां, बजट यह मानता है कि कृषि के तौर-तरीके को बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों से जोड़ने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने जिक्र किया है कि सरकार उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु-अनुकूल किस्मों के विकास के लिए कृषि अनुसंधान ढांचे की व्यापक समीक्षा करेगी। छठा, विनिर्माण क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण खोज रही है कि पहली बार अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए योजना घोषित हुई है। यहां प्रोत्साहन कर्मचारी और नियोक्ता, दोनों को दिया जाएगा। बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें एमएसएमई को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने और प्रतिस्पर्द्धा के लिए वित्त-पोषण, विनियामक परिवर्तन और तकनीकी मदद देने के वास्ते पैकेज की घोषणा हुई है। सातवां, कॉरपोरेट कर दर में कटौती से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा और प्रौद्योगिकी के विकास को बल मिलेगा। जिस गति से भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) बन रहे हैं, जिनकी संख्या 1,600 से अधिक है और 2028 तक 2,100 से ज्यादा होने का अनुमान है, उससे अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण होगा और देश प्रौद्योगिकी के मामले में ज्यादा सक्षम बनेगा। अपनी विशाल आबादी का लाभ उठाने के लिए यह काम जरूरी है। आठवां, कर संरचना में सुधार की कोशिश हुई है। कर संरचना को तर्कसंगत बनाने से जीएसटी से अपेक्षित राजस्व लाभ में सुधार होगा। सीमा शुल्क के संबंध में बात करें, तो शुल्क संरचना में सुधार काफी समय से लंबित था और यह भारत की कराधान संरचना को अंतरराष्ट्रीय संरचनाओं के अनुरूप बनाएगा। नौवां, प्रत्यक्ष करों के संबंध में भी मौलिक समीक्षा की जरूरत पहचानते हुए आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई है। ऐसा करने के पिछले प्रयास सफल नहीं रहे हैं। इसे वैश्विक मानदंडों के अनुरूप बनाने की जरूरत है। उम्मीद है, इस व्यापक समीक्षा के नतीजे तय समय सीमा में सामने आएंगे और 2025 के बजट में प्रतिबिंबित होंगे। हालांकि, इसके लिए इंतजार न करते हुए कर संरचना में कुछ बदलाव किए गए हैं। दसवां, बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष प्रबंध काफी समय से लंबित थे। प्रति व्यक्ति आय सबसे कम होने के चलते बिहार विकास के पिरामिड में सबसे निचले पायदान पर कायम है। बिहार अपने बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए एक निश्चित पहल का हकदार है। एक बिजली परियोजना और अन्य अनेक विकास योजनाओं की घोषणा की गई है। बोधगया, राजगीर, वैशाली और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की क्षमता का लाभ उठाया जाएगा। इसी तरह से आंध्र प्रदेश के संबंध में भी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। हालांकि, इसकी रूपरेखा ऐसी लग सकती है कि ऐसा गठबंधन सरकार की मजबूरियों की वजह से किया गया है, पर गहराई से देखें, तो सभी को बिहार की विकास संबंधी मजबूरियों और स्थानीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने पर गौर करना चाहिए। यह बजट अक्षय ऊर्जा के दौर में व्यवस्थित बदलाव के लिए भी जिम्मेदारी से काम करता दिखता है। भारत को वैश्विक प्रतिबद्धताओं को भी पूरा करना है और जलवायु अनुकूल बुनियादी ढांचा हमें जिम्मेदार देश के रूप में आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगा। कुल मिलाकर, यह एक ऐसा बजट है, जिसका लाभकारी प्रभाव आने वाले महीनों में महसूस किया जाएगा। शेयर बाजार सूचकांक में फौरी बदलाव के प्रति ज्यादा सही प्रतिक्रिया के लिए बजट के बारीक लफ्जों को पढ़ने और समझने की जरूरत है। मैं इस बजट को विश्वसनीयता, जिम्मेदारी और सुसंगतता के मामले में उच्च रेटिंग दूंगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# रक्षा क्षेत्र को कहीं अधिक प्रोत्साहन की दरकार

**(सुशांत सरीन, सीनियर फेलो, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन)**

संसद में पेश साल 2023-24 के संशोधित अनुमान, यानी असली खर्च के मुताबिक हमने रक्षा मद (पेंशन से अलग) में 4.55 लाख करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि मंगलवार को जो बजट पेश किया गया है, उसमें साल 2024-25 के लिए 4.54 लाख करोड़ रुपये (पेंशन सहित 6.21 लाख करोड़ रुपये) आवंटित किए गए हैं। इसका अर्थ है कि पिछले साल के खर्च से भी करीब एक हजार करोड़ रुपये कम इस बार रक्षा क्षेत्र को दिए गए हैं। इसमें अगर महंगाई और रुपये की अंतरराष्ट्रीय कीमत को भी जोड़ लें, तो यह कमी और ज्यादा नजर आएगी। साफ है, रक्षा क्षेत्र को जितने प्रोत्साहन की जरूरत थी, उतना प्रोत्साहन उसे नहीं मिल सका। बात सिर्फ यही नहीं है। इस बार रक्षा से जुड़े साजो-सामान पर 1.72 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की बात कही गई है, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 15 हजार करोड़ रुपये अधिक है। मगर जिस तरह से रक्षा में नई-नई तकनीक, एयरक्राफ्ट, निवेश आदि की जरूरत है, उसको देखते हुए हमें और अधिक पूंजी की दरकार है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि आज जब दुनिया के विकसित देश अपने सकल घरेलू उत्पाद, यानी जीडीपी का पांच-पांच फीसदी तक रक्षा क्षेत्र पर खर्च कर रहे हैं, हम बमुश्किल दो फीसदी तक ही पहुंच सके हैं। यह स्थिति तब है, जब हमें चीन की तरफ से लगातार चुनौती मिल रही है, भारतीय सरहदों पर तनाव बढ़ रहे हैं और पड़ोसी देशों से हमें विशेषकर जम्मू में आतंकवाद की एक नई लहर का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा, कोशिश तो यह होनी चाहिए थी कि यदि हालात ज्यादा बिगड़ते हैं, तो हमें किसी अन्य देश से मदद लेने की जरूरत न पड़े, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा। रक्षाकर्मियों की तनख्वाह और पेंशन भी एक मसला है। इस बार रक्षा मद में जितना आवंटन किया गया है, उसका करीब एक चौथाई धन पेंशन में खर्च होगा, जबकि इतनी ही रकम वेतन मद में जारी की जाएगी। यानी, बजट का आधा हिस्सा हम कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर ही खर्च करेंगे। यह कोई अच्छी तस्वीर नहीं है। जाहिर है, सुरक्षाकर्मियों के वेतन और पेंशन में उसी तरह सुधार की जरूरत है, जिस तरह अग्निपथ योजना में। राजनीतिक हलकों में अग्निवीरों की बात तो खूब की जा रही है, मगर पेंशन सुधार पर चुप्पी बनी हुई है। असल में, भारत का पूरा रक्षा ढांचा इस बुनियाद पर खड़ा है कि फौजियों की संख्या अधिक से अधिक की जाए। मगर बड़ी फौज के पास ऐसी क्षमता होनी चाहिए कि वह मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों से पार पा सके। नई-नई तकनीक से बने युद्धक साजो-सामान के सामने वीर जवानों को जंग के मैदान में भेज देना अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होता है। हालांकि, यहां एक तर्क दिया जा सकता है कि अफगानिस्तान में अपने से कहीं बेहतर अमेरिकी फौज के आगे तालिबानी बीस साबित हुए, लेकिन इसके लिए तालिबान ने बड़ी कीमत भी चुकाई है। इस युद्ध में जहां उसके दसियों हजार लड़ाके मारे गए, वहीं अमेरिकी सेना का जानी नुकसान बहुत कम हुआ। वैसे भी, यह स्थिति भारत जैसे लोकतंत्र के लिए सही नहीं मानी जा सकती, क्योंकि इससे देश के अंदर माहौल बिगड़ सकता है। इसलिए, मैदान-ए-जंग में शूरवीरता के साथ-साथ अति-आधुनिक हथियारों और माकूल रणनीति की जरूरत भी होती है। ऐसा लगता है कि राजनीतिक मजबूरियों के कारण सुरक्षा मद में कतरब्योंत किया गया है। इससे जल्दी पार पा लेना उचित होगा। यह करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अब सुरक्षा चुनौतियों का रूप तेजी से बदलने लगा है। मसलन, हम आज भी महज 40 दिनों के लिए युद्धक-सामग्री जमा करके रखते हैं, क्योंकि हमारी सोच यही है कि जंग 10-15 दिनों से अधिक नहीं चलती। हमारा अनुभव भी यही कहता है। मगर हम यह भी देख रहे हैं कि गाजा में नौ महीने से बम-बारूद चल रहे हैं, जबकि यूक्रेन ढाई साल से युद्ध का मैदान बना हुआ है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5445

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5444

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन आर्थिक मामलों में मिलाजुला रहेगा और आप अपने सहयोगियों की मदद से हर कार्य को पूर्ण कर लेंगे। आपको एसएमएस के जरिए कोई महत्वपूर्ण खबर मिलेगी। जायदाद के मामले में कोई डॉक्यूमेन्ट साइन करने से पहले उसको अच्छे से जांच लें। वरना आपको नुकसान हो सकता है। सावधानी से काम लें और किसी से पैसों का लेनदेन न करें।

### वृष
आज दिन भाग दौड़ से भरा रहेगा। आपको अपने बच्चों के काम से काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में साथियों का और घर मे अपने से छोटे सदस्यों का सहयोग मिलेगा। आपको दूसरे लोगों से उपहार का लाभ मिलेगा और आपको ऑफिस में लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपको फालतू खर्च से बचने की सलाह है।

### मिथुन
आज आपका दिन कई रंग बदलेगा। आपको नए काम में कुछ रुकावट आ सकती है। इसलिए कोई नया काम करने से पहले एक बार सोच लें। दिन बीतने के साथ साथ काम बनते नजर आएंगे। घर के छोटे सदस्यों के करियर की चिंता खत्म होगी। रूटीन के कामों में कुछ तब्दीली आएगी।

### तुला
आज करियर के मामले में दिन लाभ से भरा होगा। आज आपको कुछ दिनों पहले खोई हुई कोई खास चीज मिल सकती है। किसी को बहुत पहले दिया गया उधार आज वापस मिल जाएगा। ऐसा होने पर आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। दिन भर आपको कई सरप्राईज मिलते रहेंगे। आपको उपहार और सम्मान का लाभ मिलेगा और आपका दिन प्रसन्नता में बीतेगा।

### वृश्चिक
आज सोसाइटी में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। इसके लिए कोई आयोजन हो सकता है। आपके प्रेमी को किसी बात से समझौता करना पड़ सकता है लेकिन कुछ फायदों को देखते हुए इसमें कोई नुकसान भी नहीं है। विरोधियों का सिर नीचा करने में आपको कामयाबी मिलेगी। आपको अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए कई मौके मिलेंगे।

### धनु
आज दिन चुस्ती से भरा होगा। आपके सहयोगी कुछ रिलैक्स मूड में रहेंगे और पहले से ज्यादा काम करने की इच्छा जताएंगे। आपको उनसे हर प्रकार का सहयोग मिलेगा। बदलाव के तौर पर आप अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने की कोशिश करेंगे और कामयाब भी होंगे। फाइनेंशियल प्रॉब्लम का हल निकल आएगा।

### कर्क
आज लाभ होगा और करियर में दिन सफलता से भरा रहेगा। दिन की शुरुआत थोड़ा बेचैनी भरी होगी और बाद में सब कुछ सही हो जाएगा। जो काम आप करेंगे वह इसी बेचैनी की वजह से गड़बड़ा सकता है। इसलिए धैर्य से काम लेने की सलाह है। कोई भी ऐसा काम न करें कि आपको उसमें नुकसान हो। आपने एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं।

### सिंह
आज दिन काफी मिलाजुला रहेगा। किसी सौदे या लेन देन के दौरान टेंशन न लें। बढ़ते खर्च को काबू में करना काफी कठिन लगेगा लेकिन थोड़ी सी इच्छाशक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों के सपॉर्ट से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को फाइनल कर सकेंगे। आपको उपहार और सम्मान के मामले में लाभ होगा और आपकी रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी। आपके लिए भाग्य में वृद्धि का दिन है।

### कन्या
आज आपके प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं। कमाई में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन साथ ही खर्च के बहाने भी मिल जाएंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग लोगों के लिए सफलता और प्रसिद्धि पाने के योग बने हैं। आपको लाभ और सम्मान दोनों हासिल होंगे।

### मकर
आज उम्मीद है और आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होगा। ऑफिस के वर्तमान माहौल में आपके लिए मन लगाना कुछ मुश्किल हो सकता है। माहौल को जिंदादिल बनाने की आपकी कोशिश कामयाब हो सकती है बशर्ते आपके सहयोगी सपॉर्ट करें। बेहतर होगा कि आप फालतू बात पर ध्यान न दें और अपने काम पर फोकस करें। आज आपको जो भी मिलेगा।

### कुंभ
आज कारोबार के मामले में मिलाजुला रहेगा। दिन आपके लिए इम्तहान जैसा है। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे वह काफी अच्छा रिजल्ट लेकर आएगा। पार्टनर के साथ घूमने फिरने का मौका मिलेगा और इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है। बिजनस में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। आपको लाभ होगा और योजनाएं पूर्ण होंगी।

### मीन
आज आप सोशल वर्क के जरिए कुछ उद्देश्य हासिल करेंगे। ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा। आपको अपने करियर के मामले में भी जीवनसाथी से सपॉर्ट मिलता रहेगा। जूनियर्स से कहासुनी हो सकती है। बेहतर होगा कि ऑफिस की चीजों को घर पर न लाएं और परिवार के किसी सदस्य पर अपना गुस्सा न निकालें।

## वर्ग पहेली 5445



**संकेत: बाएं से दाएं**
१. ये एक पत्रकार और राजनेता थे, और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से रायबरेली के पूर्व सांसद जिनका जन्मदिन 12 सितंबर 1912 है (5)
6. हुकुमत, शासनकाल, प्रभुत्व (2)
7. धैर्यशील, समदर्शी, सहिष्णु (5)
10. लखनऊ शहर इस नदी के किनारे बसा है, यह उत्तर भारत की एक प्रमुख नदी है (3)
11. प्रकृति, अदिति, निसर्ग (4)
13. पुरूषोत्तम मास, अधिकमास (4)
15. गुनाह, दोष, अपराध, त्रुटि (2)
17. धातु पटल, चांदी का पतला पत्तर (3)
19. परिवार का बुजुर्ग, पूर्वज, वयोवृद्ध (3)
21. किसी दूसरे के माथे या ललाट पर तिलक लगाना (3)
22. इस अभिनेत्री ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (4)

**संकेत: ऊपर से नीचे**
१. उर्दू भाषा के प्रसिद्ध रचनाकार जिनका मूल नाम रघुपति सहाय था (8)
2. प्रतिदिन, नित्य, अहोरात्र (2)
3. निर्देशक रिचर्ड एटनबरो की ऐतिहासिक फिल्म जो भारत के महान व्यक्ति के जीवन पर बनी है (1982)(2)
4. फिल्म अभिनेता और टीवी के स्टॉर प्रोड्यूसर रहे (1985-1992)(6)
5. यह द्वीप इंडोनिशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
8. किसी वस्तु के निर्माण का खर्च (3)
9. वह बाल जिसके पिता का निधन हो चुका हो (3)
12. संख्या में दस कोटिक (5)
14. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (अंग्रेजी)(2)
16. सद्गति प्राप्त करवाना (3)
18. आश्रय, शरण, छत्रछाया (3)
20. नमकीन, लवणीय, लावणिक, लोना (3)

### वर्ग पहेली 5444 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | का | गो | | मा | ल | दी | व |
| व | | पी | प | ल | | न | र |
| तां | ता | | र | वा | ना | | मा |
| ड | म | रू | | ह | | म | ला |
| व | | पा | ल | क | | क | |
| | | गां | व | | द्वा | र | का |
| पं | | गु | | दी | प | ध्व | ज |
| गु | ग | ली | | | र | ज | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### छात्राओं के तीन स्टार्टअप को फंडिंग करेगा बेहतर झारखंड

**रांची, एजेंसी।** एसएसएलएनटी महिला कॉलेज की छात्राओं के तीन स्टार्टअप को बेहतर झारखंड फंड देगा. शनिवार को कॉलेज में आयोजित उद्यमिता विकास पर तकनीकी इंटरैक्टिव सत्र के दौरान तीन आइडिया का चयन किया गया. कार्यक्रम में बेहतर झारखंड के संस्थापक व मुख्य अतिथि मयूर शेखर झा व विशिष्ट अतिथि फहाद मोती खान, संस्थापक और सीइओ, टी-9 लैब्स (भारत का पहला स्टार्टअप स्टूडियो) मौजूद थे. स्टार्टअप आइडिया में मुस्कान कुमारी साहू द्वारा यूनिकनेक्ट यूनिवर्सिटी ऐप, आरजु कुमारी सिंह, स्नेहा कुमारी और खुशी हेलीवाल द्वारा ऑर्गेनिक साबुन और प्राची गुप्ता, गुनगुन कुमारी, पूजा कुमारी, कोमल कुमारी और नेहा मिश्रा द्वारा चौमासा फ्रेगरेंस कैंडल के आइडिया का चयन किया गया है. मयूर शेखर झा ने कहा धनबाद की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कोयले पर निर्भर है. इसे अगले दशक में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जायेगा. उन्होंने धनबाद में वैकल्पिक आर्थिक मॉडलों के विकास के महत्व पर प्रकाश डाला. फहाद मोती खान ने फंडिंग, स्टार्टअप और आइडिया के विकास की जटिलताओं पर प्रकाश डाला. एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ शर्मिला रानी कॉलेज की छात्राओं की मदद के लिए धन्यवाद दिया. कार्यक्रम के दौरान प्रो मनमीत कौर, समन्वयक डॉ प्रीति कुमारी, कॉलेज प्रभारी विमल मिंज आदि मौजूद थे.

### दो दिवसीय आनंद मेला में जुट रही भीड़, खूब हुई खरीदारी

**धनबाद, एजेंसी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति धनबाद शाखा की ओर से होटल सिद्धिविनायक में आयोजित दो दिवसीय आनंद मेला का उद्घाटन अतिथियों ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत शाखा की सदस्यों गुरु वंदना कर की. मौके पर समिति की प्रांतीय अध्यक्ष मंजू बगड़िया ने मेला के आयोजन कि लिए सदस्यों को बधाई दी. प्रांतीय अध्यक्ष का स्वागत समिति की जिलाध्यक्ष शारदा बजाज ने पौधा देकर किया. प्रांतीय सचिव साधना देवरालिया व प्रांतीय कोषाध्यक्ष किरण गोयनका का स्वागत समिति सदस्यों ने किया. मेले में 75 स्टाल लगाये गये हैं. इसमें बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, सूरत, कोलकाता, मुजफ्फरपुर, धनबाद, आसनसोल आदि से एक ही छत के नीचे सुंदर राखियां, बच्चों के गिफ्ट, कपड़े, भगवान की पोशाक, ज्वेलरी, साड़ियां, इंडो वेस्टर्न ड्रेस, बच्चों के मनोरंजन के लिए गेम, नेल आर्ट व स्वादिष्ट चाट आदि हैं. निशा गात्यान द्वारा हैंड मेड गिफ्ट आइटम व भगवान की मूर्ति, रानी के वेस्टर्न ड्रेसेज, सोनल के गुजराती आइटम खूब पसंद किये जा रहे हैं. मौके पर समिति की कोषाध्यक्ष अंजू गुप्ता, निर्मला तुलस्यान, विमला बंसल, उर्मिला गुटगुटिया, अरुण भगानिया, किरण गोयनका, कल्पना पाटोदिया, अनीता मिश्रा, अनीता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, अनीता मुकीम, प्रीति एस अग्रवाल, प्रीति पी अग्रवाल, सारिका सिंघल, किरण अग्रवाल, मोनिका, निशा, रिद्धि, रितु, ममता, चंदा, मीडिया प्रभारी रानी लुहारूका आदि उपस्थित थी.

### जदयू की 11 सीटों से लड़ने की तैयारी, नीतीश कुमार की पार्टी का परंपरागत सीटों पर रहेगा जोर

**रांची, एजेंसी।** जदयू झारखंड में पूरे दमखम से विधानसभा का चुनाव लड़ेगा। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी हरी झंडी दे दी है। उन्होंने झारखंड जदयू को चुनाव तैयारियों में जुटने और जमीन पर जल्द काम शुरू करने का निर्देश दिया है। शनिवार को जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के नेतृत्व में प्रदेश के पार्टी नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में उन्होंने राज्य की 11 सीटों पर अपनी दावेदारी उनके सामने पेश की। साथ ही कुर्मी समाज को एसटी में शामिल करने की मांग भी रखी। नीतीश कुमार ने आश्वासन दिया है कि वे इस पर केंद्र से बात करेंगे। इस दौरान जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सहित कई बड़े नेता उपस्थित थे। खीरू महतो के साथ कुरमी समाज के 13 नेता भी पहुंचे थे। उनसे पूछा गया कि उनकी ओर से किन-किन सीटों की सूची नीतीश कुमार को दी गई है तो कहा कि सूची को अभी सार्वजनिक नहीं कर सकते। राष्ट्रीय अध्यक्ष जब इस पर सहमति देंगे तो फिर प्रदेश के एनडीए के सहयोगियों से बात होगी। वहीं, सरयू राय को लेकर कहा कि अगर वे जदयू में शामिल होते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे।

# राजधानी समेत प्रदेशभर में फिर सक्रिय हुआ मानसून, झमाझम बारिश से खिलेगा किसानों का चेहरा



**रांची, एजेंसी।** राजधानी समेत राज्यभर में मानसून सक्रिय हो चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बनें निम्न दबाव के कारण ओडिशा छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल समेत झारखंड के कुछ जिलों में मानसून सक्रिय हो गया है।

बंगाल की खाड़ी में बनें निम्न दबाव का टर्फ तेजी से बढ़ रहा है। जिसके कारण झारखंड में 2 अगस्त तक बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि 2 अगस्त तक राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। उम्मीद है कि किसानों को चिंता से मुक्ति मिलेगी।

**इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट :** हालांकि, अबतक के हालात को देखकर संशय बरकरार है। इसके अलावा 28 जुलाई को खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, पलामू और गढ़वा में भारी बारिश की संभावना है।

30 और 31 जुलाई को राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, पू. सिंहभूम, प. सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां में मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है।

31 जुलाई और 1 अगस्त को राज्य के उत्तर-पश्चिमी एवं उत्तर-पूर्वी भागों गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, दुमका और देवघर में भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान राज्य में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस रिकर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई जबकि राज्य में कहीं- कहीं पर भारी बारिश भी हुई। राज्य में मानसून गतिविधि सक्रिय रहेगी।

वार को सबसे अधिक बारिश 49.5 एमएम बोकारो में दर्ज की गई है। उच्चतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में जबकि न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में रिकार्ड की गई है। वर्षा होने की वजह से तापमान में आएगी कमी।

**मौसम की बदली चाल से किसानों को राहत :** हाल के दिनों में होने वाली वर्षा से कृषि विभाग को उम्मीद है कि राज्य में भरपूर पानी होगा और किसान खरीफ मौसम की फसल की खेती कर पाएंगे। लगातार दो वर्ष तक सुखाड़ की मार झेलने वाले राज्य में मानसून देर से आया और धान का बिचड़ा डालने के समय काफी कम वर्षा हुई।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान से उम्मीद बढ़ी है कि राज्य में अच्छी वर्षा हो सकती है। पिछले 15 दिनों में वर्षा के औसत में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 11 जुलाई को राज्य में औसत वर्षा सामान्य से 57 प्रतिशत कम थी, लेकिन 25 जुलाई को यह औसत 47 प्रतिशत हो गया।

राज्य के 10 जिलों में ही सामान्य से 50 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने एक अगस्त तक वर्षा होने का पूर्वानुमान जताया है। राज्य में अब तक 13.57 प्रतिशत धान का आच्छादन हुआ है। मक्का का 47.66, दलहन 22.95 और तेलहन का 25.77 प्रतिशत आच्छादन हुआ है।

कम वर्षा के कारण गढ़वा, पलामू और लातेहार में धान का आच्छादन बहुत कम हुआ है। विभाग की रिपोर्ट की माने तो 25 जुलाई तक पलामू और लातेहार में धान का आच्छादन नहीं हुआ, जबकि गढ़वा में 0.21 प्रतिशत हुआ है।

राज्य में खेती कार्य लगभग वर्षा पर निर्भर है। सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने से किसानों को मौसम पर ही निर्भर रहना पड़ता है। मानसून की देरी और सामान्य से कम वर्षा होने से किसानों ने देर से धान का बिचड़ा लगाया है। राज्य में सामान्य रूप से 31 जुलाई तक धान की खेती की जाती है। फिलहाल अच्छी वर्षा से धान के आच्छादन में तेजी आई है। किसानों को सरकार ने 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया है।

झारखंड के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिम बंगाल और ओडिशा के उत्तरी भाग में निम्न दबाव क्षेत्र बना है। अगले 24 घंटे तक इसका विस्तार होगा। इससे 30 जुलाई से राज्य में अच्छी बारिश की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक, पूरे राज्य में 30 जुलाई को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 1 अगस्त तक बारिश की भविष्यवाणी की गई है। यानी लगातार तीन दिन (30,31 जुलाई और 1 अगस्त) को झारखंड में अच्छी बारिश हो सकती है।

## सीडीपीओ नियुक्ति मुख्य परीक्षा में देने होंगे सभी पेपर्स, एक में भी एबसेंट रहने पर मेरिट में नहीं आएगा नाम

**रांची, एजेंसी।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) नियुक्ति मुख्य परीक्षा दो से चार अगस्त तक रांची जिले के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा के सभी पत्रों में अभ्यर्थियों को सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

एक भी पत्र में अनुपस्थित रहने पर मेधा सूची में उक्त अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित नहीं किया जाएगा। झारखंड लोक सेवा आयोग ने यह जानकारी देते हुए शनिवार को मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम प्रकाशित कर दिया। इसके तहत दो अगस्त को एकमात्र पाली में हिन्दी विषय की परीक्षा होगी। वहीं, तीन अगस्त को पहली पाली में सामान्य अध्ययन के प्रथम एवं दूसरी पाली में द्वितीय पत्र की परीक्षा होगी। चार अगस्त को पहली पाली में वैकल्पिक विषय के प्रथम पत्र तथा दूसरी पाली में द्वितीय पत्र की परीक्षा होगी।

पहली पाली की परीक्षा सुबह दस बजे से अपराह्न एक बजे तथा दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न दो बजे से पांच बजे तक होगी। आयोग इस परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रवेश पत्र डाक से नहीं भेजेगा।अभ्यर्थी इसे आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। बताते चलें कि आयोग ने इसकी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम 15 जुलाई को प्रकाशित किया था। इसमें कुल 1,590 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए थे। प्रारंभिक परीक्षा 10 जून को आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा में हिंदी का 100 अंकों का पत्र क्वालिफाइंग प्रकृति का होगा, जिसमें न्यूनतम 30 अंक लाना अनिवार्य होगा। इसके अंक मेधा सूची में सम्मिलित नहीं किए जाएंगे। इसमें 10वीं कक्षा स्तर के प्रश्न पूछे जाएंगे।सामान्य अध्ययन के दोनों पत्र 100-100 अंकों के होंगे। अंतिम पत्र वैकल्पिक विषय का होगा।

## शंकर रवानी हत्याकांड का हुआ खुलासा, पुलिस ने मुख्य आरोपित राजू व अशोक समेत 5 अपराधी किए गिरफ्तार



**बोकारो, एजेंसी।** जिला बदर किए गए शंकर रवानी की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने पूरी तरह से पर्दाफाश कर दिया है। 18 जुलाई को एस पौंड पर वर्चस्व को लेकर हत्याकांड की साजिश हरला थाना इलाके के महुआर बस्ती निवासी राजू दुबे उर्फ राजेंद्र दुबे ने रची थी। राजू दूबे ने इस काम को अंजाम दिलवाने के लिए गुरुद्वारा कालोनी चास निवासी अशोक कुमार सिंह उर्फ अशोक सम्राट से मदद ली। अशोक सम्राट ने शंकर रवानी की हत्या के लिए बिहार से अपने दोस्त अमित सिंह उर्फ मुखिया को बुलाया।

अमित ने अपने परिचित पटना निवासी विकास सिंह का साथ लिया। अमित व विकास ने बिहार के मोकामा निवासी प्रोफेशन शूटर सिपुल महतो को बुलाया। सिपुल ने अपने चार अन्य शूटरों के साथ मिलकर शंकर रवानी की हत्या कर दी। यह जानकारी एसपी पूज्य प्रकाश ने शनिवार को हरला थाना में दी।

उन्होंने बताया कि राजू दुबे के साथ पहले शंकर रवानी एस पौंड में काम करता था। हाल के दिनों में शंकर दूसरे गुट के साथ काम करने लगा। इससे राजू दुबे का वर्चस्व एस पौंड पर समाप्त हो गया। इससे राजू दुबे ने शंकर रवानी की हत्या कराने की साजिश बनाई।

बीते वर्ष नवंबर माह में वह सफल नहीं हो सका। शंकर को उस समय राजू दुबे के कहने पर ही शूटरों ने दो गोली मारी थी, लेकिन वह बच गया। इस बार फिर से फुलप्रूफ योजना बनीं।

दस लाख रुपये में हत्याकांड को अंजाम दिलाने की सुपारी अशोक सम्राट के माध्यम से अमित मुखिया व विकास को दी गई। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद ही रुपयों को देने की बात तय हुई थी।

पुलिस ने इस मामले में राजू दुबे व अशोक सम्राट के साथ महुआर बस्ती निवासी परिक्षित सिंह उर्फ राजा, श्याम कुमार रवानी और अमित कुमार रवानी को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों को अदालत के आदेश पर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में मंडल कारा चास भेज दिया।उन्होंने बताया कि पुलिस ने हत्याकांड में प्रयुक्त अपाचे बाइक सेवरले कार संख्या जेएच09भी-4374 और स्कार्पियो वाहन संख्या जेएच01बीबी-9206 समेत छह मोबाइल को जब्त किया है। एसपी ने बताया कि शंकर रवानी पर आधा दर्जन कांड दर्ज थे। उसे जिला बदर किया गया था।

एसपी ने बताया कि बिहार से आए शूटरों को अशोक सम्राट ने शरण दी। राजू दुबे के कहने पर उसके गांव के पांच युवकों ने शंकर रवानी की हर गतिविधि पर नजर रखने का काम शुरू किया। इसमें गिरफ्तार आरोपित परिक्षित उर्फ राजा, श्याम कुमार रवानी और अमित हैं। तीन रेकी करने वालों की तलाश हो रही है।

एसपी ने बताया कि राजू दुबे ने यह कहा था कि एस पौंड पर वर्चस्व स्थापित हो जाने के बाद अशोक सम्राट ट्रांसपोर्टिंग का काम करेगा। 13-14 वाहन वह यहां अपना लगवा सकता है।

अमित मुखिया व बिहार पटना के विकास को हर माह पांच-पांच लाख रुपये मिलने वाला था। शूटरों को दस लाख रुपये हत्याकांड के लिए दिया जाना था।

## लोबिन हेंब्रम ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के बोरियो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने विधानसभा की सदस्यता खत्म किए जाने के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने हाईकोर्ट से जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए मानसून सत्र तक सदस्यता बहाल करने की अपील की है। यह जानकारी लोबिन हेंब्रम ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

लोबिन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड में लोकतंत्र की हत्या हुई है। झामुमो के लोगों ने स्पीकर पर दवाब बना कर उनकी सदस्यता खत्म कराई है। कहा कि दुख इस बात का है कि निर्दलीय के रूप में विधायक चमरा लिंडा ने भी चुनाव लड़ा था, लेकिन उनपर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि एक अपराध के लिए एक को फांसी दे दी गई और एक को कुछ नहीं किया गया। बता दें कि तीन दिन पहले ही दल-बदल के मामले में सुनवाई करते हुए स्पीकर न्यायाधीकरण ने बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम और मांडू विधायक जेपी पटेल की विस सदस्यता समाप्त कर दी थी।

**संताल में आदिवासी कमजोर मुस्लिम आबादी हावी हेंब्रम :** लोबिन ने कहा कि संताल में मुस्लिम समुदाय हावी होता जा रहा है। वहीं आदिवासी कमजोर हो रहा है। बांग्लादेश से घुसपैठ सबको पता है, लेकिन सरकार वोट बैंक बनाने में जुटी है। झारखंड समेत देश को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। आदिवासी महिलाओं से मुस्लिम शादी कर रहे हैं, जमीनें खरीदी जा रही हैं। आज आदिवासियों की आबादी 36 से घटकर 26 फीसदी रह गई है।

## पुराना बाजार रत्नेश्वर मंदिर के पास से हटेगा अतिक्रमण

**धनबाद, एजेंसी।** बैंक मोड़ और पुराना बाजार में सुचारू यातायात के लिए शनिवार को बैंक मोड़ पुलिस, पुराना बाजार चैंबर और टोटो चालक संघ के बीच वार्ता हुई। झारखंड ई रिक्शा टोटो संघ के लोगों ने पुराना बाजार रत्नेश्वर मंदिर के पास अतिक्रमण से निजात दिलाने व यातायात को सुचाष् रूप से बहाल करने की बात बैठक में रखी। बैठक के दौरान सभी पक्षों ने अनेकों सुक्षाव रखे। स्थल निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान टोटो संघ के प्रवक्ता संतोष कुशवाहा ने थाना प्रभारी से आग्रह किया कि रत्नेश्वर मंदिर के रेलवे की दीवार के सटकर नगर निगम का जमीन अतिक्रमण किया हुआ है। अगर वास्तव में जाम से निजात चाहिए तो निगम से पहल करवाते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। यह स्थान पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चत हो जाती है तो निधारित पार्किंग शुल्क टोटो चालक देने के लिए तैयार है। बैठक में बैंक मोड़ थानेदार लव कुमार, पुराना बाजार चैंबर के महासचिव अजय नारायण लाल, जीआरपी थानेदार रंजीत कुमार, टोटो संघ के संतोष कुशवाहा, अनिल यादव तारिक अंसारी, रवि साव, प्रणीव कुमार, सनोज कुमार, सूरज कुमार, पवन साव आदि उपस्थित थे।

## पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में गजराज का आतंक, बीते 6 घंटे में दो की ली जान



**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम में गजराज ने आतंक मचा रखा है. दरअसल बीते 6 घंटे के भीतर चाकुलिया वन क्षेत्र के दिघी एवं चौठिया गांव में जंगली हाथियों के चपेट आने से दो वृद्ध की जान चली गयी. मृतकों की पहचान 70 वर्षीय वकील टुडू और 74 वर्षीय बासो हांसदा के रूप में हुई है. पहली घटना दिघी गांव की है, जहां जंगली हाथियों के झुंड ने एक मिट्टी के घर को धक्का देकर गिरा दिया. जिससे घर के अंदर सो रही वृद्ध महिला बासो हांसदा की मौत मिट्टी की दिवार के नीचे दबने से हो गयी.

जानकारी के मुताबिक जंगली हाथियों का झुंड जब गांव में पहुंचा तो घर में सो रही वृद्ध के दामाद को इसकी आहट मिल गयी. इसके बाद वह घर से बाहर निकलकर खदड़ने का प्रयास किया. लेकिन हाथियों का झुंड भागने की बजाय उसके घर पर हमला करते हुए दिवार को धक्का मारकर गिरा दिया. जिससे घर के अंदर सो रही वृद्ध की मौत हो गयी.

दूसरी घटना पूर्वी सिंहभूम के ही बड़ामारा पंचायत स्थित चौठिया गांव की है, जहां रविवार सुबह वकील टुडू नामक एक वृद्ध को जंगली हाथियों का झुंड ने मौत के घाट उतार दिया. जानकारी के मुताबिक वह शौच के लिए अपने घर बाहर गया था. लेकिन थोड़ी दूर जाने के बाद उसे जंगली हाथियों का झुंड दिखाई दिया. जिसे देखकर वह भागने लगा. लेकिन जंगली हाथियों ने उसे दौड़ाकर मार डाला. मृतक के बेटे की एक साल पहले ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी. फिलहाल उसके घर में बहू और पोते-पोतियां हैं. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

दो गांव दो लोगों की मौत हो जाने से ग्रामीण में भारी आक्रोश देखा गया. जिसके बाद आक्रोशितों ने चाकुलिया बहरागोड़ा सड़क मार्ग पर सड़क जाम कर दी. जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गयी. सूचना पाकर वन विभाग की टीम और चकुलिया पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया.

## मझगांव व झींकपानी में छात्रों को मिलीं साइकिलें



**चाईबासा, एजेंसी।** शनिवार को झींकपानी व मझगांव में छात्रों के बीच साइकिल वितरित किया गया। झींकपानी प्रखंड के 10 प्लस टू स्कूल में आठवीं कक्षा पास छात्रों को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा आईनद, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत के मुखिया जोड़ा पोखर, पंचायत के मुखिया एवं 10 प्लस टू कि प्रधान अध्यापिका, सीआरपी, बीआरपी एवं एमआईएस उपस्थित थे। साइकिल मिलने के बाद छात्रों ने संकल्प किया कि वह प्रतिदिन स्कूल आएंगे। उधर, प्रखंड के मध्य विद्यालय घोडाबंधा परिसर में उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को जिप सदस्य पूनम जेराई, प्रखंड प्रमुख सरस्वती चातार, जेएएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश पिंगुवा, बीस सूत्री अध्यक्ष धर्नुजय तिरिया, बीडीओ जोसेफ कान्डुलना, सीओ संजय कुमार बखला ने संयुक्त रूप से साइकिल वितरण किया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश पिंगुवा ने प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च, उच्चतर शिक्षा हासिल करने वाले बच्चों को सभी सुविधा झारखंड सरकार मुहैया करवाएगी। मौके पर कृषि पदाधिकारी सीरिप बास्के, जिला परिषद सदस्य पूनम जेराई, बीस सूत्री सदस्य धुर्नजय तिरिया, प्रखंड अध्यक्ष राजेश पिंगुवा,प्रमुख सरस्वती चातार,मुखिया विवेकान्द पुरती,मोजाहिद अहमद,गोकुल पोलाई, दिलेश्वर बेहरा,प्रताप पिंगुवा,प्राचार्य सोरेन,गाजेंद्र पान समेत शिक्षक सपन साहु, अन्य अभिभावक मौजूद थे।

## बीएयू और जुमार नदी की जमीन पर कब्जे के मामले में भी ईडी ने दर्ज की एफआईआर




**रांची, एजेंसी।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय व जुमार नदी की जमीन पर कब्जा मामले में जमीन माफिया कमलेश व उसके सहयोगियों पर दर्ज केस को भी ईडी ने अपने नए ईसीआइआर में जोड़ा है।

ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत रिमांड आवेदन में इन चारो कांडों का जिक्र किया है और बताया है कि इस वर्ष जमीन घोटाला मामले में यह नया ईसीआईआर है।

गोंदा थाना कांड संख्या 174/2024- रांची के गोंदा थाने में 21 जून 2024 को कमलेश कुमार के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह प्राथमिकी उसके कांके रोड के चांदनी चौक एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 603सी से बरामद 100 कारतूस मामले में दर्ज की गई है।

गोंदा थाना कांड संख्या 120/2022- रांची के गोंदा थाने में 10 दिसंबर 2022 को धोखाधड़ी, जालसाजी के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। यह प्राथमिकी कमलेश कुमार उर्फ कमलेश शर्मा, अमरेंद्र कुमार दुबे, नुरूल अंसारी के विरुद्ध दर्ज हुई थी। शिकायतकर्ता ने आरोपितों के विरुद्ध जालसाजी व बेइमानी कर कांके के नगड़ी मौजा में पांच डिसमिल जमीन खरीदवाने का आरोप लगाया था। नगड़ी मौजा में खाता नंबर 101 व प्लाट नंबर 2260 पर उक्त जमीन है।

इस जमीन के एवज में उसने 24 लाख रुपये का भुगतान किया था। बाद में उसे जानकारी मिली कि उक्त जमीन आदिवासी प्रकृति की है, जिसके मालिकाना हक से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं था।कांके थाना कांड संख्या 117/2024- कांके थाने में चार अप्रैल 2024 को कमलेश के विरुद्ध कांके के बुकरू निवासी संजय साहू ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कमलेश पर उन्होंने अवैध तरीके से 133 एकड़ जमीन पर चारदीवारी खड़ी करने का आरोप लगाया था। यह बुकरू में खाता नंबर 89 के प्लाट नंबर 972 में 96 एकड़ व खाता नंबर नंबर 46 के प्लाट नंबर 996 में 37 एकड़ जमीन है।

कांके थाना कांड संख्या 237/2020- कांके थाने में 27 नवंबर 2020 को रिवर व्यू गार्डेन के प्रोपराइटर कमलेश कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई थी। यह प्राथमिकी कांके के राजस्व उप निरीक्षक रंजीत कुमार की शिकायत पर दर्ज की गई थी। यह अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर कब्जा से संबंधित था, जहां जमीन का समतलीकरण कर किया जा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार



### जालोर में घर में सो रहे कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या, वैभव गहलोत के निशाने पर सरकार

**जालोर, एजेंसी।** राजस्थान के जालोर जिले में एक व्यक्ति की सोते समय कथित रूप से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। अतिरिक्त पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वरलाल ने बताया कि सायला थाना क्षेत्र के बावतरा गांव में शुक्रवार रात विजयराज देवासी अपने घर में सो रहे था। उसी दौरान करीब दो बजे तीन-चार अज्ञात हमलावरों ने उनपर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और फिर वे भाग गए। इसके बाद विजयराज को उनके परिजन घायल अवस्था में अस्पताल ले गये, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक जिस व्यक्ति की हत्या की गई, वह कुछ साल सिवाणा सीट से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था। व्यक्ति की हत्या पर अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत ने कहा कि अपराधियों में पुलिस व कानून का खौफ नहीं है। उन्होंने जालोर पुलिस से मामले में जल्द कार्रवाई आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।
पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। विजयराज के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव का पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया और वे धरने पर बैठे हैं। पुलिस के अधिकारी उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

### वाराणसी में एल्विश यादव के खिलाफ लगे पोस्टर, मंदिर में वीआईपी दर्शन की जांच की मांग

**वाराणसी, एजेंसी।** यूट्यूबर एल्विश यादव ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए थे। यहां उन्होंने फोटो भी खिचवाई थी, जिसको लेकर अब उनके खिलाफ विरोध तेज हो गया है। वाराणसी के गंगा किनारे स्थित घाटों पर एल्विश यादव के खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं। उन्हें सांपों के जहर का सौदागर बताया गया है। साथ ही एल्विश को वीआईपी दर्शन कराने को लेकर जांच की मांग की गई है। पोस्टर में लिखा है कि भोलेनाथ को सांप पसंद हैं, सांपों के जहर का सौदागर नहीं। एल्विश यादव को हमारे आराध्य काशी विश्वनाथ धाम में वीआईपी ट्रीटमेंट की जांच कर कार्रवाई की जाए। ये पोस्टर दीपक सिंह नाम के शख्स द्वारा गंगा किनारे घाटों पर लगाए गए हैं। पोस्टर लगवाने वाले दीपक सिंह राजपूत ने कहा, बाबा विश्वनाथ की नगरी में देश-विदेश से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। कांवड़िए और आम जनता लाइन में लगकर बाबा के दर्शन करते हैं। लेकिन, सांपों के जहर के सौदागर एल्विश यादव को वीआईपी ट्रीटमेंट देकर मंदिर में दर्शन कराए गए। वह कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर आया और उस पर सांपों के जहर का सौदा करने का आरोप है। यही नहीं, कुछ दिन पहले ही ईडी ने उससे घंटों तक पूछताछ भी की, लेकिन इसके बावजूद उसे मंदिर में वीआईपी दर्शन कराया गया। उन्होंने मंदिर समिति पर सवाल उठाए और कहा, आम जनता घंटों लाइन में लगकर बाबा का आशीर्वाद लेती है, लेकिन एल्विश यादव को किस आधार पर मंदिर में वीआईपी दर्शन कराए गए। इस बात का मंदिर समिति को जवाब देना चाहिए। हिंदुस्तान के सभी सनातनी समाज के लोग इस बात से आहत हैं और हम इसका विरोध करते हैं। जो शख्स सांपों के जहर का सौदा करता है, उसे मंदिर में वीआईपी दर्शन कराना सही नहीं है। उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और जेल भेजना चाहिए। बता दें कि एल्विश उत्तर प्रदेश के वाराणसी दौरे पर आए थे। यहां उन्होंने अपनी टीम के साथियों के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए थे।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से भी ऊपर है यह कानून, भारतीयता धर्म से भी ऊपर- केरल हाइकोर्ट

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।**
केरल हाइकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि बाल विवाह विरोधी नियम 2006, बिना किसी धार्मिक भेदभाव के समान रूप से सभी भारतीयों के ऊपर लागू है। जस्टिस पी वी कुन्निकृष्णणन ने यह भी साफ किया कि यह मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के भी ऊपर है, जिसमें बच्चों की शादी को मान्यता दे दी जाती है। जस्टिस ने कहा कि नागरिकता पहले है और धर्म बाद में, इसलिए यह कानून हर भारतीय पर बिना किसी भेदभाव के लागू होगा।

बेंच ने हाल ही में पलक्कड़ में एक बाल विवाह के मामले में आरोपी की याचिका को खारिज करते हुए यह निर्देश जारी किया। माननीय न्यायालय ने आरोपी पिता और कथित पति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था




कि उनके विरोध दायर किया गया केस रद्द कर दिया जाए। कोर्ट का यह फैसला एक ऐसे समय में आया है जबकि भाजपा शासित असम में कई अल्पसंख्यक लोग बाल विवाह करवाते पकड़े गए हैं।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की दुहाई देते हुए याचिकाकर्ताओं ने कहा कि कोई भी मुस्लिम लड़की अगर प्यूबर्टी तक पहुंच जाती है तो पर्सनल लॉ बोर्ड के हिसाब से वह शादी के लिए तैयार है और केंद्र उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। याचिका कर्ताओं ने कहा कि यह बाल विवाह विरोधी कानून उनके पर्सनल लॉ बोर्ड के खिलाफ है और उनके अधिकारों का हनन कर रहा है।

हालांकि हाइकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की सभी दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि यह कानून किसी पर्सनल लॉ बोर्ड या किसी भी धर्म से भी ऊपर है। पूरे भारत में और भारत के बाहर रहने वाले भारतीय नागरिकों को भी यह नियम मानना ही होगा , इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।, इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

जस्टिस कृष्णणन ने कहा कि बाल विवाह रोकना हमारे आधुनिक समाज का हिस्सा है। आज के दौर में यह कहीं से भी जायज नहीं है कि एक बच्चे कि शादी कर दी जाए। यह उस बच्चे के मानवीयअधिकारों का उल्लंघन है।

## बीकानेर में फंदे पर लटकती मिली मॉडल, हत्या या आत्महत्या? आया ये बड़ा अपडेट



**बीकानेर , एजेंसी।** राजस्थान के बीकानेर में बीती देर रात एक फैशन मॉडल और सोशल मीडिया इनफ्लाएंसर इशप्रीत कौर का संदिग्ध अवस्था में शव मिला। इस दौरान घर के कमरे में मॉडल का शव फंदे से लटकी अवस्था में मिला। बताया जा रहा है कि मॉडल तीन दिनों से घर से लापता थी। इस दौरान मॉडल का शव उसके दोस्त जयराज तंवर के कमरे में मिला, वो भी अचेत अवस्था में मिला। पुलिस को मौके से एक पिस्टल भी मिली है। संदिग्ध अवस्था में मिली लाश के चलते पुलिस भी हैरान है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की छानबीन के बाद ही मामला हत्या का है या आत्महत्याा का है, ये बताया जा सकता है। पुलिस जांच में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार यह घटना बीकानेर के मुक्ता प्रसाद इलाके की है।

## कोटा बैराज के 6 गेट खोले, हाड़ौती में तेज बारिश, नदिया उफान पर



**कोटा, एजेंसी।**
राजस्थान के कोटा बैराज से चंबल नदी में पानी की निकासी शुरू की गई है। भारी बारिश से जिले से गुजर रही पार्वती, चंबल और कालीसिंध नदी उफान पर आ गई है। इसके चलते कोटा का सवाई माधोपुर रोड मध्य प्रदेश से संपर्क कट गया है। दूसरी तरफ दरा की घाटी में अबली मीणी महल के नजदीक नाले में काफी तेज पानी आने के चलते नेशनल हाईवे 52 पर जाम जैसी स्थिति बन गई। कोटा के खड़े गणेश जी मंदिर में भी हर साल की तरह इस बार भी बरसाती पानी प्रवेश कर गया है।मौसम विभाग के अनुसार कोटा में सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे तक 2.8 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। अबली मीणी महल के नजदीक नाले में तेज पानी का बहाव आ रहा है। इसके चलते वाहन काफी धीरे-धीरे निकल रहे हैं और दोनों तरफ लंबा जाम लग गया है। इसके साथ ही घाटी में ही एक ट्रक भी खराब हो गया था। इसके चलते भी कई वाहन फंसे हुए हैं। दरा घाटी में स्थित चौकी की पुलिस इस जाम को खुलवाने का प्रयास कर रही है। जल संसाधन विभाग की अधिशासी अभियंता भारतरत्न गौड़ ने बताया कि लगातार कोटा बैराज के कैचमेंट एरिया में बारिश हुई है। इसके चलते पानी की आवक बनी हुई थी और इसी को देखते हुए कोटा बैराज के छह गेटों को 7-7 फिट खोला गया है. कुल 42 फीट गेट खोलकर 51858 क्यूसेक पानी चंबल नदी में छोड़ा जा रहा है। इसके पहले अलर्ट जारी कर दिया गया था, जिसके चलते चंबल नदी में कोटा से लेकर धौलपुर तक पानी की जलस्तर ऊंचा उठ जाएगा। कोटा बैराज में जलस्तर 854 फीट पर पहुंच गया है, ऐसे में उसे 853 पर मेंटेन करने के लिए पानी छोड़ा गया है। नगर निगम के फायरमैन किशन भार्गव ने बताया कि रेलवे कॉलोनी निवासी राहुल शर्मा अपने दोस्तों के साथ कर्णेश्वर महादेव नहाने के लिए गया था।

# दरभंगा शहर में नहीं चलेगी बसें: मीटिंग में नए रूट पर लिया गया निर्णय

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह से शहर में सवारी बसों का परिचालन बंद हो जाएगा। अब दिल्ली मोड़ से कुशेश्वरस्थान और बिरौल या सहरसा जानेवाली बस स्टेशन रोड, दोनार चौक के रास्ते नहीं जाएगी। दिल्ली मोड़ से रानीपुर, बिजली, तारसराय, सकरीऔर धरौड़ा होते हुए बेनीपुर के रास्ते निकलेगा। वहीं, लहेरियासराय बस स्टैंड से मधुबनी, कमतौल सहित अन्य जगह जाने वाली बस लहेरियासराय से सैदननगर, एकमी,भरौल होते हुए शोभन बाइपास के रास्ते दिल्ली मोड़ बस स्टैंड जाएगी। इसको लेकर शनिवार को कमिश्नर मनीष कुमार केअध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें डीएम-एसएसपी के मुख्यालय में नहीं रहने पर उनके प्रतिनिधि के रूप एडीएम नीरज कुमारदास, सिटी एसपी शुभम आर्य, नगर आयुक्त कुमार गौरब,संयुक्त सचिव सह क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार राजेश कुमार,डीटीओ, श्रीप्रकाश, ट्रैफिक डीएसपी अवधेश कुमार आदि नेभाग लिया। बैठक में शहर में जाम से निजात के लिए उपरोक्त प्रस्ताव पर चर्चा के बीच ऑटो के परिचालन को लेकर भीतीन रूट बनाने और ऑटो पर रंगीन पट्टी लगाने को कहा गया है। वहीं, दोनार और सोनकी में सवारी बस के लिए बीएमपी केनिकट भूमि तलाशने के बीच किराए पर भी भूमि मिलने परउसके लिए कार्रवाई करने को कहा गया है। वर्तमान मेंराजकुमारगंज, दोनार, सोनकी, धरौड़ा, मझौड़ा बस पड़ाव,बेनीपुर, सतीघाट, सुपौल, बेर चौक, दरभंगा, कुशेश्वरस्थान केरास्ते सहरसा तक 171 बसों को परिचालन होता है।



**अतिक्रमण हटाने का निर्देश :** अतिक्रमण हटाने का सड़कों के दोनों तरफ से दुकानदारों द्वारा किया गया है। सड़क किनारे ठेला लगाने वाले वेंडर को हटाकर वेंडिंगस्थल चिह्नित कर समय-सारणी के साथ प्रबंधन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नगर निगमक्षेत्र में चिह्नित ऑटो पड़ावों को चालू करने एवंसुविधा बहाल करने का निर्देश दिया गया। बीएमपी के पास स्टैंड बनाने के लिए खोजी जाएगी जगह दोनार रेलवे गुमटी से बीएमपी-13के आसपास बस स्टैंड के लिएसरकारी जमीन चिह्नित करने याकिराए पर जमीन लेने का निर्देश दिया गया। शहर से होकर बसों के परिचालन के कारण रोज जाम लगता है, जिससे प्रतिदिन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी घंटों लोगों को जाम में फंसा रहना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह निर्णय लिए गए हैं।

**यह भी निर्णय हुआ :** अब दिन में कचरा का उठाव नहीं किया जाएगानगर निगम की ओर से दिन मेंयातायात के व्यस्ततम समय में कचरा का उठाव किया जाता है। इस वजह से भी कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको लेकर कहा गया किकचरा का उठाव रात्रि में तथादिन में नो इंट्री के समयावधितक कर लेने से जाम से निजातमिल सकती है। तत्काल स्कूलबसों का परिचालन कियाजाएगा। नो-इंट्री में कोई भी सवारी बस नहीं चलेगी। नगर निगम के क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों पर यातायात पुलिस बल का कम से कम 8 बजे रात्रि तक तैनाती सुनिश्चित करना है। साथ शहर में ही ऑटोके परिचालन के लिए 3 रूटबनाए जाने का निर्देश दिया गयाहै। साथ ही सभी रूट के ऑटो पर पहचान के लिएअलग-अलग रंग की पट्टी भी लगाई जाएगी। दरभंगा नगर निगम क्षेत्र के अंदरनो-इंट्री के निर्धारित समय में शहर केबीच से गुजरने वाले विभिन्न रूटों परचलने वाली सवारी बस, जिसकापरमिट क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारदरभंगा से निर्गत है, ऐसे सभी बसों का परिचालन के लिए मार्ग परिवर्तित करने का निर्णय आरटीए की बैठक मेंलिया गया।

# लखनऊ में अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई, चला बुलडोजर

**लखनऊ, एजेंसी।**
लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान काकोरी, मोहान रोड पर अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की। इसके साथ ही इन्दिरा नगर, बाजार खाला, चिनहट समेत अन्य स्थानों पर सात अवैध निर्माण सील किए गए। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि निजामुद्दीन व अन्य की ओर से काकोरी के इब्राहिमगंज में अवैध प्लाटिंग कराइ जा रही थी। मोहान रोड के किनारे पांच बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था।

इसी तरह गब्बर रईस, बाबू भाई व अन्य इब्राहिमगंज में लगभग छह बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग करा रहे थे। वहीं, मनीष यादव, अरविंद शर्मा व अन्य की ओर से काकोरी के मदारपुर में आठ बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इन सभी के खिलाफ विहित कोर्ट ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिए थे। इन आदेशों का शनिवार को पालन कराया गया।इसके अलावा अमर सिंह व अन्य काकोरी के घुरघुरी तालाब क्षेत्र में लगभग आठ बीघा भूमि पर अवैध रूप से




कालोनी विकसित कर रहे थे। इस मामले में भी विहित कोर्ट के ध्वस्तीकरण करने के आदेश थे। पुलिस की मदद से इसे भी ध्वस्त् किया गया।

**इंदिरा नगर, चिनहट व गुड़म्बा में अवैध निर्माण सील:** प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि सादिक खान व अन्य चिनहट की गुलजार कालोनी में 2600 वर्गफुट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर चार मंजिला अपार्टमेंट बनवा रहे थे। शहीद भगत सिंह वार्ड में मोहम्मद सैद खान, मोहम्मद वसीम व अन्य भूखंड पर चार मंजिला भवन का निर्माण करा रहे थे। यह निर्माण 2000 वर्गफुट पर हो रहा था। यहीं पर मोहम्मद सैफ व अन्य की ओर से 4000 वर्गफिट के भूखण्ड पर पांच मंजिला अपार्टमेंट का निर्माण करवाया जा रहा था। इन निर्माणों को सील कर दिया गया। इसके अलावा अमरजीत वर्मा व अन्य इंदिरा का इन्दिरा नगर के पानी गांव में 4500 वर्गफुट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण सील किया गया। फरीदी नगर में आशीष चौरसिया की ओर से 1200 वर्गफुट में दुकानों के निर्माण को सील कर दिया गया। साथ ही गुड़म्बा में संतोष कुमार और अन्य की ओर से 1200 वर्गफुट पर अवैध रूप से बनाए जा रहे भवन को सील किया गया। इनमें से किसी का मानचित्र स्वीकृत नहीं था।

**बाजारखाला में अवैध बिल्डिंग सील :** प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बाजारखाला के बुलाकी अड्डा के पास कार्रवाई की। यहां नीतू अग्रवाल व अन्य चन्दा मार्केट के पास 3000 वर्गफुट के भूखण्ड पर अवैध रूप से अपार्टमेंट का निर्माण करवा रहे थे।

## केसीआर के सीएम रहते करोड़ों का हुआ भ्रष्टाचार, होनी चाहिए जांच- रेवंत रेड्डी

**बेंगलुरु, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत राष्ट्र समित (क्क्रस्) शासन के दौरान भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने शनिवार को दावा किया कि भेड़ वितरण योजना में 700 करोड़ रुपये का करप्शन हुआ है। विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान रेड्डी ने कहा कि बीआरएस के नेता टी हरीश राव ने कर्ज का ब्योरा तो दिया, लेकिन जमीन की बिक्री का ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि लाखों करोड़ की लागत वाली आउटर रिंग रोड को केवल 7 हजार करोड़ रुपये में बेच दिया गया। इसके अलावा, बीआरएस के 10 साल के शासन के दौरान पलामुरु में एक भी सिंचाई परियोजना पूरी नहीं हुई।

रेवंत रेड्डी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के कार्यकाल में रंगा रेड्डी जिले में करोड़ों रुपये की जमीनें बेची गईं। मुख्यमंत्री ने गुजरात के सूरत में वजन के हिसाब से खरीदी गई साड़ियों की खराब गुणवत्ता की भी आलोचना की, जिन्हें बाथुकम्मा साड़ी योजना के तहत राज्य में वितरित किया गया। सीएम रेड्डी ने विपक्षी बीआरएस नेता हरीश राव से सवाल किया, क्या आप भेड़ वितरण और बाथुकम्मा साड़ी की योजनाओं की जांच के लिए तैयार हैं? सीएम रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा था कि उनकी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद 90 दिन के भीतर 30 हजार रिक्तियां भरी हैं। साथ ही, सत्ता में आने के पहले वर्ष के भीतर 30 हजार अन्य युवाओं की भर्ती करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले साल दिसंबर में सत्ता में आने के बाद 90 दिन के भीतर लगभग 30 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। रेड्डी ने कहा कि अन्य 30 हजार पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# मॉनसून सत्र से पहले मायावती बोलीं- विधानसभा में भी कही न दिखे भाजपा की अंदरूनी कलह

**लखनऊ , एजेंसी।**
बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि यूपी विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है, जिसमें सरकार अनुपूरक बजट भी पेश करेगी। हालाँकि यह सत्र भी संक्षिप्त ही होगा, किन्तु भाजपा में जारी घमासान व इनकी अन्दुरुनी लड़ाई अगर सदन में भी हावी न होकर जन व प्रदेशहित में कार्यों का निर्वहन हो तो बेहतर होगा।

उन्होंने कहा है कि यूपी में बाढ़ की तबाही से प्रभावित लाखों परिवारों को सरकारी मदद की तत्काल आवश्यकता है, जिनके प्रति सरकार का उदासीन रवैया चिन्तनीय। अतिक्रमण के नाम पर लोगों को उजाड़ने के बजाय सरकार गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व



बिगड़ी कानून-व्यवस्था से त्रस्त लोगों के जीवन सुधार पर ध्यान दे।

आपको बता दें कि विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने शनिवार को सदन का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया। 29 जुलाई को विधाई कार्य होंगे। 30 जुलाई को अनुपूरक बजट रखा जाएगा। 31 को भी विधायी कार्य होंगे। एक अगस्त को अनुपूरक बजट पास कराया जाएगा। दो अगस्त को विधायी कार्य करा सदन स्थगित हो जाएगा। पेपर लीक रोकने व निष्पक्ष परीक्षाएं कराने के लिए योगी सरकार नया कानून विधानसभा से पास कराएगी। इसके लिए हाल में उसने उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अध्यादेश-2024 जारी किया था। इसे अब विधानमंडल के दोनों सदनों से पास करा कर कानून का दर्जा दिया जाएगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश आपराधिक विधि संशोधन अध्यादेश-2024, उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र व अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यादेश-2024, उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंधन व उपयोग) अध्यादेश- 2024, उत्तर प्रदेश विधियां संशोधन अध्यादेश-2024 भी पास कराए जाएंगे। सरकार की योजना एक दर्जन अध्यादेशों को विधेयक के रूप में पास कराएगी।

## एनकाउंटर में गिरफ्तार गैंगस्टर ने पुलिस कस्टडी में बनाई रील

**देवरिया, एजेंसी।** पुलिस एनकाउंटर में गिरफ्तार रफ्तार गैंग के सरगना गैंगस्टर नीतेश यादव उर्फ रफ्तार का पुलिस कस्टडी में इलाज के दौरान रील वायरल होने पर एसपी ने एक सब इंस्पेक्टर समेत 3 को सस्पेंड कर दिया। इस मामले में पुलिस ने रील बनाने वाले दो युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया। गांव निवासी नीतीश यादव उर्फ रफ्तार शातिर अपराधी और गैंगस्टर है। वह रफ्तार गैंग का सरगना है जिसमें सैकड़ो युवक सदस्य हैं। 24 जुलाई को एसओजी और लार पुलिस ने तड़के उसे एक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। इस दौरान उसके पैर में गोली लगने पर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। शनिवार को उसका व्हील चेयर पर जाते वक्त एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें वह दोनों हाथों से बेलौस अंदाज में अपने बाल को सहला रहा है। बगल में पुलिस वाले भी खड़े दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद से ही पुलिस पर सवाल उठने लगा। इस मामले को एसपी ने गंभीरता से लेते हुए ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर कुंदन पटेल और दो सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया। पुलिस ने रील बनाने वाले देवरिया लक्ष्मी निवासी गोलू यादव और ट्यूबवेल कालोनी निवासी अतुल राव को भी गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों युवकों ने ही वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया था। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि पुलिस कस्टडी में गैंगस्टर का वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में सब इंस्पेक्टर समेत 3 को सस्पेंड कर दिया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब एफसी ने नेक्स्ट जेनरेशन कप 2024 के लिए टीम घोषित की



**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब एफसी ने नेक्स्ट जेनरेशन कप 2024 के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जो 1 से 4 अगस्त तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट एस्टन विला के बॉडीमूर ट्रेनिंग ग्राउंड में खेला जाएगा और फाइनल लॉफबोरो यूनिवर्सिटी स्टेडियम में होगा। इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब एस्टन विला, क्रिस्टल पैलेस, एवर्टन और क्रिस्टल पैलेस और दक्षिण अफ्रीकी स्टेलनबोश सहित आठ अकादमियों की टीमें टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण के लिए पंजाब एफसी, ईस्ट बंगाल एफसी और मुथूट फुटबॉल अकादमी के साथ टूर्नामेंट में शामिल होंगी। पंजाब एफसी को मुख्य कोच शंकरलाल चक्रवर्ती प्रशिक्षित करेंगे और इसमें सीनियर टीम के सात खिलाड़ी शामिल होंगे जिन्होंने आरएफडीएल राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी और नेक्स्टजेन कप के लिए क्वालीफाई किया था। पंजाब एफसी टीम नॉर्थ रीजन क्वालीफायर, नेशनल ग्रुप स्टेज और नेशनल चैंपियनशिप में पूरे अभियान के दौरान अजेय रही थी।

टीम के बारे में बात करते हुए, मुख्य कोच शंकरलाल चक्रवर्ती ने कहा, च्हमने एक संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके पास सीनियर टीम का अनुभव है और साथ ही रिजर्व खिलाड़ी भी हैं जो पूरे आरएफडीएल अभियान में अछा खेल रहे हैं। हमारे लड़कों के लिए इस टूर्नामेंट में खेलना, विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ बातचीत करना और एक-दूसरे से सीखना एक बड़ा अनुभव होगा।

### नाइजीरियाई मुक्केबाज सिंथिया ओगुनसेमिलोर डोपिंग के लिए अस्थायी रूप से निलंबित



**पेरिस, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने कहा कि नाइजीरियाई मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर को पेरिस ओलंपिक में अपनी शुरुआती लड़ाई से पहले डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इराकी जुडोका सजाद सेहेन और डोमिनिकन वॉलीबॉल खिलाड़ी लिसवेल ईव मेजिया के बाद ओलंपिक खेलों की शुरुआत के बाद से डोपिंग का यह तीसरा मामला है।

आईटीए ने कहा, मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर से लिए गए एक नमूने में एक निर्दिष्ट प्रतिबंधित पदार्थ, फ़्यूरोसेमाइड (विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) निषिद्ध पदार्थों की सूची के अनुसार श्रेणी एस5 मूत्रवर्धक और मास्किंग एजेंट के रूप में वर्गीकृत) के लिए एक प्रतिकूल विश्लेषणात्मक परिणाम सामने आया। 22 वर्षीय ओगुनसेमिलोर को सोमवार को -60 किग्रा वर्ग में ओलंपिक टूर्नामेंट में पदार्पण करना था। ओगुनसेमिलोर को मामले की जानकारी दे दी गई है और विश्व डोपिंग रोधी संहिता और ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 पर लागू आईओसी डोपिंग रोधी नियमों के अनुरूप मामले का समाधान होने तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

इंडिया वर्सेस श्रीलंका: भारत की 43 रन से जीत के बाद सूर्यकुमार ने कहा

# कभी नहीं सोचा था कि मैच हमसे दूर चला जाएगा



**पल्लेकेले, एजेंसी।** श्रीलंका पर 43 रनों की जीत के साथ भारत के तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 से आगे होने के बाद, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम ने कभी नहीं सोचा था कि मैच लगभग उनके हाथ से निकल जाएगा। श्रीलंका ने पूरी ताकत झोंक दी और 140/1 पर अच्छी तरह से तैयार था, लेकिन 30 रन पर अपने शेष नौ विकेट खोने से उसे 43 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले, पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में, सूर्यकुमार ने 28 गेंदों में 56 रन बनाए, जो उनका 20वां टी20 अर्धशतक था, और इस प्रारूप में भारत के पूर्णकालिक कप्तान के रूप में उनका पहला अर्धशतक था और उन्होंने टीम को 213/7 तक पहुंचाया। वे पहली गेंद से ही अच्छे ब्रांड का क्रिकेट खेल रहे थे। वे लय बरकरार रखे हुए थे, इसका श्रेय उन्हें जाता है। हमने यहां दो-तीन दिनों तक अभ्यास किया और हमें पता था कि रात में विकेट कैसा होगा। मैच खत्म होने के बाद सूर्यकुमार ने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि यह हमसे दूर चला जाएगा। हम भाग्यशाली थे कि ओस नहीं थी।

हमने विश्व कप में जिस तरह से खेला, उससे हमें याद आया कि खेल अभी बहुत दूर है। टीम के लिए जो भी काम करेगा, हम (बाएं-दाएं बल्लेबाजी संयोजन जारी रखने पर) फैसला लेंगे। इसी तरह के विचार उप-कप्तान शुभमन गिल ने भी व्यक्त किए, जो यशस्वी जयसवाल के साथ 74 रन की शुरुआती साझेदारी में शामिल थे। वास्तव में नहीं (घबराया हुआ)। हमने अच्छे संचार के बारे में बात की और हम जानते थे कि हमें सिर्फ एक विकेट की जरूरत है (जब श्रीलंका का स्कोर 140/1 था)। उनके (जायसवाल) साथ बल्लेबाजी करना बहुत अच्छा है और हम एक दूसरे के पूरक हैं। हमारी शैली अलग है, हमारी योजना सरल है - परिस्थितियों का आकलन करें और फिर गेंदबाजों का सामना करें। जब आप पारी की शुरुआत कर रहे हों, तो देखें कि पिच कैसा व्यवहार कर रही है और उसके अनुसार खेलें (यही योजना है)।

श्रीलंका के कप्तान चरिथ असालंका ने अपनी टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाजी प्रदर्शन पर अफसोस जताया। हम पावरप्ले में (गेंद के साथ) अच्छे प्रदर्शन पर नहीं थे, लेकिन बाद के हिस्से में, हमने काफी मजबूत वापसी की। किसी स्तर पर, हमने सोचा था कि वे 240 तक पहुंच सकते हैं, लेकिन हमने अच्छा किया (उन्हें 213 पर रोककर)। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, मध्यक्रम ने जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे थोड़ा निराश हूं, हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे।

(अपनी ओर से) यह एक प्रयोग है, लेकिन भविष्य में हमें इसी रास्ते पर चलना चाहिए। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैच रविवार शाम को पल्लेकेले में होगा।

## पिछले 10 वर्षों में खिलाड़ियों को काफी सुविधाएं मिली हैं: पीटी उषा



**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय दल ने शनिवार को पेरिस में 33वें ओलंपिक खेलों में अपने अभियान की शुरुआत खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करने की उम्मीद के साथ की, जो देश द्वारा टोक्यो में जीते गए सात पदकों को पीछे छोड़ देगा। उस महत्वपूर्ण दिन पर जब शीर्ष पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर पदक की उम्मीदें बरकरार रखीं, आईएएनएस ने यह जानने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और महान एथलीट डॉ. पीटी उषा से मुलाकात की। जब वह प्रतिस्पर्धा कर रही थी तब से दृश्य कैसे बदल गया है। मेरे समय और अब की कोई तुलना नहीं है। मैंने अपने कोच को अपने साथ रखने का प्रबंध किया। अन्यथा, मेरे लिए तो कोई एक्सपोज़र ही नहीं था। देखिये अगर मुझे यूरोप के बाहर 3-4 रेस मिल जाती तो मैं पदक जीत सकती थी । अनुभव और एक्सपोज़र की कमी के कारण ही मैं पदक से चूक गई। तो अब देखिए पिछले 10 सालों में खिलाड़ियों को काफी सुविधाएं मिल रही हैं।

सरकार एक्सपोज़र पर बहुत पैसा खर्च कर रही है। और विदेशी कोच, फिजियो और मालिश करने वाले, जो कुछ भी वे चाहते हैं, वे प्रदान कर रहे हैं। और इसीलिए हमें परिणाम मिल रहे हैं। एशियाई खेलों में, हम 76 पदकों से सुधरकर 107 हो गए। अब (पेरिस में) हम टोक्यो से अधिक पदकों की उम्मीद कर रहे हैं। तो अब आईओए की तरफ से जिन भी खिलाड़ियों को जरूरत है हमने उनका समर्थन किया है। यहां भारतीय एथलीटों के साथ खेल विज्ञान डॉक्टरों की एक बहुत अच्छी टीम है। स्लीप थेरेपी और मानसिक कल्याण टीम उनके साथ है। इसलिए अब उन्हें अपने इवेंट पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए। अगर वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे तो मुझे उम्मीद है कि उन्हें और पदक मिलेंगे। उद्घाटन समारोह अच्छा था. लेकिन समस्या केवल यह है कि यह सब खिलाड़ियों के लिए है।

पेरिस ओलंपिक्स

## 68 साल में पहली बार मेजबान शहर से इतने किमी दूर हुआ स्पर्धा का आयोजन



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक्स में सर्फिंग का आयोजन तहिती द्वीप पर होगा जो पेरिस से 15715 किमी की दूरी पर है। इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले 48 खिलाड़ी मेजबान शहर से दूर चुनौती की।

पेरिस ओलंपिक की शुरुआत हो चुकी है और शुक्रवार को सीन नदी किनारे इसका रंगारंग कार्यक्रम भी किया गया था। खेल के इस महाकुंभ में कुछ चीजें ऐसी हुई जो पहले कभी नहीं हुई थी। इसका सबसे बड़ा उदाहरण उद्घाटन समारोह है जो किसी स्टेडियम के बजाए नदी के किनारे किया गया। वहीं, 68 वर्ष में पहली बार एक स्पर्धा का आयोजन मेजबान शहर से करीब 16000 किमी की दूरी पर आयोजित हुआ।

पेरिस ओलंपिक में सर्फिंग का आयोजन तहिती द्वीप पर होगा जो पेरिस से 15715 किमी की दूरी पर है। इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले 48 खिलाड़ी मेजबान शहर से दूर चुनौती पेश करेंगे। सर्फिंग के अलावा सेलिंग और फुटबॉल के मुकाबले क्रमशः मार्सिले और बोर्डिओक्स में आयोजित होंगे जो पेरिस से दूर हैं। सेलिंग और फुटबॉल के इवेंट्स जहां होंगे वो पेरिस से सैकड़ों किमी की दूरी पर हैं, लेकिन सर्फिंग का आयोजन मेजबान शहर से काफी दूर आयोजित हो रहा है। पेरिस ओलंपिक के अधिकारियों ने कथित तौर पर बताया कि सर्फिंग का आयोजन तहिती द्वीप पर कराने का मकसद इन खेलों को पूरे फ्रांस में लोकप्रिय बनाना था।

### मेलबर्न ओलंपिक में भी हुआ था ऐसा

इससे पहले, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 1956 मेलबर्न ओलंपिक के दौरान भी एक स्पर्धा का आयोजन मेजबान शहर से दूर कराया था। उस वक्त घुड़सवारी का आयोजन स्वीडन के स्टॉकहोम में हुआ था जो मेलबर्न से काफी दूर था। यह ऑस्ट्रेलिया की अश्व संगरोध नीतियों के कारण हुआ था, जिसने आईओसी को इस स्पर्धा को मेजबान शहर से दूर कराने के लिए मजबूर किया था।

## मुक्केबाज प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा में किम अन्ह पर शानदार जीत दर्ज की



**पेरिस, एजेंसी।** भारत की प्रीति पवार पहले दौर के मुकाबले में शानदार जीत के साथ मुक्केबाजी में महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। हरियाणा के भिवानी की 20 वर्षीय खिलाड़ी ने नॉर्थ पेरिस एरेना में राउंड 32 में वियतनाम के वो थी किम अन्ह को 5-0 से हरा दिया।

अब उनका मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त कोलंबिया की येनी एरियास से होगा। शनिवार की पूरी बाउट के दौरान प्रीति ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को लय हासिल नहीं करने दी। शुरुआत में भारतीय मुक्केबाज को कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा लेकिन फिर उन्होंने शानदार वापसी की और पहला मुकाबला जीत लिया। 14 साल की उम्र में, प्रीति को उनके चाचा विनोद ने मुक्केबाजी से परिचित कराया, जो खुद राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता मुक्केबाज थे।

विनोद ने प्रीति के पिता, जो हरियाणा पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) के रूप में काम करते हैं, को उन्हें मुक्केबाजी में हाथ आजमाने के लिए मना लिया और उन्हें कोचिंग देना शुरू कर दिया।

बॉक्सिंग में करियर बनाने के लिए प्रीति को अपने परिवार से पूरा सहयोग मिला और उन्होंने उनके विश्वास को कम नहीं होने दिया। हालाँकि उन्होंने थोड़ी देर से शुरुआत की, छह साल में, प्रीति ने घरेलू सर्किट से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक प्रगति की, पिछले साल हांगझाऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता और अपनी पहली विश्व चैम्पियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया। अब वह ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर अपना सपना पूरा करने की उम्मीद कर रही हैं।

## पीवी सिंधु की जीत के साथ शुरुआत



**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक्स में जीत के साथ शुरूआत करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को 21-9, 21-6 से हराकर ग्रुप स्टेज का पहला मैच जीत लिया। मालदीव की अब्दुल रज्जाक 10वीं वरीयता प्राप्त भारतीय, 2 बार पदक जीतने वाले खिलाड़ी के सामने टिक नहीं सकी।

सिंधु की मजबूत शुरुआत से उन्हें अपने ग्रुप स्टेज के बाकी मैचों में अविश्वसनीय आत्मविश्वास मिलेगा। सिंधू ग्रुप के अपने दूसरे मैच में बुधवार को दुनिया की 75वें नंबर की खिलाड़ी एस्टोनिया की क्रिस्टिन कूबा से भिड़ेंगी। ओलंपिक से पहले सिंधु की फॉर्म अच्छी नहीं रही लेकिन उन्होंने प्रकाश पादुकोण की निगरानी में पिछले कुछ महीनो से कड़ा अभ्यास किया है और वह ओलंपिक पदक की हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिंधु ने पोर्टे डे ला चैपल एरिना में अभ्यास सत्र के बाद कहा था, 'निश्चित रूप से पदक जीतना मेरा लक्ष्य है। यह पहला हो या दूसरा या फिर तीसरा यह मायने नहीं रखता। मैंने दो पदक जीते हैं और मैं तीसरे पदक के बारे में सोच कर खुद पर दबाव नहीं बनना चाहती हूं।

## 24 करोड़ लोग, सात एथलीट्स, पेरिस ओलंपिक में कमेंटेटर के इस बयान से भड़के पाकिस्तानी



**पेरिस, एजेंसी।** पाकिस्तान के दल में 18 सदस्य हैं और इसमें सात खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि कुल 11 अधिकारी इस वैश्विक प्रतियोगिता के लिए फ्रांस गए हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान, एक कमेंटेटर ने कुछ ऐसा कहा जिससे सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ गया। पाकिस्तान का 18 सदस्यीय दल 2024 ओलंपिक खेलों के लिए फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंच गया है। रंगारंग उद्घाटन समारोह के बाद शुक्रवार को जब इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तो कमेंटेटर ने पाकिस्तान को लेकर कुछ ऐसा कहा जिसने सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा कर दिया है। कमेंटेटर की टिप्पणियों से सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी फैंस में नाराजगी है और उन्होंने इसे जाहिर भी किया है। दरअसल, पाकिस्तान के दल में 18 सदस्य हैं और इसमें सात खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि कुल 11 अधिकारी इस वैश्विक प्रतियोगिता के लिए फ्रांस गए हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान, एक कमेंटेटर ने कथित तौर पर कहा, पाकिस्तान 240 मिलियन (24 करोड़) से अधिक लोगों का देश है, लेकिन केवल सात एथलीट ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस टिप्पणी से कई पाकिस्तानी लोग भड़क गए। पाकिस्तान के कई पत्रकारों ने उद्घाटन समारोह का वीडियो साझा किया, जहां कमेंटेटर ने टिप्पणी की और कहा कि इससे पाकिस्तानी लोग निराश और शर्मिंदा हुए।

# बांग्लादेश को योजना के मुताबिक महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करने का भरोसा




**ढाका एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि वे देश में चल रही राजनीतिक अशांति और आपातकाल के बावजूद आगामी महिला टी20 विश्व कप की योजना के अनुसार मेजबानी को लेकर आश्वस्त हैं।

इससे पहले, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि वह बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रख रही है, जहां सड़कों पर हत्याओं और विरोध प्रदर्शनों के बाद राय के मामले को नियंत्रित करने के लिए सरकार को पिछले सप्ताह आपातकाल लगाना पड़ा था जिसे अभी तक हटाया नहीं गया है। महिला टी20 विश्व कप 3 से 20 अक्टूबर तक निर्धारित है, दस टीमें बांग्लादेश के दो स्थानों पर 18 दिनों में 23 मैच खेलेंगी- ढाका में शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट में सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम। बीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निज़ामुद्दीन चौधरी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, आज तक मुझे बस इतना पता है कि हम योजना के अनुसार आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहे हैं और हम उसी के अनुसार काम कर रहे हैं।

बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन और मुख्य कार्यकारी कोलंबो में आईसीसी बैठक में भाग लेने के बाद शुक्रवार (26 जुलाई) को ढाका लौट आए। बीसीबी महिला विंग की अध्यक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के वर्तमान संसद सदस्य शफीउल आलम चौधरी नडेल ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि उनके पास टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पर्याप्त समय है।

जब शफीउल का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया गया तो उन्होंने इस वेबसाइट से कहा, हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सब कुछ ठीक हो जाएगा. उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई और इंग्लैंड की टीम ने पहले मुश्किल समय में यहां का दौरा किया था जब राजनीतिक स्थिति काफी हिंसक थी या कहें कि जब कोरोना था। उन्होंने कहा, स्थिति ऐसी नहीं है और दिन बीतने के साथ स्थिति में सुधार हो रहा है और हम टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर आशान्वित हैं और हम अपनी योजना के अनुसार तैयारी कर रहे हैं।

## एक नजर

### नहर किनारे मिला शव

**जम्होर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** जम्होर में शनिवार की देर शाम अज्ञात शव मिलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार जम्होर थाना क्षेत्र के धंनहारा सोन केनाल के पास ग्रामीणों ने नहर के किनारे एक शव को तैरते देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने जम्होर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर जम्होर थाना के एसआई तारकेश्वर कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई है। जम्होर थानाध्यक्ष राज किशोर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली की एक शव धंनहारा सोन केनाल में लगभग 40 साल के व्यक्ति का मिला है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर रात में ही पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि शव करीब 4-5 दिनों का है। क्षत-विक्षत अवस्था में शव मिला है। शायद शव बारुण की ओर से बहते हुए आया हो। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जम्होर थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पहचान करने के लिए पोस्टमॉर्टम के बाद थाना के शव गृह में 72 घंटा तक रखा जाएगा। 72 घंटा बाद भी अगर इसका पहचान नहीं होता है तो शव को पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### आशुतोष महाराज के शिष्यों ने मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**पटना (नि.सं.)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा स्थानीय ज्ञान भवन में रविवार को श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव - 2024 का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ वैदिक स्तुति पाठ कर किया गया। स्तुति पाठ के तहत शुक्ल-यजुर्वेदीय रुद्राष्टाध्यायों का वाचन दिव्य ज्योति वेद मंदिर द्वारा प्रशिक्षित ब्रह्मज्ञानी वेदपाठियों द्वारा किया गया। वेदपाठ के बाद विधिवत गुरुपूजा कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके बाद गुरु आशुतोष महाराज के तैलचित्र के आगे उनके भक्तों द्वारा भजन स्तुति अर्पित की गई। वाद्य यंत्रों की धुन एवं सरस भजनों के माध्यम से वहां मौजूद भक्त व श्रद्धालु गुरुपूजा में लीन हो गए। भजन के बाद आशुतोष महाराज के शिष्य एवं दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के राष्ट्रीय सचिव स्वामी नरेंद्रानंद ने सभागार में मौजूद श्रद्धालुओं व आशुतोष महाराज के शिष्यों को गुरुभक्ति, गुरु-शिष्य का पवित्र संबंध और आध्यात्मिक उन्नति के सूत्र के बारे में बातें की। नरेन्द्रानंद के प्रवचन के बाद भक्तों ने साधना-ध्यान सत्र भाग लिया। यहां सभी ने सामूहिक ध्यान साधने का प्रयास किया। वक्ताओं ने बताया कि ध्यान साधकर आत्मिक जाग्रति के मार्ग को प्रशस्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का सम्पूर्ण संचालन बिहार शाखा के संयोजक स्वामी यादवेन्द्रानन्द द्वारा किया गया।

अभिषेक रात को करीब 9 बजे खाना खाकर सोने गया था लेकिन सुबह वह कमरे में नहीं मिला

# बिजली के पोल से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

- **अभिषेक एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखता था, उसके पिता किसान हैं और अभिषेक परिवार का सबसे छोटा सदस्य था। वह बीए की पढ़ाई कर रहा था।**



निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के देव प्रखंड में बाबू बीघा स्थित सामुदायिक भवन के पास रविवार की सुबह एक युवक का शव बिजली के पोल से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान 23 वर्षीय अभिषेक कुमार के रूप में हुई है, जो खड़ग बीघा गांव निवासी रामजी यादव का बेटा था। अभिषेक बीए की पढ़ाई कर रहा था और अपने परिवार का सबसे छोटा सदस्य था। स्थानीय लोगों ने जब सुबह पोल से लटकते शव को देखा तो तुरंत पुलिस को सूचित किया। देव थानाध्यक्ष विकास कुमार, एसआई सुशील कुमार, और एसआई नीतीश कुमार की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रामजी यादव ने बताया कि अभिषेक रात को करीब 9 बजे खाना खाकर सोने गया था लेकिन सुबह वह कमरे में नहीं मिला। परिवार ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब उसका पता नहीं चला, तो उनकी चिंता बढ़ गई।

मृतक के परिवार ने आशंका जताई है कि अभिषेक की गला दबाकर हत्या की गई है। इस घटना से परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक के पिता ने कहा कि अभिषेक का कोई दुश्मन नहीं था और वह एक सीधा-सादा युवक था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। देव थानाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस ने यह भी बताया कि हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटनास्थल से कोई संदिग्ध वस्तु या सबूत नहीं मिले हैं, जिससे घटना की वजह का तुरंत पता चल सके। अभिषेक एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखता था। उसके पिता रामजी यादव एक किसान हैं और तीन बेटे और तीन बेटियों के पिता हैं। अभिषेक उनके परिवार का सबसे छोटा सदस्य था और बीए की पढ़ाई कर रहा था। उसके दोस्त और रिश्तेदार उसे एक मेहनती और पढ़ाई में रुचि रखने वाले युवक के रूप में याद कर रहे हैं। पुलिस अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जो मामले में कई सवालों के जवाब दे सकती है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या जानकारी को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें, ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके। मामले की जांच जारी है और पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने का संकल्प लिया है।

पुलिस ही नहीं अब बिहार पुलिस के कुत्ते भी ढूंढ़ रहे शराब

# पुलिस ने अवैध शराब की तलाश में कुत्तों की सेवाएं लीं, 15 लीटर शराब बरामद

निज संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार की पुलिस अब अवैध शराब की तलाश में कुत्तों की भी सेवाएं ले रही है। पुलिस डॉक स्क्वायड के कुत्तों के साथ डगर-डगर अवैध शराब की तलाश में लगी है। डॉग स्क्वायड के सहयोग से ही औरंगाबाद के हसपुरा थाना की पुलिस ने शनिवार को 15 लीटर अवैध शराब बरामद किया है। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर पुलिस अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। अभियान में डॉग स्क्वायड का भी सहारा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को हसपुरा थाना क्षेत्र में डॉग स्क्वायड के सहयोग विभिन्न इलाकों में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 15 लीटर देसी महुआ चुलाई शराब के साथ करण बिगहा निवासी कारू चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। मामले मे पुलिस बिहार मद्य उत्पाद निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## चाकू से गर्दन पर वार कर किया युवक को घायल

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के अमझरशरीफ गांव में एक व्यक्ति पर धारदार तलवार से हमला कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। हसपुरा थाना में दिये आवेदन अनुसार मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल निवासी मंजूर शेख, जो अमझर शरीफ में रह कर राजमिस्त्री का काम करता है। बताया कि 21 जूलाई को अमझरशरीफ में काम कर रहा था। इसी दौरान शाम लगभग 3 बजे अमझरशरीफ गांव निवासी राजा कुरैशी आया और धारदार तलवार से हमारे गर्दन पर हमला कर दिया। लहूलुहान अवस्था में स्थानीय लोगों ने मुझे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने औरंगाबाद सदर हॉस्पिटल रेफर कर दिया। हालत ठीक होने पर हमने हसपुरा थाना में आवेदन दिया। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि मारपीट का आवेदन मिला है। मामले में अनुसंधान जारी है। दोषी को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।

# 31 अगस्त को बभंडी में होगी बाबा गणिनाथ की पूजा



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य हलवाई सभा की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में बभंडी में बाबा गणिनाथ का 94वां जन्मोत्सव मनाने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 अगस्त को बभंडी में बाबा गणिनाथ की पूजा धूमधाम से की जाएगी। बैठक में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए युवा जिलाध्यक्ष रंजन को मनोनीत किया गया। बैठक में कुलदीप प्रसाद गुप्ता, रामस्वरूप साव, बलम साव, अजीत प्रसाद, शिक्षक शिवदास प्रसाद, बबन प्रसाद, बच्चन साहब, गुड्डु कुमार, मुकेश कुमार एवं कार्यक्रम के वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र उपस्थित रहे। सभा का संचालन मुख्य संरक्षक दिलीप प्रसाद ने किया।

# परिभ्रमण पर जाने से बच्चों का बढ़ता है सामान्य ज्ञान

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय भुरकुंडा के बच्चों को परिभ्रमण के लिए रवाना किया गया। परिभ्रमण दल को बिईओ अशोक कुमार ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। परिभ्रमण दल को रवाना करने से पूर्व बच्चों को संबोधित करते हुए बिईओ श्री कुमार ने कहा कि आप जिस ऐतिहासिक स्थल, सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का साक्षात दर्शन करें तो उसके बारे में साथ जा रहे अपने शिक्षक-शिक्षिका से जानकारी प्राप्त कर नोट कर लें। इससे आप के सामान्य ज्ञान में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि परिभ्रमण से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। कहा कि परिभ्रमण से बच्चों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक समझ बढ़ती है। साथ ही परिभ्रमण पर बच्चों को ले जाने से उनका संवेगात्मक विकास होता है। भिन्न-भिन्न सामाजिक परिवेश एवं संस्कृति के लोगों से मिलना होता है। बच्चों को मानसिक रूप से विकसित करने के लिए यह परिभ्रमण योजना महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत बच्चों के दल को हर साल परिभ्रमण पर ले जाया जाता है। ताकि बच्चे भौगोलिक और ऐतिहासिक रूप से दुनिया को जान सके और उसके प्रति समझ विकसित हो सके। वही प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने कहा कि परिभ्रमण से बच्चे को धार्मिक व पर्यटक स्थल का ज्ञान होता है, साथ ही मानसिक विकास होता है। सरकार के इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को पठन पाठन की ललक बढ़ी है। बच्चे को परिभ्रमण से नई नई चीजें देखने व जानने का सुनहरा अवसर मिलता है। बच्चों के परिभ्रमण दल के शिक्षक अनिल कुमार, राजेश कुमार, उत्तमा सिंह, अजय कुमार, सरवेश कुमार, अमित कुमार, माया कुमारी, पूनम कुमारी, सुमिता कुमारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

# नाबालिग लड़की का अपहरण मां ने दर्ज कराई प्राथमिकी

निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के चहुंटा गांव से एक 16 वर्षीया नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। मामले में लड़की की मां द्वारा हसपुरा थाना में दिये गये आवेदन अनुसार 19 जुलाई को लड़की अपने घर से कॉलेज में एडमिशन कराने को बोल कर निकली थी, जो अभी तक वापस नहीं आई है। सब जगह पता करने के बावजूद भी कुछ पता न चला। इस दौरान गांव के हीं अखिलेश चौधरी के बेटा अनूप कुमार एवं रवि कुमार ने फोन कर धमकाया तो थक हार कर थाने में आवेदन दी।

आवेदन के अनुसार इन दोनों लड़के पर अपनी बिटिया का अपहरण करने का आरोप लगाया है। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले में हर बिन्दु पर अनुसंधान जारी है। लड़की की सकुशल बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी चल रही है।

## रोटरी पटना एयरपोर्ट ने मनाया दूसरा वार्षिकोत्सव

**पटना (नि.सं.)।** रोटरी पटना एयरपोर्ट ने एक होटल में दूसरा वार्षिकोत्सव मनाया। इस मौके पर क्लब का इंस्टॉलेशन समारोह भी आयोजित हुआ। इस समारोह में क्लब के वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गर्वनर बिपिन चाचान और डिस्ट्रिक्ट की पहली महिला रोटेरियन शिल्पी चाचान बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रही। उन्होंने क्लब के सदस्यों को रोटरी से प्राप्त होने वाले प्रत्यक्ष लाभों से अवगत कराया। अधिक से अधिक वित्तीय सहायता व सहयोग का भी आश्वासन दिया।

# दिल्ली कोचिंग हादसे में बिहार की बेटी की मौत

निजसंवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से शनिवार की रात जिन तीन विद्यार्थियों की मौत हुई है, उनमें से एक छात्रा तान्या सोनी उर्फ तनु (24 वर्ष) औरंगाबाद जिले के नवीनगर की रहने वाली थी। तान्या करीब डेढ़ साल से दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। इस घटना की जानकारी परिजनों को टीवी पर प्रसारित समाचार से मिली। जिसके बाद परिजन सकते में आ गए। उन्होंने फोन कर दिल्ली के अपने परिचितों से कुछ जानकारी जुटायी तो तो पता चला कि तान्या की मौत पानी में डूबने से हो गई है। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। तान्या औरंगाबाद जिले के नवीनगर पंचायत क्षेत्र के मस्जिद गली निवासी विजय सोनी की बेटी थी। नवीनगर में पैतृक घर पर जब हादसे की सूचना मिली तो मृतका के दादा गोपाल प्रसाद सोनी रोने बिलखने लगे। रविवार की सुबह होते-होते पैतृक आवास पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई।

गोपाल प्रसाद सोनी ने बताया कि तान्या सोनी पढ़ने में बहुत तेज थी। उसे उम्मीद थी कि एक दिन वह भी यूपीएससी में सफलता प्राप्त कर देश की सेवा करेगी। एक हादसे ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तान्या के पिता विजय सोनी तेलंगाना में इंजीनियर हैं और वहीं अपनी पत्नी के साथ रहते हैं।

तान्या का एक छोटा भाई आदित्य सोनी हैदराबाद और छोटी बहन पलक सोनी उर्फ गुनगुन इलाहाबाद में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। मृतका के माता-पिता दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। शनिवार की शाम तान्या अपने कुछ दोस्तों के साथ लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ाई कर रही थी। इस बीच बेसमेंट में पानी भरने लगा और उसमें डूबने से उसकी मौत हो गई।

## अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में किलकारी के देवप्रकाश को स्वर्ण

**पटना (नि.सं.)।** किलकारी बाल भवन का छात्र देवप्रकाश ने आठवीं अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीता है। देवप्रकाश को जूनियर प्लस 76केजी आयुवर्ग में स्वर्ण पदक मिला है। इसका आयोजन 26 से 28 जुलाई तक नेताजी इंडोर स्टेडियम कोलकाता में हुआ था। इससे पहले देवप्रकाश दुबई में आयोजित वर्ल्ड कराटे फेडरेशन की ओर से 153 रैंक प्राप्त किया था। वहीं 16 से 23 दिसंबर, 2023 को आयोजित 67वीं नेशनल स्कूल गेम्स 2023-24 के अंडर-17 में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके अलावा आठ अप्रैल से चार मई 2024 तक देहरादून में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था।

# नगरपालिका कानून में संशोधन कर पार्षदों का अधिकार खत्म कर रही सरकार

- **पार्षद सुनील कुमार ने नगर विकास एवं आवास विभाग पर नगर निकायों की स्वायतता खत्म करने का आरोप लगाया। वार्ड समिति नियमावली 2013 के प्रावधानों का पालन नहीं होने पर नगर प्रशासन और सरकार को जिम्मेदार ठहराया।**

निज संवाददाता

**पटना।** मजिस्ट्रेट कॉलोनी में रविवार को बिहार वार्ड पार्षद संघ की बैठक हुई। इसमें पार्षदों के अधिकार कम किए जाने पर चिंता जाहिर की गई। पटना नगर निगम के पार्षद विनय कुमार पप्पू और सुनील कुमार ने शहर के विकास में वार्ड पार्षद की भूमिका एवं राज्य सरकार द्वारा नगरपालिका एक्ट में संशोधन कर अधिकार सीमित करने का आरोप लगाते हुए चिंता जतायी। पार्षद सुनील कुमार ने कहा कि हाल में नगर विकास एवं आवास विभाग नगरपालिका अधिनियम में संशोधन कर नगर निकायों की स्वायतता खत्म करने की कोशिश कर रहा है। वार्ड समिति नियमावली 2013 में किए गए प्रावधानों का पालन नगर निकाय स्तर पर नहीं किए जाने के लिए नगर प्रशासन और सरकार जिम्मेदार है। बैठक में मौजूद सूबे के कई मेयर, मुख्य पार्षदों ने नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी और नगर आयुक्त की भूमिका पर रोष प्रकट किया। उनका कहना था कि वार्ड पार्षदों के अधिकारों का हनन निकाय स्तर पर किया जा रहा है। वार्ड के विकास के लिए पार्षदों द्वारा की गई अनुशंसाओं को नगर निकाय के पदाधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत नालंदा के वार्ड पार्षद पंकज कुमार ने की। संचालन नगर पंचायत फतेहपुर के शुभम सेठ ने किया। इसमें राज्यभर से आए नगर निकायों के वार्ड पार्षद शामिल हुए। इसमें जित कुमार, रानी कुमारी, ओमप्रकाश सोनू, मंटू पांडेय, शाहवाज खान, अमित कुमार, नीतीश कुमार, ज्ञान प्रकाश, रामपदारथ सिंह, अखिलेश कुमार, हरे कृष्णा, पंकज राय, कामेश्वर कुमार आदि मौजूद थे।

# चेतना समिति मिथिलांचल के सभी जिलों में कराएगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

निज संवाददाता

**पटना।** विद्यापति भवन में चेतना समिति का वार्षिक महाधिवेशन रविवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शामिल सदस्यों ने चेतना समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए उसे जनोपयोगी बनाने की मांग की। चेतना समिति के सचिव उमेश मिश्र ने इस मौके पर समिति का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें पिछले वर्ष किए गए कार्यों के साथ-साथ भविष्य की कार्य योजना का उल्लेख था।

समिति अपने कार्यकलाप में विस्तार करते हुए मिथिलांचल के सभी जिलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विचार गोष्ठी, कवि सम्मेलन आदि आयोजित करेगा। अध्यक्ष निशा मदन झा ने समिति के कार्य संचालन को बहु आयामी बनाने में सभी का सुझाव आमंत्रित किया। समारोह में उपाध्यक्ष डॉ.प्रेमलता मिश्र प्रेम, अरूण कुमार झा, ऋषि मिश्र, डॉ.शीला चौधरी, मंजू झा, मनोज कुमार झा, अनिल कुमार झा, जयदेव मिश्र, मदन कुमार पाठक, विजय कुमार मिश्र, विवेकानंद झा, शिशिर चंद्र मिश्र, प्रशांत कांत, अरविन्द ठाकुर, अम्बरीश कांत, ललित कुमार झा, जगत नारायण चौधरी आदि मौजूद रहे।

# महामना मालवीय मिशन का राष्ट्रीय अधिवेशन 14 से

निज संवाददाता

**पटना।** हिन्दी दिवस के अवसर पर बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पढ़े देशभर के छात्र राजधानी पटना में पहुंच रहे हैं। 14 और 15 सितंबर को आईआईटी पटना में हिंदी दिवस समारोह सह महामना मालवीय मिशन का राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा है। इसकी तैयारी तेज हो गई है।

शनिवार की शाम राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए तैयार हो रही स्मारिका को लेकर इसकी समिति की विशेष बैठक बुद्ध मार्ग स्थित एक कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता महामना मालवीय मिशन के बिहार इकाई अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने की। बैठक में स्मारिका के संरक्षक व सेवानिवृत्त आईएएस राम उपदेश सिंह विदेह ने कहा कि स्मारिका के जरिए महामना के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। स्मारिका में देश भर के विद्वानों के आलेख प्रकाशित होंगे। बैठक में बनारस यूनिवर्सिटी के छात्र रहे व मिड डे मील निदेशक मिथिलेश मिश्रा, आलोक कुमार, संजय कुमार सिंह, दीपक दक्ष, मनित कुमार, प्रदीप राय, आरके चतुर्वेदी सहित स्मारिका समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433